

# दैनिक विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2009/35176

इंदौर

बुधवार, 07 मई 2025

वैशाख शुक्ल पक्ष - 09

वर्ष : 16 अंक : 222

कुल पृष्ठ : 12

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!


खुश रहने के लिए छोड़ी कप्तानी ...11

भारत ने दो मोर्चों पर तैयारी की तेज... आतंकिस्तान की टेंशन बढ़ी...

# बॉर्डर से लेकर देशभर में आज मॉक ड्रिल

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारतीय वायु सेना आज बुधवार से भारत-पाकिस्तान सीमा पर रेगिस्तानी क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में अभ्यास करेगी। इस अभ्यास में राफेल, मिराज 2000 और सुखोई-30 सहित सभी अग्रणी विमान भाग लेंगे। इसको लेकर भारत की ओर नोटम जारी किया गया है।**

वहीं केंद्र के गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पत्र भेजा। जिसमें कहा गया कि वे 7 मई को मॉक ड्रिल (अभ्यास) करें, ताकि किसी भी दुश्मन देश के हमले की स्थिति में तैयारी पूरी रहे। यह कदम पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को देखते हुए उठाया गया है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, देश के 244 सिविल डिफेंस जिलों में यह अभ्यास किया जाएगा। पत्र में कहा गया है कि यह अभ्यास गांव स्तर तक किया जाएगा। इसका उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सिविल डिफेंस (नागरिक सुरक्षा) व्यवस्था की तैयारी की जांच करना और उसे बेहतर बनाना है।



## देश में कहां-कहां होगी मॉक ड्रिल

देश के 300 से ज्यादा जिलों मसिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि वे इस अभ्यास को गंभीरता से लें और अपनी सुरक्षा तैयारियों को परखें। केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में लोगों की सक्रिय सहभागिता के साथ 'मॉक' अभ्यास करने पर विस्तार से चर्चा की गई। पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच उभरे 'नए और जटिल खतरों' को देखते हुए गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से मॉक ड्रिल करने को कहा है। ड्रिल के दौरान शिक्षण संस्थानों के छात्रों, निजी संस्थानों के कर्मचारियों, के अलावा पुलिस, और रक्षा बलों के वर्दीधारी कर्मियों को भी शामिल करेंगे।

### 3 कैटेगरी में बंटे देश के कुल 259 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट

कुल 259 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को इनके इंपोर्टेंस या सेंसेटिविटी के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटेगरी 1 में वो डिस्ट्रिक्ट हैं जो सबसे सेंसेटिव हैं। ऐसे कुल 13 डिस्ट्रिक्ट हैं। जैसे- उत्तर प्रदेश में केवल 1 डिस्ट्रिक्ट - बुलंदशहर कैटेगरी 1 में है क्योंकि यहां नरौरा न्यूक्लियर प्लांट मौजूद है। इसी तरह कैटेगरी 2 में 201 जबकि कैटेगरी 3 में 45 डिस्ट्रिक्ट हैं।

### ड्रिल में मशालें मोमबत्तियां और नकदी तैयार रखें

सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्रालय में चल रही बैठक में देश भर में 244 नागरिक सुरक्षा प्रतिष्ठानों की स्थिति की समीक्षा की जा रही है। समीक्षा इस बात पर केंद्रित है कि मौजूदा उपकरण काम कर रहे हैं या उनकी मरम्मत की आवश्यकता है। बैठक में यह भी देखा जा रहा है कि आपातकालीन हालात में नागरिकों को कैसे प्रशिक्षित किया जाए। हवाई हमले के सायरन के प्रति जनता की प्रतिक्रिया, ब्लैकआउट के दौरान की जाने वाली कार्रवाई और आवश्यक आपूर्ति की तैयारियों पर भी बात की गई। अधिकारियों ने संभावित इलेक्ट्रॉनिक विफलता के लिए तैयार रहने के लिए घरों में चिकित्सा किट, मशालें, मोमबत्तियां और नकदी रखने की जरूरत पर जोर दिया।

### प्रदेश के पांच शहरों में होगी मॉकड्रिल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बुधवार को पांच शहरोंमें नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल का आयोजन होगा। शाम 4 बजे सायरन के माध्यम से खतरे की सूचना, ब्लैकआउट और दुर्घटना की स्थिति में राहत व बचाव जैसे कार्यों का अभ्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को होने वाली नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल को लेकर सभी जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए हैं। मॉकड्रिल में मध्यप्रदेश के पांच प्रमुख नगर- इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद ने लिए फैसले

# पंचमढ़ी को मिली विकास की राह नक्सल मोर्चे पर बढ़ेगी निगरानी

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में आयोजित हुई। बैठक में पचमढ़ी नगर के 395.931 हेक्टेयर क्षेत्र को अभयारण्य की सीमा से बाहर करते हुए नजूल भूमि घोषित कर दिया है। इससे क्षेत्र में जमीन की खरीद-फरोख्त और विकास कार्य अब संभव हो सकेंगे। इस निर्णय के बाद अब सरकार पचमढ़ी को टूरिस्ट प्लेस के रूप में विकसित करने और पर्यटकों के लिए ज्यादा



से ज्यादा सुविधाएं बढ़ाने के लिए विकसित कर सकेंगी। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

वहीं बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जैसे नक्सल प्रभावित जिलों में सरकार 850 स्थानीय कार्यकर्ताओं की एक वर्ष के लिए नियुक्ति करेगी। पेंशन प्रकरणों के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल के गठन को स्वीकृति दी गई। वहीं नव गठित जिलों में आपूर्ति और नामतौल विभाग स्थापित करने की स्वीकृति दी गई।

### दिव्यांग खिलाड़ियों को मिलेगा सम्मान

पेरिस में दिव्यांग ओलंपिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मध्यप्रदेश के ब्लाइंड जूडो खिलाड़ी कपिल परमार और शूटिंग में रूबिना फ्रांसिस को एक-एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इससे पहले दोनों को 50-50 लाख दिए जा चुके थे। शेष 50 लाख की राशि अब स्वीकृत की गई है। बता दें मुख्यमंत्री द्वारा पैरा-ओलम्पिक खिलाडी बिना फ्रांसिस और कपिलको उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर 1 करोड़ रूपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की थी।

### पहलगाम : ब्लेटप्रूफ जैकेट पहनकर घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** सुरक्षाबलों ने बायसरन इलाके में एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा है। वह बुलेटप्रूफ जैकेट का कवर पहने हुए था। सुरक्षाबलों ने उसे तुरंत हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू कर दी है। इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की है। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति को सीमा पार करते समय गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह व्यक्ति सीमा पार आया या किसी नियोजित घुसपैठ की मंशा से। सेना और सुरक्षा एजेंसियां मिलकर इस घटना की व्यापक जांच कर रहे हैं। आगे की कार्रवाई पूछताछ के आधार पर की जाएगी।

## मप्र बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित : 10वीं में 76.22 और 12वीं में 74.48 प्रतिशत परीक्षार्थी हुए पास

### 10वीं में सिंगरौली की प्रज्ञा और 12वीं में मैहर की प्रियल बनी टॉपर

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सुबह 10 बजे एक क्लिक से परिणाम जारी किया।**

10वीं में 76.22 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए हैं। यह पिछले वर्ष की तुलना में 18.12 प्रतिशत अधिक है। 2024 में 58.10 प्रतिशत परीक्षार्थी ही सफल हो पाए थे। 12वीं का परिणाम भी 9.99 प्रतिशत तक सुधरा है। इसमें



प्रज्ञा जायसवाल



प्रियल द्विवेदी

74.48 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। पिछले वर्ष 12वीं का परिणाम 64.49 प्रतिशत ही रहा था।

हर बार की तरह इस बार भी दोनों कक्षाओं में बेटियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर परचम लहराया है। इस वर्ष 10वीं में 79.27 प्रतिशत छात्राएं और 73.21 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। राज्य स्तरीय मेधावी सूची में कुल 212 विद्यार्थियों ने स्थान पाया है, इनमें 144 बालिकाएं शामिल हैं।

10वीं में सिंगरौली की प्रज्ञा जायसवाल ने 500 अंकों की परीक्षा में 500 अंक पाकर पहला स्थान हासिल किया है। वहीं मैहर की प्रियल द्विवेदी ने मैथ्स-साइंस में 500 में से 492 नंबर हासिल कर प्रदेश में टॉप किया है। वहीं 12वीं में 77.55 प्रतिशत छात्राएं और 71.37 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। 12वीं की राज्य स्तरीय मेधावी सूची में 159 विद्यार्थियों ने स्थान पाया है, इनमें 89 बालिकाएं हैं। सीएम ने सभी को बधाई दी।

कैशलेस ट्रीटमेंट योजना लागू

## सड़क हादसे के घायलों का तुरंत होगा मुफ्त इलाज

नई दिल्ली, एजेंसी

सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों और उनके परिवारजनों के लिए बड़ी राहत का ऐलान हुआ है। सड़क परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, अगर कोई सड़क हादसा मोटर वाहन की वजह से होता है, तो उसमें घायल व्यक्ति का इलाज इस स्कीम के तहत किया जाएगा। इसके तहत घायल का कैशलेस इलाज किया जाएगा, चाहे उसके साथ हादसा किसी भी सड़क पर हुआ है। इसके लिए घायल को 1.5 लाख रुपए तक किसी तरह का कोई पेमेंट करने की जरूरत नहीं होगी। डेढ़ लाख से ऊपर खर्च पर खुद पैसे देने होंगे अस्पताल को प्राथमिक उपचार के बाद बड़े



अस्पताल में रेफर करना है तो उस अस्पताल को सुनिश्चित करना होगा कि जहां रेफर किया जा रहा है, वहां मरीज को दाखिला मिले। डेढ़ लाख तक कैशलेस इलाज होने के बाद उसके भुगतान में नोडल एजेंसी के रूप में ह्रह्ढ काम करेगा, यानी इलाज के बाद मरीज या उनके परिजन को डेढ़ लाख तक की रकम का भुगतान नहीं करना है। यदि इलाज में डेढ़ लाख से ज्यादा का खर्च आता है तो बढ़ा बिल मरीज या परिजन को भरना होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले...

## भारत का पानी भारत के हक में बहेगा और भारत के काम आएगा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- दशकों तक हमारी नदियों के पानी को झगड़े का मुद्दा बना रहा। हमारी सरकार ने नदियों को जोड़ने का बड़ा फैसला किया है। आजकल मीडिया में पानी को लेकर बहुत बातें चल रही हैं। पहले भारत के हक का पानी भी बाहर जा रहा था। अब भारत का पानी भारत के हक में बहेगा, हक में रुकेगा और भारत के ही काम आएगा। मोदी मंगलवार को एक न्यूज चैनल के समिट में बोल रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एअर इंडिया को बचाया 2014 से पहले हमारे बैंक बर्बाद होने की कगार पर थे। आज भारत का बैंकिंग सेक्टर दुनिया के सबसे मजूबत सिस्टम में एक है। रिकॉर्ड फायदे में है। जमा करने वालों का इसका फायदा है। हमारी सरकार ने बैंकिंग में रिफॉर्म किए। छोटी बैंक को मर्जर किया।




### हमारी एक ही पॉलिसी, नेशन फर्स्ट

पीएम मोदी ने कहा कि देश का हित सर्वोपरी रखा जाए, ये जरूरी है। देश के सामर्थ्य पर भरोसा की जाए। लेकिन दशकों से देश में विपरित धारा वही, इसका देश ने बहुत नुकसान उठाया। पहले कोई भी बड़ा कदम उठाने के पहले ये सोचा जाता था कि दुनिया क्या सोचेगी। वोट मिलेगा या नहीं मिलेगा, कुर्सी मिलेगी या नहीं, वोट बैंक छिटकेगा तो नहीं। अलग-अलग स्वार्थ के कारण बड़े फैसले टलते ही जा रहे थे। कोई भी देश ऐसे आगे नहीं बड़ता है। देश तब आगे बढ़ता है जब एक पॉलिसी हो, नेशन फर्स्ट, राष्ट्र प्रथम। बीते एक दशक इसी नीति को लेकर भारत आगे बढ़ रहा है। जो हमने देखा है।







## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षकों से लगातार संवाद कर शिक्षा को रोजगार से जोड़ने के हो रहे प्रयास



**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग के नीति संवाद श्रृंखला में कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में शिक्षा को रोजगार से जोड़ने और शिक्षा के गुणात्मक सुधार पर शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विषय-विशेषज्ञों के बीच विचार विमर्श हुआ। विशेषज्ञों ने बताया कि शिक्षा को भारतीय मूल्यों और संस्कृति पर आधारित बनाते हुए रोजगार से जोड़ना अत्यंत जरूरी है। इन उद्देश्यों की प्राप्ति करके हम विकसित मध्यप्रदेश 2047 के उद्देश्यों को प्राप्त कर सकेंगे। सत्र के प्रारंभ में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में रहा है। प्रदेश में शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रभावी प्रयास निरंतर किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पाठ्यक्रम को इस तरह से तैयार किया गया है कि विद्यार्थी उच्च शिक्षा में जितने साल भी पढ़ाई कर लें उसे मूल्यांकन के बाद उस अवधि का सर्टिफिकेट देने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में हाल ही में जिन स्थानों पर हवाई पट्टी है, वहां पर युवाओं के लिये एविऐशन के कोर्स प्रारंभ किये गये है।इसी तरह आज के दौर के कई व्यवसायिक कोर्स की शुरूआत की गई है। परिचर्चा का संचालन सलाहकार सामाजिक अवसंरचना आयोग उत्तराखण्ड की डॉ. भावना शिंदे ने किया।

### खेत तालाब निर्माण में अलीराजपुर जिला प्रदेश में अव्वल

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में बारिश के पानी को सहेजने व पुराने जल स्त्रोतों को संवारने के लिए 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों में खेत तालाब, कूप रिचार्ज, अमृत सरोवरों का (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) मनरेगा के तहत निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पिछले डेढ़ माह से अधिक समय से चल रहे इस अभियान के तहत खेत तालाब का निर्माण कराने में अलीराजपुर जिला अब तक प्रदेश में पहले नंबर पर है। मनरेगा आयुक्त श्री अवि प्रसाद ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश में पुराने जल स्त्रोतों को नया जीवन देने के लिए साफ-सफाई कराई जा रही है। साथ ही बारिश के पानी को सहेजने के लिए खेत तालाब, अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए सभी जिलों को लक्ष्य भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में 80 हजार 78 नए खेत तालाब बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके अंतर्गत अब तक 31 हजार 853 कार्य स्वीकृत हुए है। 40 प्रतिशत से अधिक में कार्य भी शुरू हो गया है। इसी तरह से प्रदेश में 1 लाख कूप रिचार्ज का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 34 हजार 166 पर कार्य शुरू हो चुका है। मनरेगा आयुक्त श्री प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में 1 हजार अमृत सरोवर का निर्माण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 956 पर कार्य भी प्रारंभ हो चुका है।

### जनजातीय बसाहट क्षेत्रों में 1800 करोड़ से सड़कों का हो रहा कायाकल्प : मंत्री डॉ. शाह

**भोपाल, निप्र।** जनजातीय कार्य एवं गैस राहत मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के जरिये जनजातीय क्षेत्रों में आवागमन को सहज और सुगम बनाने के लिये लगभग 1100 किमी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। केन्द्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों में चिन्हित 1295 बसाहटों के लिये 1800 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा देश भर में जनजातीय वर्ग के लोगों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिये प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से सड़क, शिक्षा, बिजली, पानी और पक्की छत उपलब्ध करवाने के लिये कार्य योजना बनाकर काम किये जा रहे हैं। मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा जनजातीय संवर्ग के उत्पाद के लिये चलाई जा रही योजनाओं के लिये त्रैमासिक स्तर पर राशि स्वीकृत की जा रही है। उन्होंने बताया कि केन्द्र और राज्य सरकार के समन्वय से 471 जनजातीय बसाहट क्षेत्रों में अभी 1097.29 किमी सड़कों के लिये 833.98 करोड़ रूपये स्वीकृत किये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 630 बसाहटों वाले क्षेत्रों में 1187 किमी की सड़कों के निर्माण लिये प्रस्ताव पर स्वीकृति मिली है। इसके अलावा 194 बसाहटों पर कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ की जायेगी। मंत्री डॉ. शाह ने बताया किगांव-गांव तक सड़क योजना का लाभ घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इसके अंतर्गत 110.29 किमी सड़कें पूर्ण की जा चुकी है। इसमें सर्वाधिक 23.49 किमी की सड़क बालाघाट जिले में पूर्ण की गई है। दूसरे नंबर पर मंडला जिले में 21.37 किमी सड़कों का काम पूरा कर लिया गया है। मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जनजातीय संवर्ग के उत्थान और विकास के लिये केन्द्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों को मुर्तरूप दिया जा रहा है।

## कायस्थम 12वीं ,10वीं बोर्ड परीक्षा की मेरिट लिस्ट में आए कायस्थ समाज के बच्चों को सम्मानित करेगा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** कायस्थम मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित 12वीं और 10 बोर्ड परीक्षा की मेरिट लिस्ट में आए कायस्थ समाज के छात्र - छात्राओं को सम्मानित करेगा। उक्त जानकारी देते हुए कायस्थम की सचिव डॉ . रश्मि सक्सेना ने बताया कि 12वीं एवं 10वीं की मेरिट सूची में जिन मेधावी चित्रांश छात्र - छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया है, उन्हें अगले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा ।12वीं की मेरिट लिस्ट में जिन बच्चों ने अपना स्थान बनाया ,उनमे गणित संकाय में शीतल श्रीवास्तव शासकीय उमावि बरोदिया कला सागर ने 500 में से 482 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया है। कॉमर्स विषय की सूची में आस्था श्रीवास्तव आदित्य बिड़ला उमावि नागदा ,उज्जैन ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया है ।कृषि समूह में अक्षय खरे दिव्य संस्कार शिक्षण संस्थान उमावि चतुर्वेदी कांपलेक्स निवाड़ी ने 500 में से 480 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान और

जीव विज्ञान विषय में इशिका श्रीवास्तव गार्जियन एंड गाइड पब्लिक उमावि, बैंक कॉलोनी, रघुराज नगर सतना ने 500 में से 475 अंक प्राप्त कर नौवां स्थान प्राप्त किया है।

इसी प्रकार दसवीं की बोर्ड परीक्षा में चित्रांश कुल के जिन छात्र - छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया है, उनमें तीन कायस्थ बालिकाएं सफल हुई है ।इन तीनों ने मेरिट लिस्ट में दसवां स्थान प्राप्त किया है। तीनों को एक समान 500 में से 491 अंक प्राप्त हुए हैं । इनमें नरसिंहपुर की कुमारी वत्सला श्रीवास्तव उमावि उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, आयुषी भटनागर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय माधव नगर उज्जैन एवं कुमारी रोशनी खरे कन्या शासकीय उमावि बंडा, जिला सागर शामिल है।

इन तीनों ने मेरिट लिस्ट में दसवां स्थान प्राप्त किया है। डॉ .रश्मि सक्सेना ने कायस्थम की ओर से इन सभी को बधाई और शुभकामनायें दी है।

# बेटियाँ बढ़ा रही हैं प्रदेश का मान, सम्मान और गौरव : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2024-25 का परिणाम किया घोषित





विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 76.22 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 74.48 प्रतिशत विद्यार्थियों ने पिछले 15 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सफलता हासिल की है। यह सफलता लक्ष्य के प्रति समर्पण, अथक परिश्रम और लगन का प्रतिफल है।

प्रदेश की प्रतिभाशाली बेटियों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर अपने अभिभावकों, शिक्षकों के साथ मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है। बेटियाँ हमारा, मान, सम्मान और गौरव बढ़ा रही हैं। हाईस्कूल में सिंगरौली की बेटी प्रज्ञा जायसवाल ने शत प्रतिशत 500 अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान और हायर सेकेण्डरी में भी सतना अमरपाटन की बेटी प्रियल द्विवेदी ने 492/500 (विज्ञान गणित समूह) अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल 10वीं एवं हायर सेकेण्डरी 12वीं परीक्षा वर्ष 2024-25 के परिणामों को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से घोषित कर सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अभिभावकगण एवं शिक्षकगणों को भी बधाई दी। बोर्ड परीक्षा में संभाग स्तर पर उज्जैन और जिला स्तर पर नरसिंहपुर अव्वल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा प्रकाशित परीक्षा संचालन मानक प्रक्रिया निर्देशिका का विमोचन किया।

### असफल विद्यार्थियों को मिलेगा एक और अवसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो विद्यार्थी आज असफल रहे, उन्हें निराश नहीं होना है, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत असफल विद्यार्थियों को एक बार फिर परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा और जो विद्यार्थी अपना स्कोर बढ़ाना चाहते हैं वह भी दोबारा परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। यह नवाचार विद्यार्थियों के लिए इतिहास बदलने वाला सिद्ध होगा। मध्यप्रदेश इस प्रकार की परीक्षा कराने वाला देश का तीसरा राज्य होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सफल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारतीय मेधा सम्पूर्ण विश्व में अपनी श्रेष्ठता स्थापित कर रही है। विश्व में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकांश देशों की सफलता में भारतीय युवा शक्ति का योगदान उल्लेखनीय है।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, माध्यमिक शिक्षा मण्डल की महानिदेशक श्रीमती स्मिता भारद्वाज उपस्थित रहीं।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती स्मिता भारद्वाज ने बताया कि परीक्षा पद्धति में सुधार और तकनीकी नवाचार के परिणाम स्वरूप इस वर्ष मण्डल द्वारा संचालित परीक्षा में एक भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई और न ही किसी स्थान पर पेपर लीक होने जैसी घटना घटी। नकल के प्रकरण भी न्यूनतम रहे। मण्डल द्वारा विकसित परीक्षा संचालन मानक प्रक्रिया को निरंतर अद्यतन करते हुए क्रियान्वित किया जाता रहेगा।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा-10 और कक्षा-12 के बोर्ड परीक्षा परिणाम में नियमित विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने के प्रतिशत में पिछले वर्ष 2024 के मुकाबले उल्लेखनीय उपलब्धि मिली है। कक्षा-12 में इस वर्ष 2025 में 74.48 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि पिछले वर्ष 64.49 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे। इस प्रकार गत वर्ष के मुकाबले उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 9.99 बढ़ा है।

इसी तरह कक्षा-10 के बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस वर्ष 2025 में 76.22 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि पिछले वर्ष 2024 में 58.10 प्रतिशत नियमित विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे। इसमें गत वर्ष 2024 के मुकाबले 18.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## विधायक भगवानदास सबनानी ने किया राशन कार्ड का वितरण









विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 46 में आयोजित बीपीएल राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी ने हितग्राहियों को बीपीएल राशन कार्ड का वितरण किया। इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों से हर वर्ग के लोगों का लाभ हो रहा है। हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी की योजनाओं के द्वारा हर वर्ग के लोगों की उन्नति हो रही है, हर हितग्राही को योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए सरकार संकल्पित है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंच कर उन्हें इसका लाभ दिलाने में उनकी मदद करें। इस अवसर पर पंचशील मंडल अध्यक्ष डॉ.प्रियेश उपाध्याय रामसागर यादव विनोद प्रजापति रश्मि पांडे तुलसीराम रजक हरिओम गिरी प्रमोद राठौड़ नंदू सनन से चंद्रभान यादव राहुल मालवीय राकेश मालवीय विजय लाजीवाल रतन ठाकुर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

## नव गठित जिलों में आपूर्ति कार्यालय और नाप-तौल कार्यालय स्थापित करने की स्वीकृति

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता मंत्रि-परिषद द्वारा नव गठित जिले मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय और निवाड़ी, मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में नाप-तौल कार्यालय स्थापित करने की स्वीकृति दी गयी है। तीन जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय के लिए कुल 16 पद और 4 जिलों में नाप-तौल कार्यालय के लिए कुल 13 पदों की स्वीकृति दी गयी।



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि मऊगंज, मैहर और पांढुर्णा में जिला आपूर्ति अधिकारी का 1-1 पद, सहायक आपूर्ति अधिकारी के 1-1 पद, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के मऊगंज में 2 और मैहर, पांढुर्णा में 1-1 पद, लेखापाल का 1-1 पद एवं भृत्य का 1-1 पद स्वीकृत किया गया।

कार्यालय नाप-तौल के लिए नव गठित जिला निवाड़ी, मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में निरीक्षक का 1-1 पद, सहायक ग्रेड-3 के 1-1 पद, श्रम सहायक के मऊगंज में 2 पद एवं मैहर, पांढुर्णा और निवाडी में 1-1 पदो की स्वीकृति दी गयी।

## एम्स के आयुष विभाग में स्वर्ण प्राशन का आयोजन







विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के मार्गदर्शन में, आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद ओ.पी.डी. में स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल की शुरुआत वर्ष 2022 में पुष्य नक्षत्र के अवसर पर हुई थी, और तब से प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र के दिन आयुर्वेद ओपीडी में नियमित रूप से स्वर्ण प्राशन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों के समग्र स्वास्थ्य एवं विकास को प्रोत्साहित करना है। इस माह के आयोजित कार्यक्रम में 1 से 16 वर्ष की आयु के कुल 149 बच्चों ने भाग लिया। इनमें से 84 बच्चे पहले भी स्वर्ण प्राशन करवा चुके थे, जबकि 65 बच्चों ने पहली बार पंजीकरण कराया। कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. रंजना पांडे ने बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया तथा उनके अभिभावकों को स्वर्ण प्राशन के महत्व और बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर प्रो. सिंह ने कहा, स्वर्ण प्राशन संस्कार एक महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक प्रक्रिया है, जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक है। एम्स भोपाल में इस पहल के माध्यम से हम बच्चों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत हैं। यह कार्यक्रम आयुष विभाग के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

एम्स भोपाल का आयुष विभाग पिछले दो वर्षों से नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन कर रहा है।

## मंत्रीगण से प्राप्त विकास कार्यों क़े प्रस्तावों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करें : जल संसाधन मंत्री सिलावट



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मंत्रीगण से प्राप्त विकास कार्यों क़े प्रस्तावों पर विभागीय अधिकारी प्राथमिकता से कार्यवाही करें। साथ ही कार्यों की प्रगति से उन्हें समय समय पर अवगत भी कराएं। जनजातीय क्षेत्रों में सिंचाई की छोटी-छोटी योजनाएँ बनाकर उन पर कार्य किया जाए। मंत्री श्री सिलावट मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रीगण से प्राप्त विकास कार्यों के प्रस्तावों पर विभागीय क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रमुख अभियंता श्री विनोद देवड़ा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जल संसाधन विभाग के अंतर्गत नहरों के पक्कीकरण कार्य, बैराज एवं तालाब निर्माण की स्वीकृति, तालाबों एवं बैराजों की साध्यता स्वीकृति सहित अन्य विकास कार्यों के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिए गए।

### 'विस्तार न्यूज़' टीम को सफल 1 वर्ष पूर्ण होने पर दी बधाई

# सभी अवसरों और संभावनाओं पर कार्य कर प्रदेश को स्वास्थ्य मानकों में अग्रणी बनाना हमारा लक्ष्य : उप मुख्यमंत्री शुक्ल







विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विस्तार न्यूज़ द्वारा प्रदेश की ज़मीनी हकीकत को सामने लाया जाता है, जिससे शासन-प्रशासन को जनहित में आवश्यक निर्णय लेने में सहायता मिलती है।

साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं और महत्वपूर्ण जानकारियों को आमजन तक पहुँचाने में भी यह संस्थान प्रभावी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विस्तार न्यूज़ को लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ के रूप में अपनी ज़िम्मेदारी का उत्कृष्ट निर्वहन करने की लिए धन्यवाद दिया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल आज होटल ताज, भोपाल में विस्तार न्यूज़ की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विस्तार न्यूज़ की टीम को शुभकामनाएँ दीं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विस्तार न्यूज़ के वरिष्ठ पत्रकार श्री ज्ञानेन्द्र तिवारी से विशेष चर्चा में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण सहित अन्य समसामयिक विषयों पर विचार साझा किए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाकर मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य मानकों में देश के अग्रणी राज्यों में स्थान दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना के विकास, अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता और 30 हज़ार से अधिक चिकित्सकीय, सहायक चिकित्सकीय स्टाफ की भर्ती की जा रही है। साथ ही प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं जिससे कुशल चिकित्सकीय मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। प्रदेश में आगामी वर्षों में 8 नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए जाएंगे। साथ ही 12 जिलों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए नीति बनाई गई है। अभी तक 6 जिलों से प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार नगरीय क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएँ सुगमता से उपलब्ध कराने हेतु प्रयासरत है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु सरकार नो स्टोन शुड बी लेफ्ट अनटर्न्ड की नीति पर कार्य कर रही है। सभी अवसरों और संभावनाओं पर कार्य कर प्रदेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सरकार निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करते हुए टियर-2 एवं टियर-3 (केटेगरी बी एवं सी) शहरों में मल्टी स्पेशलिटी अस्पतालों की स्थापना के लिए 30 से 40 प्रतिशत तक की सब्सिडी दे रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विश्वास व्यक्त किया कि शीघ्र ही मध्यप्रदेश स्वास्थ्य मानकों में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल होगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पहलगाम मुद्दे पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को कठोर और स्पष्ट संदेश दिया है। आज संपूर्ण विश्व भारत के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि यह समय राजनीतिक मतभेदों को पीछे छोड़ देशहित में एकजुट होने का है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अन्य समसामयिक विषयों पर अपने विचार साझा किए।

## संक्षिप्त समाचार

### आदिगुरु श्री शंकराचार्य संगोष्ठी एकात्म पर्व मनाय



**इन्दौर विनय उजाला ( नजितेन्द्र यादव )।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद इन्दौर जिले में आदिगुरु श्री शंकराचार्य जयंती मनाई गई आयोजन एम जी एम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ढक्कन वाला कुआं पर संपन्न हुआ वहीं आदिगुरु श्री शंकराचार्य की प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर दीप प्रजलित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय श्री मोहन नागर प्रदेश उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त एवं सांसद श्री शंकर लालवानी.आचार्य श्री प्रबुद्धानंद सरस्वती चिन्मय आश्रम.श्री उज्वल स्वामी.श्री विनोद मोहने सहित श्री डीके बागरी समाजसेवी मौजूद रहे रहे वहीं जानकारी दी 12 ज्योतिर्लिंग स्थापित में श्री शंकराचार्य योगदान रहा है साथ ही परिचय संभाग समन्वयक का शुभारंभ अमित शाह द्वारा किया गया आभार समन्वयक श्रीमती ऋतुजा पहाड़े ने माना।

### शासकीय हाई स्कूल भील बडौली में कक्षा 10वी के बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किए गए




**शासकीय हाई स्कूल भील बडौली का बोर्ड परीक्षा परिणाम 95.45% रहा**

**इंदौर, ( विनय उजाला )।** 17 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में, 4 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। किसी भी विद्यार्थी को पूरक प्राप्त नहीं हुई। विद्यालय में रचना सुभाष बीसी 80.80%,निकिता ओमप्रकाश जाधव 76.00%, तथा करुणा धर्मेंद्र चंदेल 75.40% अंक अर्जित क्रमशः प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रही। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम 80% रहा था। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री अर्जुन सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को उनकी इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी तथा विद्यालय के शिक्षकों विजय देव,दीपक शर्मा, राजेश मारू, अतिथि शिक्षक पीयूष जैन तथा गोकुल भीलवाड़ा को पिछले वर्ष से भी बेहतर परिणाम के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शा. हाईस्कूल मगरखेड़ी का परीक्षा परिणाम 90% रहा

**सांवेर ( विनय उजाला )।** शासकीय हाईस्कूल मगरखेड़ी का आज घोषित कक्षा 10 वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम नियमित विद्यार्थियों का 90% रहा। इसमें हर्ष मेड़तिया 86%, कु .अनुष्का 83% कु. अंतिमबाला 81%, प्राप्त बालिकाओं ने सुयश पाया इसमें 08 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान व 11 विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्रीदामोदर गर्ग, श्री मति अभिलाषा शर्मा, श्री हुकुम नायक, श्री ब्रज भूषण वैष्णव,श्री मति चंदा बरूढ,सुखदेव चौधरी, श्री सुभाष शर्मा, राजेन्द्र चौधरी, श्री शंकरलाल राठौर, श्री महेन्द्रसिंह भाटी, आदि ने बच्चों को हार्दिक बधाई दी।

### यातायात सुधार की दिशा में कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर बड़ी कार्यवाही

**इन्दौर, नप्र।** इंदौर में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में यातायात सुधार के लिये मुहिम लगातार जारी है। इस मुहिम के तहत आज बड़ी कार्रवाई करते हुए सड़को पर बेतरतीब खड़ी 30 बसे जप्त की गई। ज्ञात रहे है कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कल कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न बैठक में बस संचालकों को हिदायत दी थी कि वे सड़कों पर अव्यवस्थित रूप से बसें खड़ी कर यातायात अवरूद्ध नहीं करें।

## कर्मचारी नेता स्व. श्री दिनेश शर्मा की पुण्यतिथि पर सैकड़ों कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक याद किया

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** इंदौर के कर्मचारियों की दबंग आवाज क्रांतिकारी लीडर स्व. दिनेश शर्मा की 11वी पुण्यतिथि यूनियन कार्यालय पर बनाई गई। वरिष्ठ कर्मचारी नेता हरीश बोयत, रमेश यादव ने बताया कि शर्मा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सैकड़ों कर्मचारियों ने यूनियन कार्यालय पर पधार कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया एवं उनके द्वारा किये गए कई उल्लेखनीय कार्यों को याद किया। इस अवसर पर पुर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री एच. एल. खुशाल, श्रीमती मणिमाला शर्मा, निशा जायसवाल, प्रवीण यादव, पवन शर्मा, संदीप धौलपुरे, परेश सांवलिया, धनंजय गोगड़े, सुरेश करोसिया, कमलेश सिंह, राजेश गौड़, बलराम गुप्ता, किरण कुमार गोरे, शिवशंकर डागर, मनोहर पाल, मनोहर परमार, रामप्रसाद शर्मा (दरबार), प्रकाश गौड़, राधाकृष्ण शर्मा, विजय तोरण, नागपाल वर्मा, भूरसिंह मंडलोई, आदि साथी उपस्थित थे। संचालन राजकुमार पांडे ने किया।

# ताई बोली, इंदौर के महापौर बहुत अच्छा कार्य कर रहे है

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव मंगलवार दोपहर पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन से मिलने पहुंचे। उन्होंने महाजन का आशीर्वाद लिया और उनके कुशलक्षेम पूछे। ताई ने जो महापौर को चिट्ठी लिखी उसका जिक्र भी किया, बोलीं आपने कहा था कि ताई मैं आपके घर आउंगा, आपके साथ बैठूंगा, चर्चा करूंगा। इसके बाद आप भी बाहर चले गए, मैं भी बीमार रही। बातचीत हो नहीं सकी। मैंने बहुत सहजभाव से चिट्ठी लिखी थी। साथ ही उन्होंने महापौर भार्गव की तारीफ करते हुए कहा इंदौर के महापौर बहुत अच्छे व्यक्ति है, बहुत अच्छे कार्य कर रहे है। लगातार शहरहित के कार्य कर रहे है। महापौर जो कार्य कर रहे है उसको लेकर मैं उनको सुझाव भी देती हूं, जिसे वे सहजभाव से स्वीकार भी करते है। महाजन ने उनसे भारतवन और शहर से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की। ताई ने यह भी कहा कि इंदौर को बहुत समझदार और अच्छा महापौर मिला है। रही बात व्यस्तता की तो मैं बहुत अच्छे से समझती हूं, जब मैं लोकसभा स्पीकर थी तब मैं भी बहुत व्यस्त रहती थी।



वहीं, महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा आप (ताईजी) हमारी बहुत वरिष्ठ नेता है, हम आपके मार्गदर्शन में ही हम लगातार कार्य कर रहे है। हर दो महीने में मैं मिलता भी हूं, जो भी कार्य करते है, उनकी जानकारी देता हूं। सुझाव भी लेता हूं। उन्होंने कहा ताईजी आप हमारे परिवार की वरिष्ठ सदस्य है, आपके सुझाव पर ही हम कार्य करते है। मेट्रो को लेकर आपने जो भी सुझाव दिए, हमने उसी अनुसार कार्य किया है।

**करोडों के हवाला कारोबार का पर्दाफाश**

## कारोबार के 01 करोड 30 लाख 50 हजार रूपये का जप्त करने में थाना राजेन्द्र नगर को महत्वपूर्ण सफलता

विनय उजाला



**इन्दौर, नप्र।** शहर में अपराधो पर अंकुश लगाने एवं नकबजनी एंव बाहन चोरी व लूट अवैध रूप से हवाले के रूपयो का परिवहन करने के अपराध घटित करने बाले आरोपियो पर अंकुश लगाने हेतू पुलिस आयुक्त इंदौर श्री संतोष सिंह एवं पुलिस उपायुक्त जोन - 01 इंदौर श्री विनोद कुमार मीणा, अति. पुलिस उपायुक्त जोन-1 श्री आलोक शर्मा व सहायक पुलिस आयुक्त गांधीनगर रुबीना मिंजवानी द्रवारा नकबजनी, झपटमारी एंव बाहन चोरी तथा लूट अवैध रूप से हवाले के रूपयो का परिवहन करने के अपराध जैसी घटनाओं में संलिप्त संदिग्धों बदमाशों की धरपकड के संबंध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये गये है उक्त निर्देशो के तारतम्य में थाना प्रभारी थाना राजेन्द्रनगर नीरज बिरथरे को निर्देशित किया गया था वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो के पालन में थाना क्षेत्र में हुई नकबजनी, झपटमारी एंव बाहन चोरी व लूट अवैध रूप से हवाले के रूपयो का परिवहन करने के अपराध की घटनाओं में लिप्त आरोपियो की पतारसी में थाना प्रभारी राजेन्द्रनगर द्वारा टीम गठित की गई उक्त टीम थाना प्रभारी के निर्देशन में निम्न घटनाओं में संलिप्त आरोपियो की पतारसी कर रही थी।

### घटनाओं का संक्षिप्त विवरण

राजरतन टुल्स एंड ट्रेवल्स माणिक बाग रोड चोईथराम चौराहा के पास स्थित आफिस का कर्मचारी रश्मित खनुजा द्वारा उपस्थित होकर एक लिखीत आवेदन दिया जिसमे लेख किया गया कि आज दिनांक 05 मई 2025 को एक व्यक्ती आया व अपना नाम नवनीत मो. नं. 8655887262 लेख कराया पार्सल की बुकिंग इंदौर से मुम्बई (बोरीवली) के लिये करी।

**शासन के आदेश को हवा में उड़ाने में इंदौर के अधिकांश अधिकारी अव्वल**

## जिला कलेक्टर के द्वारा भी बार बार 1 तारीख को वेतन भुगतान को लेकर अधिकारी घोल कर पी गए

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री हरीश बोयत अपाक्स अधिकारी, कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रमेश यादव शासकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया कि इंदौर के अधिकांश विभागों में आज दिनांक तक कर्मचारियों को वेतन प्राप्त नहीं हुआ है।

कर्मचारी संघों की मांग पर की अधिकांश कर्मचारियों के लोन की ई एम आई की तारीख पांच होने से उनके चेक बाउंस हो जाते है जिसकी पेनल्टी उन्हें काफी ज्यादा भरनी पड़ती हैं अतः कर्मचारियों का वेतन एक तारीख को किया जाए।



उक्त मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर शासन ने सभी विभागाध्यक्षों को एक तारीख तक वेतन दिया जाए।

जिले के संवेदनशील कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने भी पत्र जारी कर सभी विभाग प्रमुखों से कर्मचारियों का वेतन एक तारीख तक जारी करने हेतु पत्र लिखा एवं वेतन बिल 26 तारीख तक लगाने के निर्देश दिए किंतु विभागों के द्वारा अभी भी एक तारीख तक तो बिल ही नहीं लगाए जा रहे है।

कर्मचारी संघों ने इस पर घोर आपत्ति जताई है आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिम जाति कल्याण विभाग एवं अन्य कई विभागों में वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। इसकी शिकायत जल्दी ही जिला कलेक्टर को की जायेगी।

### ग्रामीणों को दिलाई गई जल संरक्षण की शपथ

**इन्दौर, ( विनय उजाला )।** इंदौर जिले में राज्य शासन द्वारा दिये गए दिशा-निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से किया जा रहा है। अभियान के तहत तालाबों, कुँओं, बावड़ी आदि के गहरीकरण, जीर्णोद्धार आदि के कार्य किये जा रहे हैं। ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित भी किया जा रहा है।

# संदीपनी अहिल्या आश्रम कन्या उ. मा. वि. क्रमांक-1, इंदौर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**संस्था की ब्लाइंड छात्रा विशेष श्रेणी में स्टेट में प्रथम !**

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** शहर की प्रतिष्ठित संस्था सांदीपनि अहिल्या आश्रम क्रमांक एक इंदौर में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था को गौरवान्वित किया!

हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में 131 छात्राओं में से 122 प्रथम श्रेणी में 8 द्वितीय श्रेणी में कुल 130 छात्राएं उत्तीण हुई रिजल्ट 99.26 प्रतिशत रहा।



हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में 169 छात्रों में से 152 प्रथम श्रेणी में वह 13 द्वितीय श्रेणी में कुल 165 छात्राएं उत्तीण हुई संस्था का रिजल्ट 97.63% रहा। संस्था की छात्रा महक और पिता श्री नंदलाल गौर दृष्टिबाधित श्रेणी में हाई स्कूल परीक्षा में स्टेट मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था के उत्कृष्ट परिणाम एवं महक गौर को संस्था प्राचार्य ने विशेष बधाई देते हुए कहा यह परिणाम संस्था के समस्त शिक्षकों पालकों एवं छात्राओं की मेहनत का परिणाम है। समस्त छात्राओं पालकों व स्टाफ सदस्यों को बधाइयां दी गई।

### बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट

**इंदौर, ( विनय उजाला )।** संदीपनी शासकीय महाराजा शिवाजी राव हायर सेकेंडरी स्कूल चिमनबाग इंदौर का आज घोषित बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में दर्ज कुल 70 छात्रों में से पूरे 70 छात्र पास हुए। इस प्रकार कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। सत्र 23 24 में जहां कक्षा दसवीं का परिणाम 50% रहा वही इस बार शिक्षकों की अथक मेहनत से परीक्षा परिणाम में बढ़ोतरी हुई और परिणाम 100% प्राप्त हुआ। वही कक्षा 12वीं में 92 बच्चों में से 83 बच्चे पास हुए और परीक्षा परिणाम 90.21 प्रतिशत प्राप्त हुआ। आर्ट समूह में दर्ज 16 बच्चों में से 12 बच्चे पास 75%, कॉमर्स समूह में दर्ज 35 में से 33 पास 94.28%, 12वीं गणित में 25 में से 25 बच्चे पास 100% और 12वीं जीव विज्ञान में 16 में से 13 बच्चे पास 81.25 परसेंट रिजल्ट रहा इस प्रकार ओवरऑल रिजल्ट 90.21त्न प्राप्त हुआ, 12वीं में 92 में से 68 बच्चे प्रथम श्रेणी और 15 बच्चे द्वितीय श्रेणी में तथा दसवीं में 70 में से 58 बच्चे प्रथम श्रेणी और 12 बच्चे द्वितीय श्रेणी में से पास हुए। विद्यालय के कला समूह के छात्र आयाम श्रीवास्तव पिता श्री संदेश श्रीवास्तव ने 500 में से 465 अंक प्राप्त कर 93% के साथ इंदौर जिले की प्रवीण सूची में अपना स्थान बनाया है। छात्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती हर्षा पंडित उप्राचार्य श्री सुधांशु वर्मा एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने छात्र को बधाई प्रेषित की है और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### इंदौर पुणे स्पेशल ट्रेन के ठहराव एवं समय में परिवर्तन



**रतलाम, ( विनय उजाला )।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मण्डल के इंदौर से चलने वाली इंदौर पुणे स्पेशल ट्रेन के ठहराव एवं समय में परिवर्तन किया गया है। ट्रेन संख्या 09324 इंदौर - पुणे स्पेशल स्पेशल के ठहराव में परिवर्तन 14 मई, 2025 से उधना से सूरत स्टेशन पर कर दिया गया है। ट्रेन संख्या 09324 इंदौर - पुणे स्पेशल का आगमन/प्रस्थान अब सूरत से 19.29/19.34 बजे होगा।

### अभिनय, पटकथा लेखन और फोटोग्राफी प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल समापन

**इन्दौर, नप्र।** कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल ने बताया की इस कार्यशाला में युवाओं को सृजनात्मक अभिव्यक्ति के विभिन्न माध्यमों के बारे में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने अभिनय की बारीकियों, पटकथा की संरचना और कैमरे के पीछे की तकनीकी समझ को व्यवहार में उतारने का अभ्यास किया।

**पश्चिम रेलवे**

आपूर्ति कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008. **निविदा सूचना संख्या : बीसीटी/25-26/31 दिनांक 02.05.2025 आमंत्रित करता है। कार्य और स्थान : सांताक्रूज़ - विरार खंड। स्टेशनों पर स्टेनलेस स्टील के पेयजल फव्वारे उपलब्ध कराना। कार्य की अनुमानित लागत : ₹3,51,87,804.09 ईएमडी : 3,25,900/- जमा करने की तिथि और समय : 27.05.2025, 15.00 बजे तक। खुलने की तिथि और समय : 27.05.2025 को 15.30 बजे।** अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0109

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल अलीराजपुर (म.प्र.)**

दूरभाष क्रमांक 07394-233512, ई-मेल : jsdjalp@mp.gov.in

क्रमांक 576/निर्वाह/2025 — अलीराजपुर, दिनांक : 27/04/2025

:: ई-टेण्डरिंग तृतीय वार्षिक निविदा प्रकाशन हेतु वर्ष 2025-25 ::

जिला जेल अलीराजपुर हेतु मध्यप्रदेश जेल पूर्ति नियम 1968 तथा मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम 2022 के तहत 01 दवाईयां, उपकरण एवं प्रायोगिक जांच सामग्री हेतु तृतीय निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा की जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी।

( एस.बी. शरण )
जेल अधीक्षक
जिला जेल अलीराजपुर ( म.प्र. )

जी-12438/25

"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोहेफिजा भोपाल**

**OFFICE OF THE POLICE STATION KOHEFIZA, BHOPAL-PIN 46001 (M.P.)**

क्रमांक था./कोहे./भो./मर्ग/006/24 — दिनांक : 2/5/25



उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सूचक फुलवादेवी पति रामदेव सिंह राजपूत उम्र 38 साल निवासी ग्राम काशीलोंग थाना कुंदा जिला हजारीबाग बिहार हाल पता - म.नं. 50 खानूगांव कोहेफिजा भोपाल मो. 9993831711 ने अपने बेटी पारो के साथ थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि मैं उपरोक्त लिखाये पते पर रहती हूं तथा मजदूरी करती हूं मेरे पति रामदेव सिंह पिता गंधोरी सिंह उम्र 57 साल निवासी सदर जो कि लालघाटी पर अमृतसर छोले कुल्चे की दुकान पर काम करते थे तथा वहीं दुकान पर ही रहते थे, जो कभी-कभी ही घर आते थे पांच दिन पहले मेरे पति की दुकान पर साथ में काम करते थे, जिसको हमने हर जगह तलाश किया जो नहीं मिले रिश्तेदारों में फोन लगाकर पता किया कोई पता नहीं चला तलाश करने के बाद नहीं मिलने पर रिपोर्ट को आयी हूं मेरे पति का हुलिया कद - 5 फिट करीबन, रंग - गोरा, बदन- सामान्य, सामान्य शर्ट पेन्ट पहनते हैं, रिपोर्ट करती हूं कार्यवाही की जाये कि रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रं. 006/25 का कायम कर जांच में लिया गया। सूचक की रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रममांक 006/25 कायम कर जांच में लिया गया। कायमी की सूचना जरिये वायरलेस सेट शहर व देहात के सभी थानों को भेजी गई।

उक्त गुम शुदा के संबंध में कोई जानकारी मिलती है, तो थाना कोहेफिजा के मोबाईल क्रमांक 9479990687 पर सूचना देने का कष्ट करें।

थाना प्रभारी
थाना कोहेफिजा भोपाल

जी-12435/25

"स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग झाबुआ (म.प्र.)**

Indore Ahemdabad Road, Jhabua, Email - eepwd1jhabua@gov.in, Phone : 07392-244213

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निविदा सूचना क्रमांक 03/व.ले.लि./2025-26 — झाबुआ, दिनांक : 02.05.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु Online निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | पोर्टल टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | पी.ए.सी. ( रू. लाख में ) | अमानत राशि ( रूपये ) | निविदा शुल्क राशि ( रूपये ) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ऑनलाईन समस्त अभिलेख प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_420593_1 | लोक निर्माण विभाग संभाग झाबुआ के अंतर्गत मार्गों के मरम्मत एवं रख-रखाव हेतु झोनल निविदा | प्रथम | 40.00 | 50000 | 5000 | 31.03.2026 वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग इन्दौर परिक्षेत्र इन्दौर |
| | | योग :- | | 40.00 | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किया जावेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ दिनांक 09.05.2025 प्रातः 10.30 बजे एवं अंतिम दिनांक 16.05.2025 सायं 05.30 बजे तक निर्धारित है। निविदा दिनांक 20.05.2025 को खोली जावेगी।

इलेक्ट्रोनिक ई.एम.डी. (RTGS, NEFT) ही स्वीकार की जावेगी। निविदा से संबंधित समस्त अभिलेख उपरोक्त दर्शित कार्यालय में केवल ऑनलाईन ही प्रस्तुत किये जावेंगे। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन यदि हो तो उसे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाइट पर ही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग झाबुआ

जी-12419/25

"बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

**कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग ओल्ड पलासिया इन्दौर (म.प्र.)**

ई-मेल : apdpiuindoe@gmail.com — फैक्स : 0731-4989768

क्र. एफ-3/सामान्य/निविदा प्रकाशन/मु.अ.( भवन )इन्दौर/2025/एनआईटी-04/1135 — इन्दौर, दिनांक : 01/05/2025

:: विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 04/2025 ::

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, परिक्षेत्र इन्दौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीयन ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, म.प्र. द्वारा दिनांक 01.01.2025 से प्रभावशील एस.ओ.आर. एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि संशोधित, निर्धारित तिथि (Key-Date) अनुसार के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि ( पीएसी ) ( रू. लाख में ) | अमानत राशि ( ईएमडी ) ( रू. में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रू. में ) | कार्य पूर्ण करने का समय ( माह में वर्षाकाल सहित ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU_420272_1 | इंदौर में नवीन जजेस गेस्ट हाउस के निर्माण कार्य सर्वेन्ट क्वार्टर सहित निर्माण कार्य। | इन्दौर | 1399.70 | 10,00,000 | 30,000 | 15 |
| 2 | 2025_PWPIU_419717_1 | लोक निर्माण विभाग (भवन) उज्जैन में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु विभिन्न भवनों के निर्माण कार्य के लिये आर्किटेक्चरल डिजाईन एण्ड डीपीआर कंसलटेंट सर्विस का कार्य। | उज्जैन | 50.00 | 50000.00 | 10,000 | 24 |
| 3 | 2025_PWPIU_419643_1 | लोक निर्माण विभाग (भवन) उज्जैन में अंतर्गत छुटे हुये, मरम्मत मायनर एवं परफारमेंस ग्यारंटी के तहत विभिन्न भवनों के निर्माण/उन्नयन का कार्य। | उज्जैन | 200.00 | 2,00,000 | 12,500 | 18 |
| 4 | 2025_PWPIU_420088_1 | लोक निर्माण विभाग (भवन) अलीराजपुर में अंतर्गत छुटे हुये, मरम्मत मायनर एवं परफारमेंस ग्यारंटी के तहत विभिन्न भवनों के निर्माण/उन्नयन का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | अलीराजपुर | 150.00 | 1,50,000 | 12,500 | 12 |

निविदा संबंधित तिथियां (Key-Date) :-

1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि - 01.05.2025
2. बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि - 02.05.2025
3. बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 16.05.2025
4. बिड खोलने की तिथि - 21.05.2025

मुख्य अभियंता ( भवन )
लो.नि.वि. परिक्षेत्र इंदौर

जी-12446/25

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

# सम्पादकीय

## ट्रंपर विरोधी राष्ट्रवाद

ट्रंप ने अपने जुबानी तीर से कनाडा की संप्रभुता पर जिस तरह निशाने साधे, वही कनाडा के आम चुनाव में निर्णायक मुद्दा साबित हुआ। वरना, ट्रुडो की सरकार इतनी अलोकप्रिय कि लिबरल पार्टी का सत्ता में लौटना नामुमकिन लगने लगा था।ये वाजिब सवाल होगा कि कनाडा के चुनाव नतीजों को अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ जनादेश कैसे कहा जा सकता है। लेकिन हकीकत यही है कि डॉनल्ड ट्रंप ने अपने जुबानी तीर से कनाडा की संप्रभुता पर जिस तरह निशाने साधे, वही कनाडा के आम चुनाव में निर्णायक मुद्दा साबित हुआ। वरना, पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो की सरकार इतनी अलोकप्रिय हो गई थी कि लिबरल पार्टी का सत्ता में लौटना नामुमकिन लगने लगा था। दरअसल, ट्रुडो को नेतृत्व छोड़ना ही इसलिए पड़ा, क्योंकि पार्टी अपने को सियासी संकट में पा रही थी। मगर ट्रंप के ह्वाइट हाउस में प्रवेश के साथ कनाडा की राजनीति ने करवट लेना शुरू किया। पिछले साल के आखिर तक अगले प्रधानमंत्री के रूप में देखे जा रहे कंजरवेटिव पार्टी के नेता पियरे पॉलिवर ने अपनी छवि कनाडा के ट्रंप के रूप बना रखी थी। ट्रंप जैसी नीतियों के जरिए कनाडा के आर्थिक संकट को दूर करने का उनका वादा काम करता दिख रहा था। लेकिन जब असली ट्रंप का आक्रामक रूप दुनिया के सामने आया, जिसकी चपेट में कनाडा भी आ गया, तो वहां के लोगों में विपरीत प्रतिक्रिया होना लाजिमी ही था। पॉलिवर ने नए माहौल में ट्रंप विरोधी तेवर अपनाए, कनाडा की संप्रभुता की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई, लेकिन तब तक माहौल बदल चुका था।अब साफ है कि मतदाताओं ने ट्रंप के हमलों से कनाडा की रक्षा करने के लिहाज से लिबरल पार्टी के नए नेता मार्क कार्नी को अधिक सक्षम माना है। कार्नी ने अमेरिकी बैंक गोल्डमैन शैक्स से करियर शुरू किया और बैंक ऑफ कनाडा तथा बैंक ऑफ इंग्लैंड के गवर्नर रह चुके हैं। नव-उदारवाद और मुक्त व्यापार के पैरोकार हैं। राजनीति में आने के बाद से आर्थिक नीतियों में नैतिक मूल्यों को भी स्थान देने की वकालत उन्होंने की है। बहरहाल, उनके सामने चुनौतियां बेहद गंभीर हैं। एक तो ट्रुडो शासनकाल में पैदा हुई समस्याएं हैं और ऊपर से ट्रंप की नीतियों से पेश आई चुनौतियां हैं। फिलहाल, कनाडा में बना ट्रंप विरोधी राष्ट्रवाद उनकी ताकत बना है, मगर अंततः लोग उनका आकलन समस्याओं के समाधान की कसौटी पर ही करेंगे।

## सुविचार

शायद एक दिन, हम सब एक दूसरे को,
सिर्फ यह सोचकर खो देंगे की,
जब वह मुझे याद नहीं करता, तो में उसे क्यों करूँ... !

**- राजेन्द्र मकवानी**

ईश्वर जिन्हें खून के रिश्ते में बांधना भूल जाता है,
उन्हें दोस्त बना देता है।

**- बी.जी. मेहता, इंदौर**

दोस्त, किताब, रास्ता और सोच,
सही मिलें तो जिंदगी निखार देते हैं...
और अगर गलत मिल जाएं तो जिंदगी बिगाड़ देते हैं...

**- के.पी. जाट, भोपाल**

सिर्फ एक गलती की देर है,
लोग भूल जाएंगे आप पहले कितने अच्छे थे।

**- दिनेश परमार, इंदौर**

अपेक्षाएं जहा समाप्त होती हैं
सुकून की शुरुआत वहीं से होती है।
खुद के आलोचक बनों ताकि
खुद की कमियों को दूर कर सकों।
दूसरों के प्रशंसक बनों ताकि
दूसरों की खूबियों को अपना सकों।

**- ताहिर अली, भोपाल**

बड़े अजीब से हो गए हैं रिश्ते आजकल सब फुर्सत
मैं है पर वक्त किसी के पास नहीं।

**- एच.एल. खुशाल, इंदौर**

सच बोलने से यदि किसी का
दिल टूटता है तो टूटने दो, लेकिन झूठ बोलकर
किसी का भरोसा मत तोड़ना ।

**- हरिशंकर पाटीदार, लिम्बोदा देवास**

## रेमेडियम लाइफकेयर राइट्स इश्यू को सकारात्मक प्रतिभाव : पहले दो दिनों में 26% सब्सक्राइब

**मुंबई।** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड का राइट्स इश्यू कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइल स्टोन है। इस इश्यू को निवेशकों और शेयरधारकों से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और दूसरे दिन के अंत तक इसे 26.03% सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ है। विशेष रूप से, रेमेडियम लाइफकेयर एक तेजी से बढ़ती कंपनी है जो फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के हिस्से के रूप में कच्चे माल के व्यापार और वितरण में विशेषज्ञता रखती है। इस इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग रणनीतिक रूप से वैश्विक विस्तार पहलों में तेजी लाने, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कंपनी के पदचिह्न को मजबूत करने और कार्यशील पूंजी को मजबूत करने और अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं में निवेश करने के लिए किया जाएगा। इससे कंपनी की समग्र वित्तीय स्थिति में सुधार होगा।

अपनी बैलेंस शीट को मजबूत करके और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाकर, रेमेडियल लाइफकेयर का लक्ष्य अपने निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण दीर्घकालिक मूल्य हासिल करना है।

सेना को वैधता दिलाने की चक्कर में गंभीर राजनीतिक और आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए यह युद्ध बर्बादी की ओर धकेलने वाला होगा। निस्संदेह यह जंग भारत में भी आर्थिक मंदी और अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ाने वाला होगा। हां, विजयी भारत को आतंकवाद पर सख्त कार्रवाई करने वाले देश की छवि बनेगी साथ ही क्षेत्रीय रुतबा और बढ़ेगा।

# भारत-पाकिस्तान अगर युद्ध हुआ तो क्या होगा ?

संजय श्रीवास्तव




ये आशंकाएं बलवती हो रही हैं कि जल्द ही भारत और पाकिस्तान में युद्ध होने की आशंका है, यदि दोनों देश में युद्ध छेड़ते हैं, तो पाकिस्तान के साथ इस्लामिक देशों के संगठन और चीन के आने की कितनी आशंका है? अमेरिका, रूस, यूरोप, चीन, तुर्की, सऊदी अरब इत्यादि की इसमें क्या भूमिका होगी? क्या नाभिकीय युद्ध का भी खतरा है? इसका परिणाम क्या होगा? इसमें भारत के लिये क्या नुकसान और फायदे हैं और पाकिस्तान के लिये यह कितना घातक होगा?,

भारत-पाक के बीच जल्द ही युद्ध आरंभ हो ऐसी आशंका नहीं है। पाकिस्तान भयभीत है और उसे अपनी कमज़ोरी का अहसास है। वह आत्मघाती कदम नहीं उठाएगा। भारत भी पाकिस्तान को दूसरे अहिंसक विकल्पों से पर्याप्त परेशान करेगा, लेकिन पूर्ण युद्ध की खुली पहल से बचेगा। सो बयानों में 'एस्केलेशन लैडर' यानी तनाव को धीरे-धीरे बढ़ाने की नीति के तहत आक्रामकता बढ़ेगी पर आक्रमण और व्यापक युद्ध से दूरी बनी रहेगी।

पाकिस्तान सरकार को युद्ध से घरेलू समर्थन भले मिले लेकिन बाद में यह उसके लिए घाटे का सौदा होगा, भारत में सरकार के पास पर्याप्त घरेलू समर्थन मौजूद है, उसको इसकी ज़रूरत नहीं। वैसे भी वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय परिस्थितियां दक्षिण एशिया में बड़े युद्ध के इजाजत नहीं देतीं। ऐसे में कुछ प्रतीकात्मक कार्रवाई से अधिक कुछ संभव नहीं दिखता। निस्संदेह वह कार्यवाही पाकिस्तान को भारी पड़ सकती है।

यदि पाकिस्तान की सरकार और सेना अदूरदर्शितापूर्ण फैसला लेते हुए, चीन के बहकावे में भारत को युद्ध का उत्तरदायी ठहराते हुए कोई सैन्य प्रतिक्रिया की पहल करते हैं, तो निस्संदेह भारत उसका जवाब देगा। क्योंकि आतंकवाद को जवाब देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। महज नाभिकीय हथियारों की बराबरी के अलावा सभी दूसरे सैन्य क्षेत्रों में पिछड़े पाकिस्तान के लिये यह बहुत विकट स्थिति होगे; क्योंकि पाकिस्तान की तुलना में लगभग नौ गुना अधिक रक्षा पर खर्च करने वाले भारत के खिलाफ जंग में चीन का समर्थन उसे खुलकर नहीं, परोक्षतः ही होगा।

इस्लामिक देशों में तुर्की के अलावा शायद ही कोई खुलकर उसके साथ आए। कुछ इस्लामिक देश समर्थन देंगे तो नैतिक ही। रूस, अमेरिका, यूरोप इस युद्ध में उत्सुक दर्शक की भूमिका में होंगे जो यह देख रहे होंगे कि उनकी रक्षा प्रणालियां, हथियार, कितने गुणवत्तापूर्ण है, चीनी हार्डवेयर कैसे काम कर रहे हैं। उनकी निगाह युद्धरत देशों की सैन्य रणनीतियां, उनके योजनाकारों और सैनिकों का हथियारों को संभालने का कौशल तथा हथियार बेचने की जुगत पर होगी। सेना को वैधता दिलाने की चक्कर में गंभीर राजनीतिक और आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए यह युद्ध बर्बादी की ओर धकेलने वाला होगा। निस्संदेह यह जंग भारत में भी आर्थिक मंदी और अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ाने वाला होगा। हां, विजयी भारत को आतंकवाद पर सख्त कार्रवाई करने वाले देश की छवि बनेगी साथ ही क्षेत्रीय रुतबा और बढ़ेगा। हालांकि माहौल गवाह है कि भारत और पाकिस्तान 2016 और 2019 के बाद एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर हैं। टीवी, सोशल मीडिया तथा दूसरे संचार माध्यमों ने पहलगाम की घटना के बाद अत्यधिक जनाक्रोश को संबोधित करते हुए उससे पैदा गम और गुस्से के शमन करने, धैर्य देने की बजाय कुछ ऐसी भूमिका निभाई है कि यह महसूस होने लगा है कि अधिकांश देशवासियों की मुट्ठियां भिंची हुई हैं। युद्ध अवश्यंभावी है, अपरिहार्य है। इस बीच प्रधानमंत्री से मुलाकात के ठीक बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का कहना कि, जनता जो चाहती है, वह हो कर रहेगा। खुद प्रधानमंत्री इस मामले में ऐसे कई बयान दे चुके हैं, जिसके निहितार्थ यही निकलते हैं कि वे पहलगाम की आतंकी घटना को पाकिस्तान समर्थित हमला तथा इसके प्रतिकार स्वरूप युद्ध को न्यायोचित मानते हैं तथा पाकिस्तान के दुस्साहस का प्रत्युत्तर देने का पक्का इरादा रखते हैं।

इसके अलावा देश के तमाम राजनेता, लगातार ऐसे बयान दे रहे हैं, जो आमजन में पाकिस्तान को जल्द से जल्द दंड़ देने की भावना भर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री की भरमार है जो बताती हैं कि किस देश ने अपने ऊपर हुई आतंकी हिंसा का कितने दिनों बाद और कैसा भयानक बदला लिया, बेशक हमारे प्रधानमंत्री उनसे भी भीषण प्रतिशोध लेंगे, बस समय को देखकर दुश्मन का पतन सुनिश्चित करने के बाद, राष्ट्र गौरव बढ़ाने वाला युद्ध अत्यंत नजदीक है।

सरकार ने आयात रोकने, सीमा पार आवाजाही, वीजा सेवा निरस्त करने, सिंधु समझौता निलंबित करने, पाकिस्तानी विमानों के लिये हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंधित लगाने जैसे दसियों कदम उठाने के अलावा चिनाव का पानी रोक दिया, तो पाकिस्तान ने अपने बंकर दुरुस्त करने, सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वालों को सचेत किया, अबाबील और अब्दाली जैसी मिसाइलों का परीक्षण किया, सीमा पर सीज फायर का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी बढ़ा दी, साथ ही वह दुनिया को यह दिखाने लगा है कि पहलगाम घटना की निष्पक्ष जांच में सहयोग को वह प्रस्तुत है फिर भी भारत उसके ऊपर युद्ध थोपने पर उतारू है। उधर प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया को साफ संकेत दिया कि देश पाकिस्तान की इस बेजा भड़काऊ हरकत की सशक्त सैन्य प्रतिक्रिया की तैयारी में है। उनके अनुसार युद्ध के लिये शांतिकामी भारत को विवश किया गया है, इसके लिए देश तैयार है। ऐसे में जब प्रधानमंत्री को रणनीतिक, कूटनीतिक, राजनीतिक स्तर पर युद्ध अनिवार्य लगे और रक्षामंत्री को यह जनता की चाहत महसूस हो, साथ ही संचार माध्यमों, प्रचारों में युद्धोन्माद का वातावरण बनाया जा रहा हो फिर अपनी कठोर छवि, निर्भीक निर्णयों के उदाहरणों और हालिया वादों, बयानों के चलते प्रधानमंत्री पर इसका जोरदार जवाब देने का भारी दबाव हो तो ऐसी जनभावना की निर्मिति स्वाभाविक है कि वर्तमान में युद्ध आवश्यक है। वैसे भी 2001 में संसद हमले, 2008 में मुंबई पर आतंकी आक्रमण तथा 2016 में उरी और 2019 में पुलवामा के बाद तीखी प्रतिक्रियाओं एवं सांकेतिक कार्यवाई के बाद युद्ध की नौबत नहीं आयी, तो इस बार ऐसा क्या अलग है कि भारत-पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध शुरु करेगा, क्या आधुनिक युग में जहां यूक्रेन जैसे देश भी महाशक्ति रूस के खिलाफ बरसों लंबा युद्ध खीच पाने की क्षमता दिखाते हों या फिर गज़ा में भीषण नरसंहार देखने के अलावा युद्ध से उपजने वाली मानवीय त्रासदियों को टीवी पर जीवंत देखने के बाद भी दोनों देश की सरकारें और उनकी जनता विनाशकारी युद्ध के लिये तैयार होंगी और इससे सरकारों को दूरगामी सियासी फायदा होगा?


बेशक, युद्ध खुद में एक समस्या है मसले का हल नहीं, यह दोनों देशों को दूरगामी नुकसान पहुंचाने वाला है, पर यह सब जानने के बावजूद बड़ी संख्या ऐसी सोच रखने वालों की है, जो आतंकी देश को सबक सिखाने का सर्वोत्तम विकल्प युद्ध को मानते हैं। एक ऐसा विनाशकारी युद्ध जिसमें हारने के बाद दुश्मन फिर कभी ऐसी हिमाकत न करे। पर इसकी गारंटी कौन लेगा? पहलगाम की घटना के बाद पखवारा बीत चुका है भले ही अब तक कुछ बातों, बयानों सांकेतिक कारगुजारियों, प्रचारों के जरिये इस तरह का माहौल बना हो कि देश पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिये जल्द ही युद्ध के मैदान में उतर जायेगा, लेकिन सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी अत्यंत परिपक्व, वैश्विक स्तर के राजनेता हैं, उनके सोच जनता से आगे और फैसले अप्रत्याशित रहते हैं। वे जो भी फैसला लेंगे वह बहुत सुविचारित होगा।

संभव है कि वे जंग के अलावा किसी और जुबान में पाकिस्तान को जवाब दें कि वह अवाक रह जाए। उसे ऐसी सीख मिले कि अगली बार ऐसी आतंकी साजिश से पहले सौ बार सोचे साथ ही देश की जनता की जो चाहत है वह भी पूरी हो जाये। हालांकि बहुतों के लिये यह सवाल अब भी कायम है कि क्या भारत युद्ध में उतरेगा या फिर यह सब बयानबाजी महज जनभावना को तुष्ट करने के लिये है। फिलहाल यह तय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी संघर्ष क्षेत्रीय स्थिरता के लिए नुकसानदायक तथा वैश्विक सैन्य संतुलन को पर असर डालने वाला होगा। यह वैश्विक शक्ति विन्यास में परिवर्तन ला सकता है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विज्ञान व तकनीकी विषयों के जानकार हैं )**

# भारत के लोकप्रिय लैंडमार्क थार का द्वार है मरुनगरी जोधपुर

वीना गौतम



**कोई शहर छोटा हो या बड़ा या चाहे कोई कस्बा ही क्यों न हो। हर शहर, हर महानगर और हर कस्बे की अपनी एक निजी पहचान,एक निजी विशेषता होती है,जो हर दूसरी जगह से अलग होती है। भारत के लोकप्रिय लैंडमार्क कॉलम में हम इन्हीं खूबियों को खोजकर आप तक पहुंचाते हैं। इस बार पढ़िए भारत की मरुनगरी जोधपुर के बारे में, जिसे थार का द्वार भी कहते हैं।,**

मरुनगरी जोधपुर भारत के नक्शे में एक खास पहचान रखती है। यह ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामरिक और पर्यटन की दृष्टि से भारत ही नहीं ग्लोबल पर्यटन का भी एक विशिष्ट डेस्टिनेशन है, जहां इस भूमंडलीय दौर में दुनियाभर के अभिजात्य पर्यटक, विरासत, अतिथि और विशिष्ट ब्रांडिंग का अनुभव महसूस करने के लिए आते हैं। जोधपुर भारत के पश्चिमी राज्य राजस्थान में स्थित एक ऐतिहासिक शहर है, जिसे मरुनगरी और थार का द्वार जैसे नामों से भी जाना जाता है। यह भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट एक महत्वपूर्ण रणनीतिक शहर भी है। जोधपुर ऐतिहासिक रूप से राठौर वंश की राजधानी मारवाड़ रियासत का हिस्सा है। इसे राव जोधा ने सन 1459 में स्थापित किया था। यहां स्थित मेहरानगढ़ किला भारत के सबसे विशाल और मजबूत किलों में गिना जाता है। जोधपुर का नाम लेते ही दिलोदिमाग में राजपूती शौर्य, स्वाभिमान और युद्धक परिदृश्य की अनुभूति उभरने लगती है।

जोधपुर दुनिया के उन गिने चुने शहरों में से एक है जिसकी अपनी विशिष्ट संस्कृति है। पूरे शहर में घरों की जो नीली रंगत है, वह रंगत भी इसे एक अनोखी पहचान देती है और जोधपुर को ब्लू सिटी का तमगा भी प्रदान करती है। सांस्कृतिक दृष्टि से यह शहर बहुत समृद्ध है। यहां का अपना प्रसिद्ध लोकसंगीत है। लोकनृत्यों में कालबेलिया और घुमर का नाम पूरी दुनिया जानती है। यहां के ऊंट उत्सव इस शहर को विश्व पर्यटन के नक्शे में विशिष्ट जगह मुहैय्या कराते हैं और यहां की लोगों की रंग-बिरंगी कढ़ाईदार पोशाकें उन्हें भीड़ में अलग करती हैं। जोधपुर की अपनी एक लोकल डायलेक्ट भी है, जिसे मारवाड़ी भाषा कहते हैं और यहां के खानपान में भी दाल बाटी चूरमा और मिर्ची बड़ा की तूती पूरे राजस्थान में बजती है। पर्यटन की दृष्टि से जोधपुर भारत के नहीं बल्कि दुनिया के पर्यटन नक्शे का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां स्थित मेहरानगढ़ किला, उम्मेद भवन पैलेस, जसवंत थड़ा और मंडोर गार्डन यहां आने वाले पर्यटकों की जुबान में रहते हैं। रेगिस्तान सफारी का भी यह सबसे जीवंत अनुभव प्रदान करने वाला शहर है। इस सबके अलावा यह शहर जहां भारतीय वायु सेना का एक बड़ा बेस है, जो पश्चिमी सीमा की सुरक्षा में अहम योगदान अदा करता है, वहीं जोधपुर का हथकरघा, फर्नीचर और कारीगरी उद्योग भारत के अंतर्राष्ट्रीय निर्यात में बड़ी हिस्सेदारी हासिल करता है। जोधपुर पश्चिम भारत का एक ऐसा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगर है, जो राजस्थान की ही नहीं समूचे भारत की पहचान को अपने बल पर सशक्त करता है।

इन दिनों विश्व पर्यटन में जोधपुर एक बड़ी ब्रांडिंग बनकर उभरा है, तो इसके पीछे यहां के रॉयल एक्सपीरियंस का योगदान है। दुनियाभर के अमीर और प्रीमियम टूरिस्ट जोधपुर आकर यहां की स्थानीय संस्कृति और शाही अनुभव का हिस्सा बनना चाहते हैं। दुनिया के अनेक धनवान सेलिब्रिटी यहां शादी करके दुनिया में नाम कमाते हैं। जोधपुर का उम्मेद भवन पैलेस शाही लग्जरी और रॉयल स्टेट्स का वैश्विक सिंबल बन चुका है। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने इसी महल में शादी करके रातोंरात पूरी दुनिया में अपनी एक विशिष्ट पहचान पायी थी। विदेशी पर्यटकों के लिए यह एक ऐसा हेरिटेज कल्चरल सिटी है, जहां दुनिया की सबसे ज्यादा लग्जरी सुविधाएं उपलब्ध है। जोधपुर के फाइव स्टार होटल भारत के सबसे सुविधा सम्पन्न और महंगे पांच सितारा होटल हैं, जो सुविधा दुनिया के किसी भी कोने में मिलनी मुश्किल होती हैं, वो सारी सुविधाएं जोधपुर के इन बेहद महंग होटलों में बड़ी सहजता से उपलब्ध होती हैं।

यही कारण है कि जोधपुर विश्व में मानचित्र में सबसे महंगे और सबसे खास पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में जाना जाता है। विदेशी पर्यटकों को यह शहर बहुत पसंद है, लेकिन 90 फीसदी से ज्यादा विदेशी पर्यटकों की हैसियत में यह शहर घूमना नहीं होता। यही कारण है कि बहुत धनवान विदेशी पर्यटक ही यहां घूमने आते हैं। शादी और प्री-वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में इस शहर में दुनिया के कोने कोने में अपनी पहचान बनायी है। यहां के रिसॉर्ट्स और किले दुनिया में शादी के लिए सबसे लग्जरी सुविधाएं प्रदान करते हैं। बॉलीवुड और एनआरआई कम्युनिटी के बीच भी यह बहुत लोकप्रिय है और क्लास तथा ट्रेडिशन का पर्फेक्ट मिलन है। आज के डिजिटल वर्ल्ड में जोधपुर दुनिया के सबसे फोटोजेनिक और इंस्टाग्राम फ्रेंडली सिटी के रूप में जाना जाता है। यहां की स्वर्ग सरीखी नीली गलियां, विशाल रेगिस्तानी लैंडस्केप और स्वप्नील महलों की सेटिंग्स इसे दुनिया का सबसे फोटोजेनिक शहर बनाते हैं।

इसलिए ट्रैवल ब्लॉग्स का यह सबसे पसंदीदा शहर है। इसे ये लोग विजुअल ट्रीट का दर्जा देते हैं। शायद इसकी यह डिजिटल विशिष्टता ही है कि जोधपुर में हमेशा अभिजात्य टूरिस्टों की भरमार रहती है। चूंकि आज यहां की बड़ी बड़ी हवेलियां एयरकूल्ड और क्लाइमेंट कंट्रोल्ड हैं, इसलिए अब यह शहर हर सीजन का पर्यटन केंद्र है। यहां मानसून के मौसम में खास तौरपर हनीमून कपल्स आना पसंद करते हैं क्योंकि अरावली की हरियाली मनमोह लेने वाली होती है। वैसे भी मानसून की रिमझिम बारिश में किलों का सौंदर्य और इस शहर की हर तरफ बिखरी नीली छतरियों की सुंदरता निखरकर आती है, इसलिए जोधपुर भारत ही नहीं दुनिया का महत्वपूर्ण टूरिस्ट लैंडमार्क है, जिसके पास अपनी विरासत है, अपनी संस्कृति है और अपना राजसी अनुभव है।

**( लेखिका विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान, इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में कार्यकारी संपादक हैं )**

## हमारा व्यवहार और चरित्र हमें उन लोगों के लिए सुंदर बनाता है,जो हमारी आत्मा से जुड़ पाते हैं

उम्र एक अनोखी तरह की सुंदरता लेकर आती है,जो जीवन में आगे बढ़ने के साथ और गहरी होती जाती है, साल दर साल हम ज्ञान और दृष्टिकोण प्राप्त करते हैं,जिससे हम अधिक शांतिपूर्ण संबंधों को अपना पाते हैं,और अपने अनुभवों में सच्चा आनंद पा पाते हैं,जब आप शादी करते हैं तब सबकुछ बहुत सुंदर लगता है,चार-छह साल बाद सब बदलने लगता है,जो लड़का आज हमें रूपवान दिख रहा है,कुछ साल बाद उसके ऊपर दबाव आएगा,घर बनाने का,परिवार के खर्चे का,बच्चों की फीस का,उसका पेट निकल आएगा,वह बेढंगा भी हो जाएगा,समय के साथ-साथ बदलाव होगा,अगर आप सोचते हो कि यह अपरिवर्तनशील है,तो ऐसा नहीं होता,यही सब लड़कियों के साथ भी होता है,कोई लड़का सोचे कि मेरी पत्नी तो वैसी हो जैसे की अप्सरा,विवाह के समय जब लड़की देखते हैं,तो वो सुंदर ही मिलेगी,लेकिन शादी के पश्चात झाड़ू,पोछा,कपड़े,बर्तन आदि,तो हमें उस रूप के लिए भी तैयार रहना चाहिए,जिंदगी प्रैक्टिकल बहुत अलग है,आप जिस दुनिया में जी रहे हो वह अलग दुनिया है,ऊपर-ऊपर हर चीज अच्छी-अच्छी दिखती है,अपने अनुभव से कहती हूं-सब बुड्ढे होंगे,चाहे कोई कितना ही सुंदर हो,कोई कितना भी एनर्जेटिक हो,एक टाइम के बाद उसके शरीर में,चेहरे में परिवर्तन आएंगे जब 40 पर कर जाओगे उसके बाद आपको एहसास होगा कि जिसके साथ हम खुश रह सकते हैं,उसके साथ यह सब मायने ही नहीं करता,मैटर यह करता है कि-क्या आपका व्यवहार अच्छा है? क्योंकि आखिर में तो व्यवहार ही चलेगा,मेरा ये मानना है कि सब चीजें सेकेंडरी है,किसी भी लड़की का,लड़के का अगर पहली प्राथमिकता पर चरित्र अच्छा है तो आप उससे आंख बंद करके शादी कर लो,भरोसा कर लो,उसके साथ आपकी जिंदगी की नैया पार उतर जाएगी,लेकिन अगर बेसिक चीज चरित्र ही खराब है,फिर चाहे पैसा हो,क्योंकि पैसा तो मुस्कान के पति के पास भी था,उसके पेरेंट्स,ससुराल वाले सभी अच्छे घर से थे,पति भी अच्छा था,लेकिन पैसा उनके रिश्ते को ठीक नहीं कर पाया, यहां पर बेसिक चीज( चरित्र )खराब थी,टीनएजर्स को कहना चाहूंगी कि अब अपनी उम्र में अपने चरित्र पर काम करो,और स्वयं को इस लायक बनाओ कि आपको लोग एडमायर करें,रिश्तो में हमेशा खरे और ईमानदार रहो, इसलिए की बाहरी सुंदरता हमारी युवावस्था में हमारा ध्यान आकर्षित कर सकती है,लेकिन यह आंतरिक सुंदरता ही है जो समय बीतने के साथ वास्तव में हमें बनाए रखती है,जब शारीरिक सुंदरता फीकी पड़ जाती है,तो जो लोग हमारे साथ रहते हैं,वे अक्सर हमारे चरित्र और आत्मा को संजोते हैं, वे जो हमारे द्वारा दिए गए और प्राप्त किए गए प्रेम को पहचानते और महत्व देते हैं, अपने हृदय और आत्मा की खुशी के लिए व्यवहार और चरित्र सुंदर बनाएं,इसी में सच्ची सुंदरता निहित है,ये ऐसे संबंधो का निर्माण करता है,जो जीवन भर चलते हैं।



**माया बैरागी ( शिक्षिका, लेखिका )**
**सेलाना, रतलाम, मध्य प्रदेश**

### पावर एंड इंस्ट्रुमेंटेशन (गुजरात) ने किया उदयपुर एयर टर्मिनल पावर सप्लाई के लिए

# रु. 21.41 करोड़ का ईपीसी कॉन्ट्रैक्ट हासिल

विनय उजाला

**मुंबई।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड (NSE - PIGL, BSE - 543912), जो इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टिंग और उपकरण उद्योग के प्रमुख नामों में से एक है, को न्याती इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड से एक महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त हुआ है। यह ऑर्डर रु. 21.41 करोड़ मूल्य का है और इसके तहत राजस्थान के उदयपुर एयर टर्मिनल पर पावर सप्लाई सिस्टम के डिज़ाइन, सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग, कमीशनिंग और क्लाइंट हैंडओवर का कार्य शामिल है।

इस रु. 21.41 करोड़ मूल्य के ऑर्डर में पावर सप्लाई सिस्टम की विस्तृत इंजीनियरिंग और डिज़ाइन, सभी आवश्यक इलेक्ट्रिकल उपकरणों की आपूर्ति, संपूर्ण इंस्टॉलेशन और इंटीग्रेशन प्रक्रिया, कठोर परीक्षण और कमीशनिंग (जिससे यह विमानन मानकों के अनुरूप हो), तथा अंतिम रूप से क्लाइंट को पूरी तरह से तैयार सिस्टम सौंपना शामिल है। यह परियोजना अनुबंध प्राप्ति की तिथि से छह माह के भीतर पूरी कर ली जाएगी।

यह अनुबंध पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो हवाई अड्डों के लिए टर्नकी EPC समाधान प्रदान करने की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि PIGL की उस सिद्ध विशेषज्ञता को और मजबूत करती है, जिसके तहत कंपनी ने हमेशा विमानन क्षेत्र के लिए मिशन-क्रिटिकल पावर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया है — वो भी उच्चतम स्तर की विश्वसनीयता और सुरक्षा मानकों के अनुरूप। इस ऑर्डर के साथ, PIGL ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह भारत भर में ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड दोनों प्रकार की एयरपोर्ट परियोजनाओं के लिए पसंदीदा ईपीसी पार्टनर बनी हुई है। पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री पद्मराज पद्मनाभन पिल्लई ने कहा, उदयपुर एयर टर्मिनल का ऑर्डर प्राप्त करना हमारे एयरपोर्ट ईपीसी पोर्टफोलियो में एक और महत्वपूर्ण पाडाव है। हमारी परियोजना टीम इस महत्वपूर्ण पावर सप्लाई सिस्टम को निर्धारित छह महीने की समयसीमा के भीतर, प्रत्येक चरण में उच्चतम सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमें विश्वास है कि हम निर्धारित समय से पहले ही परिचालन तत्परता प्राप्त कर लेंगे। जैसे-जैसे हम एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज क्षेत्र पर अपना ध्यान बढ़ा रहे हैं, हमें और अधिक एयरपोर्ट और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को सुरक्षित करने की उम्मीद है, जो हमारे गहरे डोमेन विशेषज्ञता और अनुशासित परियोजना प्रबंधन दृष्टिकोण से लाभान्वित होंगे।

### चुनावी घमासान के बीच बोले सीएम स्टालिन

# तमिलनाडु में फिर सरकार बनाएगी डीएमके

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राज्यभर में सियासी में गर्माहट अपने चरम पर है। राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। इसी बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ द्रमुक (डीएमके) पार्टी के प्रमुख एमके स्टालिन ने मंगलवार को विश्वास जताया कि उनकी पार्टी 2026 के विधानसभा चुनावों में एक बार फिर सत्ता में वापसी करेगी। साथ ही उन्होंने विपक्षी गठबंधन अवसरवादी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग अवसरवादी गठबंधन बनाकर बार-बार तमिलनाडु के साथ धोखा कर चुके हैं, वे डीएमके की हार की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन जनता उनके सारे हिसाब-किताब गलत साबित कर देगी।

#### डीएमके के कल्याणकारी योजनाओं पर जोर

डीएमके सरकार के चार साल पूरे होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखे एक पत्र में स्टालिन ने कहा कि पार्टी की कल्याणकारी नीतियों और वादों को निभाने की वजह से जनता फिर से डीएमके को चुनेगी। उन्होंने बताया कि 2021 चुनाव से पहले किए गए 505 वादों में से अधिकतर को पूरा किया जा चुका है और बाकी भी जल्द पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों को जनसभाओं और प्रचार के माध्यम से बताएं।



#### सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर फोकस

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता तक पहुंचने के लिए कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल की अपील की। उन्होंने कहा कि एक घंटे के भाषणों से ज्यादा असर आज 30 सेकंड की वीडियो और रील्स डालती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि ऐसे प्रभावी वीडियो सोशल मीडिया और व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाएं।

#### राजनीतिक धमकियों से नहीं डरती डीएमके

चुनावी घमासान में जारी आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति की भी बात की। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी डीएमके किसी भी राजनीतिक प्रतिशोध के तौर पर विभिन्न एजेंसियों के इस्तेमाल या धमकी से डरने वाली नहीं है क्योंकि यह स्वाभिमान का आंदोलन है। उन्होंने कहा कि यह तमिलनाडु के अधिकारों को वापस दिलाने वाला आंदोलन है, और देश को राह दिखाने वाला भी।

# कर्नाटक के पूर्व मंत्री जनार्दन रेड्डी समेत तीन को सात साल की सजा

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के पूर्व मंत्री गली जनार्दन रेड्डी और तीन अन्य लोगों को एक विशेष अदालत ने सात साल की सजा सुनाई है। यह सजा उन्हें ओबुलापुरम अवैध खनन केस में दी गई है। वहीं कोर्ट का फैसला आते ही सीबीआई की टीम ने जनार्दन रेड्डी और बाकी दोषियों को अपनी हिरासत में ले लिया। यह मामला सालों पुराना है, जिसमें जनार्दन रेड्डी और उनके साथियों पर आरोप था कि उन्होंने नियमों का उल्लंघन कर के गैरकानूनी तरीके से खनन किया और करोड़ों रुपये का नुकसान सरकार को पहुंचाया।

इस केस में जांच एजेंसियों ने बताया कि जनार्दन रेड्डी की कंपनी ने सीमा के बाहर जाकर भी खनन किया और इसके लिए जरूरी अनुमति नहीं ली थी। इससे पर्यावरण को भी भारी नुकसान हुआ। अब कोर्ट ने माना कि पूर्व मंत्री और उनके साथियों ने कानून तोड़ा और इसलिए उन्हें सात साल की कैद और जुर्माना भी भरना होगा।



#### जी. जनार्दन रेड्डी पर क्या है आरोप?

पूर्व मंत्री रेड्डी पर भारत में घोटाला कर उन पैसों का कई देशों में निवेश करने का आरोप है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पांच सितंबर 2011 को रेड्डी और उनके रिश्तेदार बी.वी श्रीनिवास रेड्डी को बेल्लारी से गिरफ्तार किया था। श्रीनिवास रेड्डी ओबलापुरम माइनिंग कंपनी (ओएमसी) के प्रबंध निदेशक थे। इस कंपनी पर खनन पट्टे के सीमांकन को बदलने और बेल्लारी आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध खनन करने का आरोप है।

### जातिगत जनगणना को लेकर खरगे का पीएम मोदी को पत्र

# आरक्षण से 50% की सीमा हटाने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर पत्र लिखा है। पत्र में जाति जनगणना के लिए तेलंगाना मॉडल को अपनाने, आरक्षण के लिए 50 प्रतिशत की सीमा हटाने और निजी शिक्षण संस्थानों में एससी-एसटी-ओबीसी के लिए आरक्षण प्रदान करने वाले अनुच्छेद 15(5) को तुरंत लागू करने का आग्रह किया गया है। पत्र में खरगे ने प्रधानमंत्री से जाति जनगणना के मुद्दे पर जल्द ही सभी राजनीतिक दलों से बातचीत करने का भी आह्वान किया है।**

खरगे ने लिखा कि मैंने 16 अप्रैल 2023 को आपको पत्र लिखकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा जातिगत जनगणना कराने की मांग आपके समक्ष रखी थी। अफसोस की बात है कि मुझे उस पत्र का कोई जवाब नहीं मिला। दुर्भाग्य से उसके बाद आपके पार्टी के नेताओं और स्वयं आपने कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के नेतृत्व पर इस जायज मांग को उठाने के लिए लगातार हमले किए। आज आप स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि यह मांग गहन सामाजिक न्याय और सामाजिक सशक्तिकरण के हित में है। आपने बिना किसी स्पष्ट विवरण के यह घोषणा की है कि अगली जनगणना (जो वास्तव में 2021 में होनी थी) में जाति को भी एक अलग श्रेणी के रूप में शामिल किया जाएगा। इस संबंध में मेरे तीन सुझाव हैं, जिन पर आप कृपया विचार करें।

#### जनगणना से संबंधित प्रश्नावली का डिजाइन बहुत महत्वपूर्ण



उन्होंने लिखा, जनगणना से सम्बंधित प्रश्नावली का डिजाइन बहुत महत्वपूर्ण है। जाति संबंधी जानकारी केवल गिनती के लिए नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक-आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एकत्र की जानी चाहिए। हाल ही में संपन्न तेलंगाना में जातिगत सर्वेक्षण को इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन और कार्यान्वित किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय को जनगणना में इस्तेमाल किए जानेवाले प्रश्नावली और पूछे जाने वाले प्रश्नों के लिए तेलंगाना मॉडल का उपयोग करना चाहिए। प्रक्रिया के अंत में प्रकाशित होने वाली रिपोर्ट में कुछ भी छिपाया नहीं जाना चाहिए, ताकि प्रत्येक जाति के पूर्ण सामाजिक-आर्थिक आंकडे सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हों, जिससे एक जनगणना से दूसरी जनगणना तक उनकी सामाजिक-आर्थिक प्रगति को मापा जा सके और उन्हें संवैधानिक अधिकार दिए जा सकें।

#### आरक्षण पर मनमानी सीमा को हटाया जाए

खरगे ने लिखा, अगस्त 1994 में तमिलनाडु का आरक्षण कानून अधिनियम हमारे संविधान की नवीं सूची में शामिल किया गया था। इसी तरह सभी राज्यों द्वारा पारित आरक्षण संबंधी अधिनियमों को संविधान की नवीं सूची में शामिल किया जाना चाहिए। आरक्षण पर मनमाने ढंग से लगाई गई 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा को संविधान संशोधन के माध्यम से हटाया जाना होगा। खरगे ने लिखा, जाति जनगणना जैसे किसी भी प्रक्रिया को, जो पिछड़ों, वंचितों और हाशिये पर खड़े लोगों को उनके अधिकार दिलाने का माध्यम बनता है, किसी भी रूप में विभाजनकारी नहीं माना जाना चाहिए। हमारा महान राष्ट्र और हमारे विशाल हृदय लोग विपरीत परिस्थितियों में हमेशा एकजुट होकर खड़े हुए हैं।

#### निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण दिया जाए

उन्होंने लिखा, अनुच्छेद 15(5) को भारतीय संविधान में 20 जनवरी 2006 से लागू किया गया था। इसके बाद इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। लंबे विचार-विमर्श के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने 29 जनवरी 2014 को इसे बरकरार रखा। यह फैसला 2014 के लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले आया। यह निजी शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान करता है।

# माकपा नेता ए. राजा को वापस मिली विधायकी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केरल हाईकोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें इडुक्की जिले की देवीकुलम विधानसभा सीट से माकपा नेता का चुनाव रद्द कर दिया गया था। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने हाईकोर्ट के 23 मार्च, 2023 के आदेश के खिलाफ राजा की ओर से दायर अपील को स्वीकार कर लिया। पीठ ने कहा, %हाईकोर्ट के फैसले को खारिज किया जाता है। चुनाव याचिका भी खारिज की जाती है। अपीलकर्ता पूरी अवधि के लिए विधानसभा के सदस्य के रूप में सभी परिणामी लाभों का हकदार है।% शीर्ष अदालत ने पिछले साल 26 सितंबर को राजा की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राजा और कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता वी गिरी और नरेन्द्र हुड्डा की दलीलें सुनीं। शीर्ष अदालत ने केरल हाईकोर्ट के 20 मार्च, 2023 के आदेश के खिलाफ राजा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए आज अपना फैसला सुनाया। राजा ने तर्क दिया था कि वह केरल राज्य के संबंध में हिंदू पारायण समुदाय से हैं और तहसीलदार, देवीकुलम द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र से यह बात साबित होती है। उन्होंने यह भी तर्क दिया था कि रिटर्निंग अधिकारी ने उनके द्वारा दाखिल नामांकन पत्र पर कुमार की आपत्ति को सही तरीके से खारिज कर दिया था।

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को पांच लाख देगी असम सरकार

गुवाहाटी, एजेंसी

असम सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए सभी लोगों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने घोषणा की है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि असम मंत्रिमंडल ने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए सभी 26 लोगों के परिजनों को पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने सोमवार देर रात तक छह घंटे तक कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। इस निर्णय की जानकारी मंगलवार को मीडिया को दी।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि मैंने पहले ही पीड़ित के परिवारों को एक छोटी सी सहायता राशि देने की घोषणा की थी। असम मंत्रिमंडल ने सोमवार रात को सहायता देने की मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि 12 मई के बाद एक-एक कैबिनेट मंत्री प्रत्येक मृतक के परिजनों से मिलेंगे। इसके साथ ही वह मेरी ओर से शोक पत्र के साथ अनुग्रह राशि सौंपेंगे। बता दें कि अनुग्रह राशि 12 मई के बाद इसलिए दी जारी है क्यों की असम में दो चरणों के पंचायत चुनाव हो रहे हैं। चुनाव के नतीजे 11 मई को घोषित किए जाएंगे। 11 मई तक प्रदेश में आचार संहिता लागू रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### उपेंद्र कुशवाहा ने लगाया आरोप : जाति जनगणना रोकने की कोशिश कर रहे दक्षिण भारत के दल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार जातिगत जनगणना कराने की बात कह चुकी है, लेकिन पूर्व केंद्रीय मंत्री और सत्तारूढ़ एनडीए के घटक राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारत के कुछ राजनीतिक दल जातिगत जनगणना को रोकने की कोशिश कर रहे हैं।



राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि दक्षिण भारत के कुछ राज्यों के राजनीतिक दलों को लगता है कि यदि जनगणना की जाएगी, और इसके अनुसार संसद में प्रतिनिधित्व तय किया जाएगा, उनका नुकसान हो सकता है। दक्षिणी भारत के राज्यों ने काफी अच्छा आर्थिक और शैक्षिक विकास किया है। जागरूकता के कारण उनकी जनसंख्या में काफी कम वृद्धि हुई। उनकी तुलना में उत्तर भारत के राज्य पिछड़ गए, लेकिन उनकी आबादी बढ़ती रही। कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारत के राज्यों को लगता है कि आबादी के बढ़ने में असंतुलन के कारण आबादी के अनुसार संसदीय प्रतिनिधित्व होने पर संसद में उनका प्रतिनिधित्व घट सकता है।

कुशवाहा ने कहा कि उनकी मांग है कि इस विरोध को दरकिनार करते हुए केंद्र सरकार को परिसीमन कराने की तरफ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिसीमन होने से सरकार बेहतर नीतिगत निर्णय लेते हुए उनके विकास का खाका तैयार कर सकती है और दलित-पिछड़ी जातियों के विकास का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि जहां तक दक्षिणी भारत के राज्यों का प्रतिनिधित्व न घटे, इस पर अलग से विचार किया जा सकता है लेकिन इसके कारण देश की पिछड़ी-दलित जातियों के विकास का मार्ग नहीं रोका जाना चाहिए।

### पूर्व मंत्री जितेंद्र राय बोले : बिहार में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों की समानांतर सरकार चल रही



**गोपालगंज, एजेंसी।** नीतीश सरकार में अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है। बिहार में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों की समानांतर सरकार चल रही है। उक्त बातें पूर्व मंत्री जितेंद्र कुमार राय ने मंगलवार को राजद द्वारा बरौली विधानसभा अंतर्गत एक मैरेज हॉल में आयोजित सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार में बिहार से लेकर केंद्र तक महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इसलिए 2025 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को बहुमत देकर तेजस्वी प्रसाद यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष रेयाजुल हक राजू ने कहा कि बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर सामाजिक न्याय के मसीहा लालू प्रसाद यादव की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचा कर ही बिहार में महागठबंधन की सरकार बनाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज बिहार के हालात बद से बदतर हो गए हैं, कोई ऐसा दिन नहीं जिस दिन बिहार में सामूहिक बलात्कार, हत्या, अपहरण और लूट की घटनाएं नही होती हैं। सरकार में बैठे लोग अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं।

### सपा विधायक आशु मलिक बोले-

# भाजपा के स्लीपर सेल हैं इमरान मसूद



सहारनपुर, एजेंसी

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद और सहारनपुर देहात से सपा विधायक आशु मलिक के बीच जुबानी जंग बढ़ती जा रही है। मंगलवार को सपा विधायक ने प्रेस कांफ्रेंस कर सांसद को खुली चुनौती दे डाली। कहा कि यदि कोई गलतफहमी है तो सांसद इस्तीफा देकर चुनावी मैदान में आकर दिखाएं। जनता उनका फैसला खुद करेगी। उन्होंने सांसद को भाजपा का स्लीपर सेल भी बताया।

सर्किट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए आशु मलिक कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी स्वयं कह चुके हैं कि उनकी पार्टी के कुछ नेता भाजपा के लिए कार्य कर रहे हैं। सांसद इमरान मसूद पता नहीं किस जांच के दबाव में पीडीए की लड़ाई को कमजोर कर रहे हैं। अगर कोई गलतफहमी है तो सांसद इस्तीफा देकर चुनावी मैदान में आएं, उनके सामने चुनाव लड़ा जाएगा। सांसद के एक वायरल वीडियो पर विधायक बोले कि हमने कभी पहल नहीं की है। सांसद जिस भाषा में बात करेंगे, उसी में जवाब दिया जाएगा।

#### जहां हुआ विकास, वहां सांसद का भी घर

विधायक ने कहा कि महानगर में शामिल 32 आउटर कॉलोनियों में 100 करोड़ रुपये से विकास कार्य हुए हैं। इनमें सांसद का घर भी शामिल है। हमने आउटर की 32 कॉलोनियों की समस्याओं के बारे में विधानसभा में कई बार मुद्दा उठाया है। जिले में कैंसर से करीब 400 लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन स्वास्थ्य जांच शिविर के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही थी। इसलिए हमने विशेषज्ञ डॉक्टरों की मांग की थी। सांसद इमरान इसका श्रेय लेने वहां पहुंच गए थे।

### आंध्र प्रदेश : भाजपा नेता पी वेंकट सत्यनारायण ने जीता राज्यसभा उपचुनाव

**अमरावती, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता पी वेंकट सत्यनारायण ने आंध्र प्रदेश से राज्यसभा उपचुनाव में जीत हासिल की। निर्वाचन अधिकारी आर वनिता रानी ने बताया कि दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था लेकिन उनमें से एक ही मापदंड पर खरा उतरा। जिसके बाद सत्यनारायण को विजयी घोषित कर दिया गया।

निर्वाचन अधिकारी ने एक विज्ञप्ति में कहा, केवल दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया, लेकिन केवल एक ही उपयुक्त पाया गया। इसलिए, केवल एक नामांकन पर विचार किया गया है। परिणामस्वरूप, यह घोषित किया जाता है कि पका वेंकट सत्यनारायण निर्वाचित हुए हैं। सत्यनारायण पश्चिम गोदावरी जिले के भीमावरम से भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं, जिनका आरएसएस से पुराना नाता है। फिलहाल भाजपा प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण कई अन्य भूमिकाओं के अलावा 2014 के चुनावों के लिए आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लिए पार्टी की चुनाव घोषणापत्र मसौदा समिति का भी हिस्सा रहे हैं। वाईएसआरसीपी के पूर्व नेता वी विजयसाई रेड्डी के राज्यसभा से इस्तीफा देने के बाद उच्च सदन में यह सीट रिक्त हुई थी। फलस्वरूप उपचुनाव कराया गया। सत्यनारायण के निर्वाचित होने के साथ ही आंध्र प्रदेश से भाजपा के राज्यसभा सदस्यों की संख्या दो हो जाएगी।

# सबरीमाला मंदिर भगवान अयप्पा के दर्शन करने जाएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मई को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगवान अयप्पा के दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगीं। देश के इतिहास में वह पहली राष्ट्रपति होंगी जो सबरीमाला मंदिर जाएंगीं। मंदिर प्रबंधन संस्था त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने राष्ट्रपति की यात्रा की पुष्टि की। साथ ही इसे देश के इतिहास में गर्व का पल करार दिया। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर एसपीजी और मंदिर प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है।





बताया जाता है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 और 19 मई को केरल की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगीं। 18 मई को वह केरल के कोट्टायम जिले में एक निजी कार्यक्रम में भाग लेंगीं। इसके बाद अगली सुबह 19 मई को सबरीमाला मंदिर के पास बने निलक्कल हेलीपैड पर जाएंगीं। यहां से पंपा बेस कैंप जाएंगीं। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति आम दर्शनार्थियों की तरह पहाड़ी पर चढ़ाई भी कर सकती हैं। हालांकि इसे लेकर एसपीजी सुरक्षा उपायों पर ध्यान दे रही है।

# अखिलेश यादव बोले... मार्केट वैल्यू के हिसाब से किसानों को मिले जमीन का मुआवजा

लखनऊ, एजेंसी

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार मजदूरों के अधिकारों को छीन रही है। कोई सुविधा नहीं दे रही है। उन्हें सुरक्षा नहीं दे रही। किसानों का उत्पीड़न चरमसीमा पर है। मजदूरों का उससे अधिक उत्पीड़न हो रहा है।



जो उन्हें सम्मान व सुविधाएं मिलनी चाहिए। सरकार नहीं दे रही है। बिना मजदूरों के स्वाभिमान व सम्मान को आगे बढ़ाए अर्थव्यवस्था आगे नहीं बढ़ सकती। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की जमीन का मुआवजा मार्केट वैल्यू के अनुसार देना चाहिए। दबाव बनाकर किसी पेपर पर सहमति के हस्ताक्षर नहीं कराने चाहिए। एक बार जब हस्ताक्षर हो जाते हैं तो उनके पास कोई अधिकार नहीं बचता है।

### मुर्शिदाबाद दौरे पर पीड़ितों से मिलीं सीएम ममता ने लगाया आरोप

# बंगाल में लाए जा रहे हैं दंगे फैलाने वाले बाहरी लोग

कोलकाता, एजेंसी

**पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में दंगे भड़काने के लिए बाहरी लोगों को लाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भाजपा और धार्मिक कट्टरपंथियों की बातों में आकर आपस में झगड़ा न करें।**

बता दें कि, ममता बनर्जी मुर्शिदाबाद जिले के दंगा प्रभावित इलाकों के दो दिवसीय दौरे पर हैं। मंगलवार को वे शमशेरगंज पहुंचीं और वहां पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, बाहरी लोग बंगाल में दंगा कराने के लिए लाए जा रहे हैं। उनसे उकसावे में मत आइए, भाजपा या किसी भी धार्मिक उग्रवादी की बात सुनकर आपस में फूट मत डालिए।



सीएम ममता ने इस दौरान वक्फ (संशोधन) कानून को लेकर भी स्थिति साफ करते हुए कहा कि इसे बंगाल में लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, इस कानून को लेकर हिंसा करना गलत है। बंगाल में इसे लागू करने का कोई सवाल ही नहीं है। मैं सबको विश्वास दिलाती हूं कि राज्य सरकार आपकी चिंता समझती है। बता दें कि, अप्रैल के दूसरे सप्ताह में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद के धूलियन, शमशेरगंज और सूती में हिंसा भड़क गई थी। इन दंगों में तीन लोगों की मौत हुई थी, कई लोग घायल भी हुए।

#### पीड़ित परिवारों को मिलेगी हर संभव मदद

मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सरकारी मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा, राज्य सरकार आपके साथ है। जिन लोगों ने हिंसा फैलाई है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। ममता का ये दौरा ऐसे समय में हुआ है जब जिले में तनाव अभी भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।

#### हाई कोर्ट से प्रदर्शन की इजाजत

इसी बीच, कोलकाता हाई कोर्ट ने मंगलवार को मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों के लोगों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति दी। यह प्रदर्शन पिछले महीने हुई हिंसा के खिलाफ होगा। कोर्ट ने कहा कि प्रदर्शन में अधिकतम 200 लोग शामिल होंगे और यह दोपहर 4 बजे तक खत्म करना होगा। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने यह भी आदेश दिया कि प्रदर्शन के दौरान आम लोगों की आवाजाही और ट्रैफिक में कोई रुकावट नहीं होनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों को पश्चिम बंगाल मानवाधिकार आयोग के अधिकारी को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने की इजाजत दी गई है। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने शुरुआत में आयोग के कार्यालय के सामने धरना देने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट के निर्देश के बाद सभी पक्षों की सहमति से इसे सॉल्ट लेक के सेंट्रल पार्क के पास आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रसिद्ध गायिका सुश्री शहनाज अख्तर व संगीतकार प्रतीक श्रीवास्तव ने बाबा महाकाल के दर्शन किए



**उज्जैन, निप्र।** प्रसिद्ध गायिका सुश्री शहनाज अख्तर व संगीतकार प्रतीक श्रीवास्तव ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंची व श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किये। दर्शन पुरोहित रूपम शर्मा व नवनीत शर्मा द्वारा सम्पन्न करवाया गया।

### वक्फ सुधार जन जागरण अभियान

**नागदा जं., निप्र।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पुरे देश में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के अंतर्गत विभिन्न शहरो में लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में प्रदेश में जारी इस अभियान के तहत नागदा नगर में बुधवार दिनांक 7 मई को रांगोली गार्डन परिसर में दोपहर 2 बजे कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य, मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल, संभाग प्रभारी जीतु जिराती, जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान, बडनगर विधायक जितेन्द्र पण्ड्या, घटिया विधायक सतीश मालवीय, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष गब्बर पटेल उपस्थित होकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम द्वारा वक्फ सुधार को लेकर फैल रही भ्रान्तियों को दूर किया जायेगा एवं लोगो को नये वक्फ सुधार कानुन के बारे में विस्तार से समझाया जायेगा। उक्त जानकारी जाकीर खान एवं जाहीद अली ने दी है।

### पानी व्यर्थ बहाने वालों को फूल भेंटकर गांधीगिरी की

**नागदा जं., निप्र।** नगरपालिका द्वारा पानी बचाव के लिए मंगलवार को मिर्ची बाजार स्थित पानी की टंकी परिसर से जनजागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत मिर्ची बाजार, आजाद चौक, महात्मा गांधी मार्ग, जवाहर मार्ग, ब्रदीविशाल मंदिर की गलियां, कसाई मोहल्ले एवं जामा मस्जिद रोड़ पर जागरकता रैली निकाली गई। इस दौरान व्यर्थ पानी बहाने वालों को फूल भेंट किए गए। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, उपाध्यक्ष सुभाषचंद्र शर्मा, बबिता रघुवंशी, विजयसिंह सिसोदिया, विजय पटेल, जाकीर खान गुड्डु, शाकीर मंसुरी, अब्बास खिरोलिया, जाहिद अली, दौलतराम प्रजापत, भवानीसिंह देवड़ा, अमर सोलंकी, सीएमओ प्रेमकुमार सोनी, इंजीनियर नीलेश पंचोली, सृष्टि गुप्ता, एसआई कन्हैयालाल चौहान, कुशल धोलपुरे, टाईम कीपर रईस कुरैशी, निलेश रेवाल, विजय बडगुर्जर सहित जलशाखा के कर्मचारी मौजूद रहे।

### नगर निगम मख्यालय में आज चलाया जाएगा विशेष सफाई अभियान

**उज्जैन, निप्र।** आयुक्त आशीष पाठक के निर्देशानुसार बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान अन्तर्गत प्रातः 08.00 बजे से नगर निगम के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा नगर निगम मुख्यालय की सफाई तथा सम्पूर्ण कैंपस की सफाई, गाजर घास एवं कंटीली झाड़ियों की कटाई के साथ आस पास से अस्थाई अतिक्रमण हटाए जाने का कार्य किया जाएगा।

### महाकाल मंदिर प्रशासक ने किया निरीक्षण



**उज्जैन, निप्र।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में व्यवस्था के संबंध में श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक द्वारा अन्य अधिकारियों के साथ श्री महाकालेश्वर मंदिर के बाहरी एवं आंतरिक क्षेत्र का निरीक्षण किया गया तथा सम्बंधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान प्रशासक श्री कौशिक द्वारा उज्जैन विकास प्राधिकरण व स्मार्ट सिटी उज्जैन के अधिकारियों व मन्दिर के कार्यरत एजेंसियों को मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यो- विद्युत व्यवस्था, सफाई व्यवस्था व सुरक्षा आदि के सम्बंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किये गए। साथ ही मंदिर के बाहरी परिसर में हो रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश प्रदान किये।

लव जिहाद : हिन्दू लड़की का अश्लील वीडियो वायरल

## ग्रामीणों ने आरोपियों का घर-दुकान जलाया भारी पुलिस बल तैनात, 7 आरोपी हिरासत में

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** शहर के समीप स्थित ग्राम बिछड़ोद में एक हिंदू लड़की का अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपियों का घर और दुकान जला दिया। बताया जा रहा है की पूरा मामला हिन्दू लड़की को ब्लेकमेल करने का है। तनाव की स्थिति को देखते हुए उज्जैन से भारी पुलिस फोर्स बिछड़ोद भेजा गया। मामले में पुलिस ने 7 लोगो को हिरासत में लिया है।

पूरा घटनाक्रम एक वीडियो के वायरल होने से होना बताया जा रहा है। ग्राम बिछड़ोद की रहने वाली एक हिंदू लड़की का वीडियो एक मुस्लिम युवक ने बना लिया था। मुस्लिम युवक द्वारा लड़की से रुपयों की मांग की गई लेकिन जब वह पूरी नहीं हुई तो उसने वीडियो गांव के ही एक युवक को भेजा जो उसे बीच चौराहे पर देख रहा था। ग्रामीणों ने दो लड़कों फरमान और एक अन्य को पकड़कर पूछताछ की। उनके मोबाइल चेक किए तो अश्लील फोटो-वीडियो और कुछ कॉल रिकॉर्ड मिले। इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने फरमान को घट्टिया थाना पुलिस के हवाले कर दिया। साथ ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई। इसके साथ ही मंगलवार को बिछड़ोद बंद का आव्हान कर दिया।

घटना की जानकारी हिंदूवादी संगठन को भी लगी। मामले की गंभीरता को देखते एसपी प्रदीप शर्मा सहित एडिशनल एसपी और आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके घर तोड़ने की मांग की गई। इसी दौरान भीड़ ने मुख्य आरोपी फरमान के घर पर आग लगा दी।

# अग्रवाल समाज का प्रतिनिधिमंडल विधायक से मिला

## दस्तावेजों में हेरफेर कर समाज की संपत्ति पर कब्जा करने का आरोप

विनय उजाला



**नागदा जं., निप्र।** अग्रवाल समाज ट्रस्ट नागदा एवं बिरलाग्राम का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार की सुबह विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान से उनके कार्यालय पर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल के नेतृत्व में मिला। अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि 12 जनवरी 1982 को अग्रोहा शिक्षण समिति बनाने के बाद स्कूल का संचालन किया जा रहा था इसके लिए समिति द्वारा ग्राम पाडल्याकलां स्थित भूमि सर्वे नंबर 449/1/37 रकबा 0.0303 हे भूमि जो कृषि भिन्न आशय की होकर उक्त संपत्ति को खरीदी थी। समिति के सदस्यों द्वारा प्राचार्य समिति संचालन हेतु कमल पिता बजरंगलाल शर्मा निवासी जवाहर मार्ग गली नं 1 नागदा को नियुक्त किया था, शर्मा द्वारा समिति के अन्य सदस्यों/समाज के सदस्यों की अज्ञानता व कम पढे लिखे होने का लाभ उठाते हुए समिति की उपरोक्त ग्राम पाडल्याकलां की भूमि सर्वे नंबर 449/1/37 रकबा 0.0303 हे पर अपना नाम प्रशासक के रूप असत्य दस्तावेजो के आधार पर कूटरचना व धोखाधडी कर षडयंत्रपूर्वक दर्ज करवा लिया गया, चूंकि समिति का निरंतर भूमि पर कब्जा चला आ रहा था तथा इस संबंध में समिति के पास उक्त संपत्ति की रजिस्ट्री भी है, कमल शर्मा द्वारा समिति की संपत्ति हड़पने के आशय से व गबन करने एवं समिति/समाज के लोगो के साथ धोखाधडी करते हुए आराजी पर अपना नाम दर्ज करवा लिया है इसमें धर्मेन्द्र गुप्ता व उसके अन्य साथियों द्वारा समिति की संपत्ति पर आये दिन आकर दबाव बनाया जा रहा है कि हम नेतागिरी से लेकर शासन, प्रशासन में दखल रखते है और चुपचाप से संपत्ति खाली कर दो नही तो किसी भी दिन तुम लोगो को मारपीट कर भगा देगें और भूमि पर कब्जा कर लेगें। जबकि उक्त भूमि समिति/समाज की होकर कमल शर्मा का उक्त संपत्ति में कोई हक व हिस्सा नही है ना ही उसका आधिपत्य है ऐसे में कमल शर्मा द्वारा धोखाधडी व जालसाजी पूर्वक संपत्ति के दस्तावेजो में अपना नाम दर्ज करवाया हैं। प्रतिनिधिमंडल में विशाल अग्रवाल, राकेश जिन्दल, दिनेश अग्रवाल, रामचरणचरण अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, दिवांस अग्रवाल, विनेश अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल, मुकेश मोहता, आशुतोष पाटोदिया, ललित गनेरीवाल, दीपक गर्ग, हसंराज अग्रवाल, नरेंद्र पाल, लता अग्रवाल, उर्मिला खेतान आदि मौजूद रहे।

**इनका कहना है..**

मुझे समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा स्कूल व समिति संचालन के लिए प्रशासक नियुक्त किया था, यदि वह चाहते है तो मुझे हटा सकते है। रही बात खसरे में नाम अंकित होने की तो उस समय तहसील कार्यालय से बार बार नोटिस आ रहा था इसलिए मेरा नाम दर्ज हो गया।

**- कमल शर्मा, प्रशासक**

मुझ पर जो आरोप लगाए गए है वह निराधार है समिति का संचालन फर्म एवं रजिस्टर्ड के नियमानुसार किया जा रहा है यदि किसी को आपत्ति है तो वह न्यायालय की शरण में जा सकता है।

**- डीके शर्मा, अध्यक्ष अग्रोहा शिक्षण समिति**

## प्रदेश के मल्लखंब खिलाड़ी पुनः देश में सिरमौर

### मध्य प्रदेश की पुरुष टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** बिहार में 4 से 15 मई तक चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मध्य प्रदेश के पुरुष खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। मध्य प्रदेश टीम की स्वर्णिम उपलब्धि पर प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग एवं सह संचालक बी. एस. यादव ने मोबाइल पर खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों से चर्चा कर उनकी हौसला अफजाई के साथ ही व्यक्तिगत चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

बिहार के गया जिले में 5 मई से प्रारंभ खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मध्य प्रदेश के पुरुष खिलाड़ियों सर्वश्री देवेन्द्र पाटीदार, यतीन कोरी, युवराज घाटगे, नीरज कछावा,जयंत राठौड़ एवं दक्ष कहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 123.60 अंक के साथ स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र टीम ने 122.50 अंक के साथ रजत पदक तथा छत्तीसगढ़ टीम ने 122.05 अंक के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। टीम ने यह उपलब्धि द्रोणाचार्य अवॉर्डी योगेश मालवीय के उत्कृष्ट मार्गदर्शन में प्राप्त की है। इस अवसर पर असिस्टेंट डायरेक्टर खेल एवं युवा कल्याण प्रदीप अस्तेया, विक्रम एवं विश्वामित्र अवॉर्डी डॉ. आशीष मेहता, टीम मैनेजर संतोष राठौड़, प्रशिक्षक चंद्रशेखर चौहान, भारत सिंह बांधेवाल, शिवांश कौशल, श्वेता चौहान एवं राष्ट्रीय अंपायर दर्शनी त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित थी।

मध्यप्रदेश मल्लखंब टीम की गौरवमई उपलब्धि पर खेल मंत्री श्री विश्वास सारंग, खेल संचालक श्री राकेश कुमार गुप्ता, असिस्टेंट डायरेक्टर श्री बी. एस. यादव एवं मध्यप्रदेश मल्लखंब एसोसिएशन के किशोरी शरण श्रीवास्तव ने टीम को शुभकामनाएं दी है। चित्र में मध्य प्रदेश टीम के साथ द्रोणाचार्य अवॉर्डी योगेश मालवीय, विक्रम एवं विश्वामित्र अवॉर्डी डॉ. आशीष मेहता, असिस्टेंट डायरेक्टर प्रदीप अस्थाना एवं टीम मैनेजर संतोष राठौड़।

### आदित्य बिरला स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा



**नागदा जं., निप्र।** बिरलाग्राम स्थित बिरला समूह के शिक्षण संस्थान आदित्य बिरला हायर सेकेंडरी स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। संस्थान के जनसम्पर्क अधिकारी श्री कमल सेठी ने बताया कि कक्षा 12 वीं में वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी साहित्यश्री सेन आत्मज श्री देवेंद्र सेन ने 500 में से 481अंक( 96.20 प्रतिशत )प्राप्त कर प्रदेश की प्रवीण्य सूची में 10 वा स्थान प्राप्त किया है. इसी प्रकार कक्षा दसवीं की छात्रा काव्या अमित जैन ने 500 में से 486 अंक अर्जित कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर ग्रेसिम इकाई के प्रमुख और अध्यक्ष तथा विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख शांतनु कुलकर्णी, मानव संसाधन प्रबंधन प्रमुख सुधीरकुमार सिंह, वित्त प्रमुख गोविन्द काकड़ा, प्राचार्य पंकज सोमानी सहित समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेठी ने बताया कि कि कक्षा 10 के 98प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है।

### तेज आंधी और बारिश के कारण बिजली व्यवस्था चरमराई

## पानी की टंकी की रैलिंग तोड़ते हुए पेड़ विद्युत तारों पर गिरा

### कहीं इंसुरेटर, तो कहीं वी क्रास टूटने, 150 स्थानों पर पेड़ गिरे

विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** तेज आंधी और बारिश के कारण बीती रात्रि में बिजली व्यवस्था गड़बड़ गई, शाम साढ़े 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक हुई बारिश के दौरान बिजलीकर्मियों को कार्य के दौरान चुनौतियों का सामना करना पड़ा। पुरे मामले की मॉनिटरिंग एसडीएम, विद्युत कंपनी के डीई, जेई सहित वरिष्ठ अधिकारी करते रहे। बहरहाल रात्रि लगभग सवा दो बजे बिजली व्यवस्था सामान्य होने के बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

अचानक हुई बारिश और तेज आंधी बिजली व्यवस्था को प्रभावित कर दिया, जिसके कारण उपभोक्ताओं को कटौती का सामना करना पड़ा। विद्युत कंपनी के नवागत डीई अमरेशचंद्र सेठ एवं जेई मेहरबानसिंह सूर्यवंशी ने इसको चुनौती के रुप में लेते हुए पुरी मुस्तैदी के साथ रेस्क्यु में जुटे। विद्युत कंपनी नागदा के स्थायी, आउटसोर्स कर्मचारियों को लगभग 150 से अधिक स्थानों पर कार्य में बारी बारी से लगाया गया। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चेतनपुरा फीडर पर पेड़ गिरने से लोहे का वी क्रास हट गया, स्थानों पर कमजोर लाईन होने से बिजली के तार टूट गए। कुछ स्थानों पर इंसुलेटर खराब हो गए। सबसे बड़ी चुनौती का सामना बंगाली कालोनी पानी की टंकी के समीप करना पड़ा, एक वर्षो पुराना पेड़ विद्युत तारों पर धराशायी हो गई। इसी दौरान पेड़ ने पानी की टंकी के चढ़ाव वाले हिस्से को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, गनीमत रही कि जिस समय तेज आंधी और बारिश हो रही थी उस समय क्षेत्र में आवागमन बंद था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सूत्र बताते है जिस स्थान पर पेड़ गिरा उस जगह क्षेत्रवासियों का जमघट लगा रहता है। मामले में सबसे अचंभित करने वाली बात यह है कि जेई सूर्यवंशी के ससूर शांत हो गए तो वह शहर से बाहर थे इसके बाद भी सूर्यवंशी ने लगातार मोबाईल के माध्यम से मॉनिटरिंग करके शहर की बिजली व्यवस्था को सामान्य किया, जिसमें स्थानीय अधिकारी के रुप में जेई शशिरंजन का भी योगदान रहा। विद्युत कंपनी के स्थानीय अधिकारियों की प्रशासनिक सर्जरी होने पर भी एक बड़ी चुनौती थी क्योंकि जेई दिनेश शर्मा, सौरभ गोस्वामी, डीई निमेश कुमार का स्थानातंरण होने से शहर व ग्रामीण की कमान नए अधिकारियों के हाथों में आ गई है ऐसे में नई अधिकारियों को बिजली के तारों का रोड मेप समझने में कुछ समय लगेगा। बहरहाल बीती रात्रि कटौती का सामान्य करने में टीम वर्क सामने आया।

**इनका कहना है..**

तेज हवा और आंधी के कारण शहर में 150 स्थानों पर पेड़ बिजली के तारों पर गिर गई थी, जिसको हटाने के बाद बिजली प्रदाय व्यवस्था रात्रि सवा दो बजे सामान्य हो गई, इस कार्य में विद्युतकर्मियों का टीम वर्क रहा।

**-अमरेशचंद्र सेठ, डीई-मप्रविविकंपक्षे नागदा**

## लंबित जनसुनवाई शिकायतों को प्रमुखता से लिया जाए : कलेक्टर श्री सिंह

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई करते हुए प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिए।

ग्राम कलेशर तहसील घट्टीया निवासी गजराज सिंह डोडिया ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व की भूमि पर अनावेदक द्वारा बलपूर्वक निर्माण किया जा रहा है व उनके आवागमन का रास्ता अवरुद्ध कर लिया गया है। उनके मना करने पर भी अनावेदक द्वारा उक्त भूखंड पर कब्जा किया जा रहा है। इस पर तहसीलदार घट्टीया को शिकायत की जांच कर उचित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।

ग्राम गिंदवानीया तहसील खाचरोद निवासी कैलाश व बालेश्वर ने आवेदन दिया कि वे वर्षो से ग्राम में निवासरत हैं एवं उनके पास रहने के लिए आवास की सुविधा नहीं है। वह स्वयं के आय से भवन निर्माण करने में सक्षम नहीं है, अतः उन्हें आवास योजना अंतर्गत भवन निर्माण कराया जाए। इस पर जनपद पंचायत खाचरोद को आवेदन की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम डोबरी खेड़ा तहसील तराना निवासी सिद्धू लाल ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व की कृषि भूमि में से कुछ भाग उनके द्वारा अनावेदक को विक्रय किया गया है। अनावेदक द्वारा शेष भूमि के भाग पर भी कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने शेष भूमि की सीमा को चिन्हित कि जाए। इस पर तहसीलदार तराना को आवेदन की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

अंत में कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की जनसुनवाई से संबंधित पूर्व लंबित शिकायतों का निराकरण जल्द से जल्द करें, साथ ही कलेक्टर श्री सिंह द्वारा प्रति सप्ताह पांच जनसुनवाई की समीक्षा की जाएगी एवं आवेदक को फोन लगाकर शिकायत की संतुष्टि के बारे में पूछा जाएगा। संतुष्ट न होने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उक्त जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जयती सिंह एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## बेटिया फिर रही आगे, राज्य की मेरिट सूची में स्थान बनाकर बढ़ाया जिले का मान

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा विगत फरवरी-मार्च 2025 में सम्पन्न हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा का परिणाम 6 मई मंगलवार को मुख्यमंत्री मप्र शासन डॉ मोहन यादव द्वारा घोषित किया गया। उज्जैन जिलें का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम गत् वर्ष 60.00 प्रतिशत था जो इस वर्ष 80.57 प्रतिशत रहा इस प्रकार जिले ने गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 20.57 प्रतिशत अधिक रहा है।

इस वर्ष उज्जैन जिले में शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं में कुल दर्ज 7649 विद्यार्थियों में से 7567 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी है। जिनमें उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या 6027 है। इनमें से प्रथम श्रेणी में 4058 द्वितीय श्रेणी में 1557 तृतीय श्रेणी में 22 उत्तीर्ण हुए है। जिलें द्वारा किए गए अकादमिक प्रयासों को सभी प्राचार्यों एवं शिक्षकों ने क्रियान्वित कर यह उपलब्धि अर्जित की है। यह परीक्षाफल विगत् कई वर्षो का सर्वश्रेष्ठ परीक्षाफल है। कक्षा 10 वी की राज्य मेरिट में उज्जैन के शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर की छात्रा कु. सुहानी प्रजापति पिता उत्तम प्रजापति (497/500) ने चौथा स्थान प्राप्त किया है। वहीं संतमीरा कन्या उ.मा.वि की छात्रा कु. पयोजा पाटिल पिता मनोज पाटिल (492/500)ने नौंवा स्थान, दसवां स्थान कालीदास मांटेसरी उ.मा.वि की छात्रा कु आरूषि चौबे पिता मनस्वी चौबे (491/500) एवं शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर की छात्रा कु आयुषी भटनागर पिता ओमप्रकाश भटनागर (491/500) ने प्राप्त कर जिले को गौरव दिलाया है।

## नेशनल लोक अदालत वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# 25 से अधिक निगम के संसाधन रैली में शामिल हुए

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** शासन निर्देशानुसार नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा 10 मई 2025 शनिवार को समस्त जोन कार्यालय में बकाया संपत्ति कर, जल कर जमा करने हेतु नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु मंगलवार को कोठी महल स्थित जिला न्यायालय परिसर से नगर निगम द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया गया जिसको प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता द्वारा जिला न्यायाधीश संजय कुमार, संजय श्रीवास्तव, विवेक कुमार गुप्ता, सचिव मनोज कुमार भाटी, वरिष्ठ खंड व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती सारिका भाटी, सुश्री अपूर्वा मिश्रा, उपायुक्त श्रीमती आरती खेडेकर, संपत्ति कर प्रभारी अधिकारी सुनील जैन की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

**लोक अदालत की समीक्षा :** राजस्व एवं संपत्ति कर विभाग के प्रभारी रजत मेहता द्वारा मंगलवार को आगामी 10 मई 2025 शनिवार को समस्त जोन कार्यालय में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्रीमती आरती खेडेकर एवं समस्त जोन के सहायक संपत्ति कर अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नेशनल लोक अदालत अंतर्गत बड़े बकायादारों को सूचित करते हुए नोटिस जारी किया जाए। ताकि वह अधिक से अधिक संपत्ति कर जमा करते हुए लोक अदालत में दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर दिया जल संरक्षण का संदेश



**बुरहानपुर, निप्र।** बुरहानपुर जिले की नगर परिषद शाहपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर अभियान में भागीदारी की। रंगोली के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ''जल है तो कल है'', ''जल बचाओ एवं वृक्ष बचाओ'' जागरूकता का संदेश देते हुए रंग-बिरंगे कलर से आकर्षक रंगोलियां बनाई गयी। इस अवसर पर आंगनवाडी सुपरवाईजर बरखा देवी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता छाया गणेरकर, संगीता खांडवेकर, पल्लवी सोनवणे, ज्योती पाटील, कविता आमोदे, अश्विनी सोनवणे, आंगनवाड़ी सहायिका लीला शोकेकर, ज्योती चौधरी, सरला पवार, संजीवनी, सुनिता घेटे ने रंगोली बनाई। नगर परिषद शाहपुर द्वारा आम नागरिकों से जल को अनावश्यक रूप से प्रवाहित नहीं करने, अपने दैनिक जीवन में पानी का उचित उपयोग करने तथा नगर के नागरिकों के भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सोकपीट के माध्यम से वर्षा जल को संचयन करके, जल संग्रहण के लिये जन जागरूकता लायी जा रही है।

### बुरहानपुर जनपद की ग्राम पंचायत ईटारिया में श्रृंखलाबद्ध तरीके से पौण्ड निर्माण कार्य जारी



**बुरहानपुर, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान जल स्त्रोतों एवं जल संरचनाओं के संरक्षण, जीर्णोद्वार के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी सृजित कर रहा है। श्रृंखलाबद्ध तरीके से ग्रामीणजन द्वारा आपसी सहयोग से निर्माण कार्यों में सहभागिता की जा रही है। जनपद पंचायत सीईओ बुरहानपुर श्री भुमरकर ने जानकारी देते हुए बताया कि, ग्राम पंचायत ईटारिया में खेत तालाब निर्माण का कार्य सतत् रूप से जारी है। उन्होंने जानकारी दी कि, नन्नुसिंह नत्थुसिंह के खेत के पास 69005.43 की लागत से एवं राजू नन्नूसिंग के खेत के पास 106749.15 की लागत से खेत तालाब निर्माण कार्य हो रहा है। पौण्ड निर्माण से वर्षा ऋतु में जल का ज्यादा से ज्यादा संग्रहण हो सकेगा तथा भौम जल स्तर में वृद्धि के साथ-साथ जल की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

### चारवी ने पाया प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 8वां स्थान







**हरसूद, निप्र।** मंगलवार को मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें कक्षा 10वीं में सेंट स्टीफन कान्वेंट पब्लिक स्कूल की छात्रा चारवी मोहित शामनाणी ने 500 में से 493 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 8वां स्थान प्राप्त किया। वहीं सेंट स्टीफन कान्वेंट पब्लिक स्कूल की छात्रा मिहिका अतुल ढेरे ने 500 में से 486 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया। अरिहंत पब्लिक स्कूल के श्रवण भागवत लौवंशी ने 500 में से 484 अंक पाकर जिले की मेरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### नेशनल लोक अदालत हेतु प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**बुरहानपुर, निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 10 मई, 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन बुरहानपुर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करेंगे। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत होने वाले प्रकरणों में किसी पक्ष की हार नहीं होती है। पक्षकारों के मध्य मौजूद मनभेद पूरी तरह से खत्म होकर प्रकरणों का अंतिम रूप से निराकरण होता है। व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड श्री प्रेमदीप सांकला ने बताया कि, लोक अदालत में न्यायालय में लंबित समस्त दीवानी, समझौता योग्य, आपराधिक, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना, क्षतिपूर्ति दावा, पारिवारिक प्रकरण, भूमि अधिग्रहण, विद्युत प्रकरण, श्रम एवं रोजगार, बैंक मनी रिकवरी एवं प्रीलिटिगेशन संपत्तिकर बिजली व जल कर सहित सभी राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण सुलह व समझौते के आधार पर किया जाएगा।

## खेतों में नरवाई जलाने पर कृषकों पर की गयी कार्यवाही

# 49 कृषकों पर 2 लाख 25 हजार दो सौ रुपये का लगाया जुर्माना

विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र। पर्यावरण सुरक्षा हेतु नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 अन्तर्गत जिले में गेहूँ एवं अन्य फसलों की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतो में जलाने जाने को लेकर कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार जिले में नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया गया है।**

तहसीलदार पुनासा द्वारा कृषकों को फसल कटाई उपरांत समझाईश दिए जाने के बाद भी नरवाई जलाने संबंधित घटना घटित हुई जिस पर तहसील पुनासा के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में कार्यवाही करते हुए 22 कृषकों पर 102700 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। उन्होंने बताया कि कृषक जोगिन्दर पिता चिंताराम निवासी पुनासा पर 15 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया है, इसी प्रकार कृषक संजय पिता चैतराम, जसवंत निवासी ग्राम फिफरीमाल पर 5-5 हजार एवं सकरिया श्रीचंद निवासी ग्राम फिफरीमाल पर 2500 रूपये का अर्थदंड लगाया है। कृषक लक्ष्मीकांत ग्राम केलवाखुर्द पर 1200 रूपये, कृषक लखण पिता पेमा निवासी ग्राम गुजरखेड़ी पर 2500 रूपये, कृषक वजीत सिंह निवासी ग्राम मोहना पर 2500 रूपये, कृषक रायसिंह निवासी ग्राम मोहना पर 2500 रूपये, कृषक बलीराम पिता छगन निवासी ग्राम मुंडई पर 2500, कृषक सालकराम पिता सेवकराम निवासी ग्राम मोहना पर 1500, कृषक महेंद्र सिंह पिता हिम्मत सिंह निवासी मुंडई पर 2500, कृषक भवर सिंह पिता सरदार सिंह निवासी ग्राम मोहना पर 2500, कृषक लखमेंद्र सिंह पिता देवेंद्र सिंह निवासी ग्राम मोहना पर 2500, कृषक प्यार सिंह पिता मनोहर सिंह निवासी ग्राम हंतिया पर 15000, कृषक मोति कुवंर बाई निवासी ग्राम मुंडई पर 5000, कृषक गमन सिंह पिता हिम्मत सिंह निवासी ग्राम मुंडई पर 5000, कृषक भवंरसिंह पिता हिम्मत सिंह निवासी ग्राम मोहना पर 5000, कृषक रमेश पिता रिच्छू निवासी ग्राम देगांवा पर 2500, कृषक लोकेन्द्र सिंह पिता कुबेर सिंह निवासी ग्राम मुंडई पर 2500, कृषक बलराम सिंह पिता कमेंद्र सिंह निवासी ग्राम मोहना पर 2500, कृषक विश्वपालसिंह पिता शिवपाल सिंह निवासी ग्राम मोहना पर 2500, कृषक पुष्पराज सिंह पिता जयपाल सिंह निवासी ग्राम अटुटखास पर 15000 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया गया है।

इसी प्रकार तहसीलदार मूंदि द्वारा तहसील मुंदी के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में कार्यवाही करते हुए 27 कृषकों पर 122500 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। जिसमें उन्होंने बताया कि कृषक शारदा बाई पति चंपालाल निवासी ग्राम कौड़िया खेड़ा पर 5000, कृषक रमोति बाई पति कैलाश निवासी ग्राम पिपलकोटा पर 15000, कृषक हरेसिंह पिता नत्थु निवासी ग्राम गोराड़िया पर 5000, कृषक रमेश पिता मुकुट सिंह निवासी ग्राम पिपलकोटा पर 5000, कृषक बलीराम पिता कन्हैया निवासी ग्राम दोहद पर 2500, कृषक विपत पिता शंकर निवासी ग्राम गुलगांव रैयत पर 5000, कृषक ललिता बाई पति विश्वनाथ सिंह निवासी ग्राम जामकोटा पर 5000, कृषक रेशम बाई पति जसवंत निवासी ग्राम पिपलकोटा पर 2500, कृषक कैलाश पिता गंगाराम निवासी ग्राम जामकोटा पर 5000, कृषक मोहन पिता जसवंत निवासी ग्राम पिपलकोटा पर 5000, कृषक रामाजी पिता सीताराम निवासी ग्राम पिपलकोटा पर 2500, कृषक सुरेंद्र पिता गंगाराम निवासी ग्राम जामकोटा पर 5000, कृषक सोहनलाल पिता चंपालाल निवासी ग्राम दैत पर 5000, कृषक शारदा पति सुरेंद्र निवासी ग्राम फिफरिया पर 5000, कृषक ठाकुर सिंह पिता रामलाल निवासी ग्राम फिफरिया पर 2500, कृषक चेनसिंह पिता रामलाल निवासी ग्राम फिफरिया पर 5000, कृषक लखन पिता धनाजी निवासी ग्राम गुयड़ा पर 5000, कृषक शिवसिंह पिता मोतेसिंह निवासी ग्राम गुयड़ा पर 2500, कृषक दीपक पिता सुखलाल निवासी ग्राम गुयड़ा पर 5000, कृषक नारायण पिता मांगीलाल निवासी ग्राम गुयड़ा पर 2500, कृषक अरूण पिता सुरेंद्र निवासी ग्राम गुयड़ा पर 2500, कृषक मिश्रीलाल पिता भिकाजी निवासी ग्राम गुयड़ा पर 2500, कृषक अनिल कुमार पिता कड़वाजी निवासी ग्राम देवला रैयत पर 5000, कृषक मानसिंह पिता कड़वाजी निवासी ग्राम केनूद पर 5000, कृषक दीपक पिता श्रीराम निवासी ग्राम केनूद पर 5000, कृषक नानकराम पिता रूखडू निवासी ग्राम केनूद पर 5000 एवं कृषक मंजू पति राजू निवासी ग्राम केनूद पर 2500 रूपये का अर्थदंड लगाया गया है।

## कलेक्टर गुप्ता ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं और निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की शासकीय कार्यालयों से संबंधित समस्याओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्याओं के आवेदन लेकर आए विभिन्न नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी.गौड़ा, अपर कलेक्टर श्री अरविंद चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे।



जनसुनवाई में आवेदक ओंकारनाथ निवासी ग्राम गणेश तलाई ने आवेदन देकर कहा कि मेरी स्वंय की कृषि भूमि पर अन्य व्यक्ति द्वारा कब्जा कर लिया है, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने एस.डी.एम. खण्डवा को जाँच कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में आवेदिका श्रीमती सुशीला बाई निवासी ग्राम रूस्तमपुर द्वारा बताया कि उनकी भूमि पर बेटे द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने तहसीलदार पंधाना को जाँच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में सोनिया ने आवेदन कर उसके पुत्र मनोहर की मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को पात्रता अनुसार लाभ दिलाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्यारीबाई निवासी माता चौक खण्डवा ने शिकायत कर कहा कि सेवा निवृत्ति के एक वर्ष पश्चात भी विभाग द्वारा मासिक पेंशन नहीं मिल रही है जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक जांच कर पेंशन दिलाने के निर्देश दिए।

## जल गंगा संवर्धन अभियान : ग्राम बसाली रै. में खेत पौण्ड निर्माण कार्य जारी



विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार बुरहानपुर जिले के ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां एवं जल संरक्षण हेतु निर्माण कार्य किये जा रहे है। इसी कड़ी में ग्राम बसाली रैयत में खेत पौण्ड निर्माण का कार्य जन सहयोग से किया जा रहा है। खेत पौण्ड निर्माण कार्य में मनरेगा के तहत ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी मिल रहे है।

इससे किसान को एक ओर फसल की सिंचाई के लिए पानी मिलेगा वहीं दूसरी ओर यह भू-जलस्तर बढ़ाने में सहायता प्रदान करेगा।

## जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**बुरहानपुर, निप्र।** संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित रही है। आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागत ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आये नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा करते हुए समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देश दिये। जनसुनवाई में 57 आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई। आयोजित जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर श्री अशोक कुमार जाधव, डिप्टी कलेक्टर श्री राजेश पाटीदार सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## विश्व अस्थमा दिवस जिला चिकित्सालय में हुआ आयोजित

विनय उजाला

**खंडवा, निप्र। विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डीन डॉ. संजय दादू एवं सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल के मार्गदर्शन में किया गया।**

मेडिकल कॉलेज सुपरिंटेंडेंट डॉ. रंजीत बडोले द्वारा बताया कि विश्व अस्थमा दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को अस्थमा के बारे में जागरूक करना, ताकि वे अपनी अपनी सेहत को बेहतर तरीके से समझकर बचाव कर सकें। अस्थमा एक क्रॉनिक (दीर्घकालिक) श्वसन रोग है, जिसमें सांस नली में सूजन और संकुचन के कारण सांस लेने में कठिनाई होती है। यह कई कारणों से हो सकती है जैसे एलर्जी, धूम्रपान, वायु प्रदूषण के कारण सांस लेने में कठिनाईयां खांसी, विशेषकर रात में या सुबह के समय सीने में जकड़न होती है। रोकथाम के लिए धूल, धुआं से बचें और डॉ. द्वारा निर्धारित इन्हेलर और अन्य दवाओं का नियमित उपयोग करें। स्वस्थ जीवनशैली संतुलित आहार और नियमित व्यायाम से अस्थमा के लक्षणों को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।



उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व अस्थमा दिवस की थीम है ''सभी के लिए, साँस द्वारा उपचार सुलभ बनाना'' है। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा डॉ. रोहित देशमुख, डॉ. नरेंद्र रावत इंटर्न, नर्सिंग ऑफिसर नमिता डेविड, रिंकी मुजाल्दे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सफलता की कहानी पक्के मकान का सपना हुआ साकार

विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र।** प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार की एक प्रमुख आवास योजना है जिसका उद्देश्य देश में सभी के लिए आवास उपलब्ध कराना है। यह योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लिए है और इसका लक्ष्य गरीबों और जरूरतमंदों को किफायती आवास प्रदान करना है। इसी क्रम में जनपद पंचायत खालवा के ग्राम सुकवा निवासी श्री रमेश पिता विश्राम अपने परिवार सहित कच्चे एवं टूट- फूटे मकान में निवास करते थे। उनका सपना था की उनका भी पक्का मकान हो, किन्तु आर्थिक परिस्थिति ऐसी नही थी की वह अपना मकान निर्माण करा सकें। मध्यप्रदेश शासन द्वारा जैसे ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) लागू की तो रमेश के लिए एक आशा की किरण जागृत हुई। उन्होंने योजना की अधिक जानकारी के संबंध में ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत कार्यालय खालवा में संपर्क किया एवं आवश्यक औपचारिकता पूरी की गई। जिसके पश्चात योजनान्तर्गत रमेश का आवास प्रकरण स्वीकृत होकर उनका पक्का मकान बन जाने का सपना पूरा हो गया और वह अपने परिवार सहित खुशहाली से उसमें निवास करने लगे श्री रमेश ने बताया कि मैं मजदूरी करता था और कभी सोच भी नहीं सकता था कि इतना सुंदर घर अपने जीवन में बना पाऊंगा, मैं अब अपने पूरे परिवार के साथ अपने घर में अपने आप को सुरक्षित महसूस करता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा जीवन स्तर बदल गया है और मैं अपने परिवार के साथ खुशहाली से जीवन गुजार रहा हूं, इसके लिए मैं सरकार का आभारी हूँ।





## आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत

**बुरहानपुर, निप्र।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद के तहत 4 प्रकरणों में 2,25,000 रूपये (अक्षरी दो लाख पच्चीस हजार रूपये) की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की है। वहीं अन्य प्रकरण में सड़क दुर्घटना योजना के तहत 15 हजार रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की है। उन्होंने यह आर्थिक सहायता राशि मृतक के वैधानिक वारिस को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नेपानगर की अनुशंसा, नायब तहसीलदार वृत्त तुकईथड़ द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर स्वीकृत की है।

## एवीजी लॉजिस्टिक्स को भारतीय रेलवे से लीज पर पार्सल एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन के लिए दीर्घकालिक अनुबंध प्राप्त हुआ

विनय उजाला

**मुंबई। एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (बीएसई - 543910, एनएसई - एवीजी) को भारतीय रेलवे से पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन (PCET) पट्टे पर लेने के लिए 6 साल का दीर्घकालिक अनुबंध प्राप्त हुआ है। यह विशेष ट्रेन अगरतला (त्रिपुरा) / गुवाहाटी (असम) से दिल्ली / लुधियाना (पंजाब) के बीच चलाई जाएगी और अगले 6 वर्षों में प्रति माह 4 फेरे पूरे करेगी, जिससे अनुबंध अवधि में कुल 313 फेरे होंगे।**

इस यात्रा के दौरान शुरुआती 6 महीनों में प्रति फेरा 364 टन माल परिवहन क्षमता की उम्मीद है, जो बाद में बढ़कर प्रति फेरा 484 टन तक हो जाएगी। यह एक्सप्रेस ट्रेन सेवा 2768 किलोमीटर की दूरी 90 घंटों में तय करेगी, जिससे दोनों स्थानों के बीच तेज़ और निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा।

इस सहयोग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री संजय गुप्ता ने कहा, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के साथ इस नए सहयोग का हिस्सा बनकर हमें अत्यंत खुशी हो रही है। यह सहयोग हमारी मालवाहन/पार्सल सेवाओं को बेहतर बनाने की हमारी मज़बूत प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो हमारे सतत विकास लक्ष्यों को भी गति देता है और हमारे राजस्व में हरित (पर्यावरण अनुकूल) लॉजिस्टिक्स की भागीदारी को बढ़ाता है। हमें उम्मीद है कि इस 6 वर्षीय अवधि में हम लगभग रु. 198 करोड़ (प्रति वर्ष लगभग रु. 33 करोड़) का राजस्व अर्जित करेंगे। यह समझौता हमारी वित्तीय स्थिति को मजबूत करेगा और हमें अधिक महत्वाकांक्षी परियोजनाएं शुरू करने की प्रेरणा देगा, जिससे हमारी समग्र वित्तीय प्रदर्शन में सुधार होगा। इस समझौते के अंतर्गत अगरतला से लुधियाना मार्ग पर ट्रेन के संचालन के दौरान कंपनी चाय, बांस, प्लास्टिक ग्रैन्यूल्स, मच्छर-रोधी उत्पाद, एफएमसीजी, हेयर ऑयल आदि उद्योगों को सेवा देगी। साथ ही लुधियाना-दिल्ली-गुवाहाटी-अगरतला मार्ग पर वापसी के दौरान, जो भौगोलिक स्थिति और मौसम की कठिनाइयों के कारण पूर्वोत्तर भारत का सबसे चुनौतीपूर्ण मार्ग है—जहाँ अक्सर सड़कें बंद हो जाती हैं, भूस्खलन होते हैं आदि—वहाँ यह नई ट्रेन एफएमसीजी, साइकिल, होजरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, व्हाइट गुड्स, जूते, उपयोगी वस्तुएँ, कच्चा माल, सैनिटरी आदि क्षेत्रों के उद्योगों को सेवा प्रदान करेगी।

हमें विश्वास है कि यह रणनीतिक कदम और हमारी सेवा में प्रतिबद्धता हमारी कार्यक्षमता, सेवा की विश्वसनीयता और व्यवसाय की समग्र वृद्धि में सकारात्मक बदलाव लाएगी।

## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# मूंगफली तेल तेज

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग (गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द (गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - (प्रति क्विंटल)-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।



**दाल भाव (प्रति क्विंटल)** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार (प्रति 10 किलो)** - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुंबई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### चौधरी बने अध्यक्ष

**धार, निप्र।** विगत धार में भोज सहयोगी संस्था मर्यादित धार के सलाहकार मंडल के चुनाव अभिलेख। जिसमें चुनाव अधिकारी भूदीप कुमार सक्सेना द्वारा धार के अजय चौधरी को निर्विरोध संस्था का अध्यक्ष चुना गया। इसी के साथ उपाध्यक्ष समेत 11 सदस्य मनोनीत भी शामिल हुए। चौधरी के अध्यक्ष चुने जाने पर सुनील तोरया, धर्मेन्द्र जोशी, सुनील कर्नावट, अशोक शास्त्री, संतोष राठौड़, नवीन गर्ग, ऋषि वर्मा, स्वप्निल राहलेकर, डॉक्टर दिलीप पटेल, नीलेश जोशी समेत कई समर्थक नागरिको ने बधाई दी।



### नैन्सी जायसवाल को सुयश

**बाग, निप्र।** नैन्सी जायसवाल पिता विष्णु जायसवाल ने बाग नगर की प्रतिष्ठित संस्थान सिटी कॉन्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल बाग से कक्षा 12 वी बोर्ड परीक्षा में बायलॉजी संकाय से 500 में से 433 अंक प्राप्त कर 86.6 प्रतिशत बनाया है। नैन्सी संस्था में प्रथम स्थान पर रही है। नैन्सी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्कूल संचालक, प्राचार्य सर एस थियानेश्वरन मोदीलियर, अपने शिक्षकगणों और अपने माता पिता विष्णु जायसवाल और सरिता जायसवाल को दिया है। उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन से उनको ये सफलता मिली है। नैन्सी ने बताया कि आगे जाकर वह स्वास्थ सेवा में जाकर डॉक्टर और सर्जन बनकर देश की सेवा करेगी।



### अदिती कटारे को सुयश

**बाग, निप्र।** अदिती कटारे पिता संजीव कटारे ने बाग नगर की प्रतिष्ठित संस्थान सिटी कॉन्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल बाग से कक्षा 10 वी बोर्ड परीक्षा में 500 अंकों में से 464 अंक प्राप्त कर 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। अदिती संस्था में प्रथम स्थान पर रही है। अदिती ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्कूल संचालक श्री विष्णु जायसवाल सर, अपने शिक्षकगणों और अपने माता पिता संजीव कटारे और संगीता कटारे को दिया है। उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन से उनको ये सफलता मिली है। अदिती ने बताया कि आगे जाकर वह भी अपने पिता संजीव कटारे की तरह न्यायाधीश बनकर देश की सेवा करेगी।


आदिती कटारे 10 th 92,8०/०

### मलिक मेवाती ने अपने परिवार, समाज गांव और स्कूल का नाम किया रोशन



**बाग, निप्र।** कक्षा 12 वी बायलॉजी में अपनी स्कूल में सबसे ज्यादा अंक अर्जित किए वही मुस्लिम समाज में सबसे ज्यादा नंबर लाने वाले मलिक मकसुद मेवाती को बाग ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रोहित झवर जी ओर अल्पसंख्यक विभाग मध्य प्रदेश महामंत्री कांग्रेस जाफर खान बाग वार्ड नंबर 04 प्रतिनिधि बाग वकार यूनुस पठान फिरोज मेवाती सानू मेवाती गबा मकरानी शेफान मेंवाती गुड्डु मेवाती राजा मेवाती मेवाती मकसूद मेवाती ओर समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा हार माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मलिक मेवाती के प्रथम आने पर परिवार दोस्तों और समाज के लोगों ने मुबारकबाद दी और आगे भविष्य की उज्जवल कामना की इसी तरह समाज और गांव का नाम रोशन करते रहे।

# जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी तथा अन्य अधिकारियों द्वारा मंगलवार की जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।





### जमीन पर यादव समाज के लोगों द्वारा कब्जा कर लिया

भीकनगांव तहसील के ग्राम शकरखेड़ी की विधवा महिला मांगई बाई ने अपनी समस्या में बताया कि उसकी जमीन पर यादव समाज के लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है और उस पर धर्मशाला बनाई जा रही है। उसके द्वारा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उसके द्वारा पुलिस से भी मदद मांगी गई है, लेकिन कोई मदद नहीं मिली है। प्रकरण में भीकनगांव तहसीलदार को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। कसरावद तहसील के ग्राम पंचायत रणगांव के ग्राम काकरियाव का अशोक पठौते ने अपनी समस्या में बताया कि उसके भाई सुरेश पठौते की 10 जनवरी 2019 को वाहन दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। उसके परिवार का संबल कार्ड बना हुआ है। उसके परिवार को 04 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन श्रम कार्यालय एवं जनपद पंचायत कार्यालय का कई बार चक्कर लगाने के बाद भी अब तक यह राशि प्राप्त नहीं हुई है। प्रकरण में जिला श्रम पदाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

बड़वाह तहसील के ग्राम लौंदी का किशन पिता सौदान भालेराव ने अपनी समस्या में बताया कि उसके ससुर दिनेश गांगले, सास ललिता गांगले एवं साले भारत गांगले के द्वारा उसे 02 लाख रुपये में जमीन बेची गई थी। बाद में पता चला कि वह जमीन सरकारी थी और उस पर उसके सास-ससुर चौकीदारी करते थे। उसके द्वारा सास-ससुर से 02 लाख रुपये वापस मांगने पर उनके द्वारा मारपीट की जा रही है और उनके द्वारा उसकी पत्नी और बच्चों को भी अपने साथ ले जा लिया गया है। सास-ससुर द्वारा पत्नी के सारे गहने गिरवी रख दिये गये हैं और उसके द्वारा खरीदी गई जमीन के सारे कागजात भी अपने पास रख लिये गये हैं। उसे पुलिस में रिपोर्ट भी नहीं करने दे रहे हैं। अंत: उसके ससुराल पक्ष पर कार्यवाही की जाये और उसके 02 लाख रुपये वापस दिलाये जायें। प्रकरण कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक को भेजा गया। कसरावद तहसील के ग्राम कठोरा की कविता बुंदेला ने अपनी समस्या में बताया कि उसका मकान सरदार सरोवर परियोजना के डूब क्षेत्र में है और उसके पास निवास का अन्य कोई साधन नहीं है। अत: उसे अतिशीघ्र मुआवजा राशि दिलायी जाये। प्रकरण में एनव्हीडीए के भू-अर्जन अधिकारी को कार्यवाही करने कहा गया।

भीकनगांव तहसील के ग्राम शकरखेड़ी की विधवा महिला मांगई बाई ने अपनी समस्या में बताया कि उसकी जमीन पर यादव समाज के लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है और उस पर धर्मशाला बनाई जा रही है। उसके द्वारा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उसके द्वारा पुलिस से भी मदद मांगी गई है, लेकिन कोई मदद नहीं मिली है। प्रकरण में भीकनगांव तहसीलदार को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। कसरावद तहसील के ग्राम पंचायत रणगांव के ग्राम काकरियाव का अशोक पठौते ने अपनी समस्या में बताया कि उसके भाई सुरेश पठौते की 10 जनवरी 2019 को वाहन दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। उसके परिवार का संबल कार्ड बना हुआ है। उसके परिवार को 04 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन श्रम कार्यालय एवं जनपद पंचायत कार्यालय का कई बार चक्कर लगाने के बाद भी अब तक यह राशि प्राप्त नहीं हुई है। प्रकरण में जिला श्रम पदाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

जनपद पंचायत भगवानपुरा की ग्राम पंचायत दाबला का किसान गोरेलाल पिता सोमारिया पनी समस्या में बताया कि वह 2021-22 से अपने खेत में कूप निर्माण की स्वीकृति देने की मांग कर रहा है, लेकिन सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक द्वारा उससे झूठ बोला जा रहा है। जिसके कारण उसे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रकरण में जनपद पंचायत भगवानपुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। नवलपुरा बिस्टान निवासी साबीर पठाने अपनी समस्या में बताया कि उसके पिता सत्तार पठान ग्राम पंचायत बलखड़ खुर्द में पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ थे और उनकी शासकीय सेवा के दौरान 27 नवंबर 2018 को मृत्यु हो गई है। लेकिन 06 साल बाद भी उसे अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिली। प्रकरण में जिला पंचायत कार्यालय को आवश्यतक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

भीकनगांव विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अंदड़ का निवासी सुनील यादव ने अपनी समस्या में बताया कि वह बहुत गरीब है और 33 वर्षों से टीनशेड के मकान में रह रहा है। उसके द्वारा ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत में कई बार आवेदन किया गया है, लेकिन उसे अब तक आवास योजना का लाभ नहीं दिलाया गया है। प्रकरण में जनपद पंचायत भीकनगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जनपद पंचायत सेगांव की ग्राम पंचायत गोलवाड़ी की मंजू अंडेलकर ने अपनी समस्या में बताया कि कि वह बहुत गरीब है और लाड़ली बहना योजना की हितग्राही भी है। मजदूरी कर जीवन यापन करने के कारण वह मकान बनाने में सक्षम नहीं है। वह टूटे-फूटे मकान में रहती है और उसका मकान बारिश के दिनो में गिर सकता है। उसकी पंचायत के उससे सम्पन्न परिवारों को इस योजना का लाभ मिल चुका है, लेकिन उसे अब तक इस योजना के लाभ से वंचित रखा गया है। अत: उसे शीघ्र आवास योजना का लाभ दिलाया जाये। प्रकरण में जनपद पंचायत सेगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। भगवानपुरा विकासखण्ड के ग्राम जुनापानी की रंगू बाई ने अपनी समस्या में बताया कि उसके पति दयाराम की 06 मार्च 2020 को स्वास्थ्य खराब होने के कारण मृत्यु हो गई है। उसके द्वारा ग्राम पंचायत हीरापुर के सरपंच एवं सचिव को संबल कार्ड और सभी दस्तावेज सौंप दिये गये हैं, लेकिन 04 साल बाद भी उसे संबल योजना की अंत्येष्टि और अनुग्रह राशि नहीं मिली है। सरपंच सचिव द्वारा कहा जा रहा है कि हमने कागज ऊपर भेज दिया है और वहां से राशि नहीं आ रही है। प्रकरण में जनपद पंचायत भगवानपुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। ग्राम सिपटान निवासी शुभम पिता सेवकराम ने अपनी समस्या में बताया कि शिकायत उसने पन्ना जिले के ग्राम तुर्कीताल निवासी पुष्पा पिता संतलाल कुशवाह से 28 अगस्त 2024 को अंतर्जातीय विवाह किया है। लेकिन सारे दस्तावेज जमा करने के बाद भी उसे अब तक अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना की 02 लाख रुपये की राशि नहीं मिली है। प्रकरण में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# सीएम राइज विद्यालय और कन्या उमावि डही का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा

विनय उजाला

**डही, निप्र।** नगर के सीएम राइज विद्यालय में कक्षा 10वीं-12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। बड़ी संख्या में आदिवासी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

प्राचार्य अरूण कुशवाह ने बताया कि दसवीं में 57 में से 48 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इनमें 27 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। दसवीं का परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत रहा। इसमें ईश्वर पुत्र कमलेश नोरके ने 500 में से 456 अंक प्राप्त कर 91.28 प्रतिशत अंक के साथ संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बारहवीं में 118 में से 84 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। जिसमें 48 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इनमें आसिफा पुत्री इश्ति खान ने संस्था में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं नगर के कन्या उमावि में दसवीं में 82 में से 64 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। इनमें प्रथम श्रेणी 24 छात्राएं उत्तीर्ण हुई।


आशा अग्रवाल


ईश्वर नोरके

आशा अहरवाल 83.80 प्रतिशत अंक के साथ संस्था में प्रथम रही। जबकि बारहवीं में 79 में से 62 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। संस्था का परिणाम 78.48 प्रतिशत रहा। नीतू सोनार सिंह ने 500 में से 400 अंक के साथ 80 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम रही।

# हाई स्कूल में सर्वाधिक अंक सुनीता मंडलोई एवं हायर सेकंडरी स्कूल में मलिक मेव ने अधिक अंक प्राप्त किए



विनय उजाला

**बाग, निप्र।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल हायर सेकंडरी मुख्य परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम आज घोषित किया गया। जिसमे हाई स्कूल का परिणाम 63.63न रहा एवं हायर सेकंडरी का परिणाम 55.86 रहा।

हाई स्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक कुमारी सुनीता प्रेम सिंह मंडलोई ने 78न अंक प्राप्त किए। एवम् हायर सेकंडरी परीक्षा मलिक पिता मकसूद खान ने 89.40नअंक प्राप्त किए। कक्षा 10 में कुल 66 विद्यार्थियों में से 42 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।एवं हायर सेकंडरी परीक्षा में 147में से 81 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। संस्था प्राचार्य ने दोनों विद्यार्थियों को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

विद्यालय के प्राचार्य श्री डी एस बघेल एवं समस्त स्टॉफ ने उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को बधाई एवम् उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# बेमौसम आंधी-तूफान, बारिश से शादी के उड़े टेंट-पंडाल, नगर से गांवों तक रहा ब्लैकआउट

विनय उजाला

**डही, निप्र।** नगर सहित अंचल में सोमवार रात्रि में आंधी-तूफान और तेज बारिश ने जमकर तांडव मचाया। ग्रामीण अंचलों में जारी विवाह सम्मेलनों में लगाए गए टेंट उड़ गए। इससे विवाह समारोह के दौरान अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। अंचल में कई लोगों के घरों के लोहे के पतरे तक उड़ गए। वहीं कई जगह



पेड़ों की बड़ी टहनियां टूटकर रास्तों पर जा गिरी। वहीं नगर से लेकर गांवों तक ब्लैक-आउट रहा। साथ ही मंगलवार को भी शाम साढ़े 4 बजे रिमझिम बारिश हुई। नगर सहित अंचल में सोमवार दिनभर धूप खिली हुई थी। लेकिन देर शाम से रात 10 बजे तक अचानक मौसम में बड़ी तब्दीली आई और अचानक तेज हवाएं चलना शुरू हुई, जो धीरे-धीरे आंधी- तूफान में बदल गईं।

# तेज रफ्तार बस ने बाईक सवार को मारी टक्कर एक मौत दूसरा गंभीर

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** क्षेत्र के सेलानी गांव के पास इंदौर जा रही निजी यात्री ने तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार को टक्कर मारी। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत। बाइक पर सवार दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

**प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर किया गया :** पुलिस के अनुसार मंगलवार की दोपहर को सैलानी के पास इंदौर जा रही निजी यात्री बस ने बाइक सवार को टक्कर मारी। इस हादसे में दिलीप पिता भीम सिंह बामनिया कहार 30 वर्ष श्रीनगर छोटी खरगोन निवासी की मौके पर मौत हो गयी है। बताया जा रहा है अभी हाल ही में दिलीप ने शासकीय नौकरी की परीक्षा पास की थी उसके लिए खरगोन जा रहा था। बाईक पर सवार उसका साथी पीयूष ओम प्रकाश राठौर 27 वर्ष गभीर घायल को इंदौर रेफर किया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।






### युवा संगम में मिला 124 युवाओं को रोजगार

# स्वरोजगार के लिए 350.38 लाख रुपए का ऋण किया वितरित

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** जिला प्रशासन खरगोन के मार्गदर्शन में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय खरगोन में युवा संगम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में निजी कंपनियों द्वारा 124 युवाओं का प्राथमिक रूप से रोजगार के अवसर प्रदान किये गये। युवा संगम में श्री रणजीत सिंह रावत, प्लेसमेंट ऑफिसर पॉलीटेक्निक कॉलेज, श्री शुभम वास्कले एवं सुश्री गायत्री, उद्योग विभाग, श्री राजेश झिल्वे, प्रशिक्षण अधिकारी आईटीआई, श्री राजपाल सिंह, रोजगार कार्यालय खरगोन एवं अन्य विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

माह अप्रैल 2025 में स्वरोजगार योजनान्तर्गत उद्योग विभाग द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम कांति योजना के 16 प्रकरणों में 58.28 लाख रुपये, उद्यानिकी विभाग द्वारा पीएमएफएई के 07 प्रकरणों में 56.99 लाख रुपये, अन्त्यावसायी कार्यालय द्वारा संत रविदास स्वरोजगार योजना के 01 प्रकरण में 8.91 लाख रुपये, पशुपालन विभाग के 377 केसीसी ऋण प्रकरणों में 226.2 लाख रूपये के ऋण युवाओं को व्यवसाय स्थापित करने के लिए वितरित किये गये। इस प्रकार से कुल 350.38 लाख रूपये के ऋण प्रकरण वितरित हुए।

### सट्टे पर बड़वानी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# बड़वानी एसपी के निर्देशन में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की

विनय उजाला

**ओझर ( बड़वानी ), निप्र।** दिनांक 06.05.2025 को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम ओझर यशवंतपुरा क्षेत्र में डेब नदी किनारे एक टापरी में कुछ लोग अवैध रूप से सट्टा गतिविधियों में संलिप्त हैं। सूचना के आधार पर थाना नागलवाड़ी अंतर्गत चौकी ओझर क्षेत्र में बड़वानी पुलिस टीम ने तत्काल दबिश दी। मौके पर सट्टा संचालन करते हुए तीन व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी :**

(01) देवराम पिता नत्थु जावरे, उम्र 45 वर्ष, जाति भोई, निवासी ओझर, थाना नागलवाड़ी

(2) हरसिंग पिता जामसिंग वास्कले, उम्र 50 वर्ष, जाति भिलाला,
निवासी जोगवाड़ा, तहसील सेंगाव, जिला खरगोन

(03) सखाराम पिता नत्थु आमले, उम्र 35 वर्ष, जाति भील, निवासी जुलवानिया, सरकारी अस्पताल के पास



**जप्त सामग्री :** रु. 35,590/- (पैंतीस हजार पाँच सौ नब्बे रुपये) नगद
**सट्टा संचालन में प्रयुक्त उपकरण :** विशेष भूमिका आर. 376 योगेश्वर चौहान,आर.201 राजीव सापलिया,आर.132 जितेन्द्र चौहान,चालक आर. 35 जितेन्द्र कन्नौज की विशेष भूमिका रही है।

उक्त आरोपियों के विरुद्ध सट्टा अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। बड़वानी पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल अपने नजदीकी पुलिस थाना या हेल्पलाइन नंबर पर दें।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस प्रशासन की जनरल परेड



**खरगोन, निप्र।** पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस लाईन खरगोन में जनरल परेड का आयोजन किया गया , जिसमें ए.एस.पी. सिटी भारतीय पुलिस सेवा नरेंद्र रावत , डीएसपी, निरीक्षक के साथ साथ पुलिस लाईन और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पुलिसकर्मी भी शामिल हुए । परेड कमांडर आरआई सौरभ सिंह कुशवाह द्वारा पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना को परेड की सलामी देकर निरीक्षण के लिए आमंत्रित किया गया । परेड मार्चपास्ट के बाद पुलिसकर्मियों के लिए हार्टफुलनेस कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया , जिसमें पुलिसकर्मियों को हार्टफुलनेस ध्यान एवं योग केन्द्र के सदस्यों के द्वारा योग कराया गया

### समर्थन मूल्य पर 527 किसानों से खरीदा गया 31521 क्विंटल गेहूं

**खरगोन, निप्र।** चालू सीजन में किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की नियत अंतिम तिथि 05 मई तक जिले में 527 किसानों से 31 हजार 521 क्विंटल गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री बीएस जमरे ने बताया कि खरगोन जिले में 15 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी प्रारंभ की गई थी। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए खरगोन जिले के 5634 किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए खरगोन जिले में कुल 25 केन्द्र बनाये गये थे। किसानों को गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये के साथ ही 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस भी दिया जा रहा है। इस प्रकार किसानों से 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीदी की गई है।

### नगर पालिका परिषद खरगोन की नवागत सीएमओ कमला कौल ने पदभार ग्रहण किया

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार मुख्य नगरपालिका अधिकारी एम.आर. निगवाल के स्थान पर कमला कौल द्वारा नगर पालिका बड़नगर जिला उज्जैन से नगर पालिका परिषद खरगोन में 06 मई 2025 को पदभार ग्रहण किया है। इस अवसर पर उन्होंने समय सायं 04:00 बजे समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को कार्यालय भवन स्थित बैठक कक्ष में आमंत्रित कर सर्वप्रथम परिचय प्राप्त किया , तत्पश्चात शासन के निर्देशानुसार सौंपे गये कार्यों को नियत समय अवधि में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं अन्य से मैत्रिपूर्ण व्यवहार एवं संवाद किये जाकर उनकी अकांक्षाओं को शत प्रतिशत पूर्ण किये जाने के निर्देश भी दिये गये हैं। साथ ही शासन की महत्वपूर्ण समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गए।

### श्रमिकों के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी




**मंडलेश्वर, निप्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश मंडलेश्वर के निर्देश पर जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने ग्राम गांधीनगर की श्रमिक बस्ती में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रमिकों को संबोधित करते हुए डी एल ओ चंद्रेश मंडलोई ने कहा कि मजदूरों को कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर से ही मजदूरी का भुगतान किया जाना चाहिए। सभी मजदूरों को अपना पंजीयन अवश्य करवाना चाहिए साथ ही संबल योजना का भी रजिस्ट्रेशन करवाना चाहिए। सरकार ने मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मनरेगा जैसी बड़ी महत्वपूर्ण योजना लागू की है। इस योजना से मजदूरों को काम उपलब्ध कराना पंचायतों की जिम्मेदारी है। अगर मजदूर पंचायत में जाकर काम मांगते है तो उनको काम 15 दिन के अंदर काम दिया जाता है।अपने श्रमिकों के सरकार की स्वास्थ्य योजना आयुष्मान की भी जानकारी दी इस योजना में मजदूर किसी भी बीमारी का मुफ्त इलाज करवा सकते है।ग्राम गांधी नगर के समाजसेवी दशरथ यादव ने ग्रामीण श्रमिकों की समस्या से अवगत कराया। इस अवसर पर पी एल वी दुर्गेश राजदीप ने मजदूरों को निशुल्क कानूनी सलाह और कानूनी सहायता योजना की जानकारी दी। शिविर में वेस्ता पटेल, डेढू भाई, लखन चौहान, धनसिंह बोखला, दलसिंह, दिनेश चौहान एवं मीरा बाई सहित मजदूर गण उपस्थित रहे।

# मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आए 42 आवेदन

विनय उजाला




**बड़वानी, निप्र।** संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टरेट सभागृह बड़वानी में जनसुनवाई आयोजित की गई। इसमें संयुक्त कलेक्टर ने जनसुनवाई में आये 42 आवेदको की समस्याओं को सुना एवं उनके शीघ्र निराकरण हेतु मौके पर उपस्थित संबंधित विभागो के अधिकारियो को निर्देशित किया ।

**घर के आसपास की गंदगी को हटवाया जाये :** जनसुनवाई में बोरलाय के ग्राम उटावद के निवासी श्री पवन नागौर ने आवेदन देकर बताया कि उनके घर के पास में रहने वाले पड़ोसी द्वारा गंदे पानी की निकासी का पाईप लगाकर निकासी करने के कारण घर के आसपास गंदगी एवं बदबुदार वातावरण हो गया है। जिससे मच्छर पनप रहे है वहीं बिमारियो के फैलने का भी खतरा बना रहता है। साथ ही घर के आसपास नमी के कारण मकान की नींव को भी हानि पहुंच रही है। उनके द्वारा ग्राम पंचायत, सीएम हेल्पलाईन एवं जनसुनवाई में कई बार शिकायत की गई पर कोई निराकरण नहीं निकलने से समस्या यथावत बनी हुई है। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम बड़वानी को मौके पर स्वयं जाकर समस्या का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया ।

**हिट एण्ड रन की सहायता राशि दिलवाई जाये :** जनसुनवाई में तहसील ठीकरी निवासी श्रीमती शांतिबाई बागुले ने आवेदन देकर बताया कि उनके बड़े बेटे श्री प्रदीप का एक्सीडेंट 9 फरवरी 2024 को सालीकला एबी रोड़ थाना नागलवाड़ी में हो गया था, जिसकी मृत्यु उपचार के दौरान अहमदाबाद हास्पीटल में 1 अप्रैल 2024 को हो गई थी । मेरा बेटा प्रदीप बागुले विवाहित था एवं उसकी पत्नी रानू एवं 4 वर्ष 4 माह का बालक हर्ष बागुले है जो कि उसकी मृत्यु उपरान्त मिलने वाली आर्थिक सहायता के वैधानिक वासि है, लेकिन मेरी बहु ने अपनी मर्जी से अन्यत्रण जगह दूसरा विवाह कर लिया तथा बच्चे को मेरे पास छोड़कर चली गई है। मै वृद्ध हो चुकी हूँ । अत: निवेदन है कि मेरे पुत्र के एक्सीडेन्ट पश्चात मिलने वाली आर्थिक सहायता मुझे प्रदान की जाये। इस पर संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने आवेदन सीएमओ ठीकरी को प्रेषित कर राष्ट्रीय परिवार सहायता एवं डीपीओ माहिला एवं बाल विकास विभाग को प्रेषित कर बाल आर्शिवाद योजना के तहत सहायता देने हेतु निर्देशित किया ।

**कृषि भूमि का सीमांकन किया जाए :** ग्राम कसरावद निवासी श्री जगदीश यादव ने आवेदन देकर बताया कि मेरी कृषि भूमि ग्राम कसरावद में निम्न रकबा 1.944, 0.405, 0.405 दर्ज है। जिसके सीमांकन के लिये 24 फरवरी 2023 को आवेदन दिया था । पर आज तक सीमांकन नहीं हुआ है। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश ने उक्त आवेदन तहसीलदार बड़वानी को प्रेषित कर उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया ।

**ग्राम पंचायत द्वारा कपिलधारा के अंतर्गत कुआ निर्माण की राशि का भुगतान किया जाए :** ग्राम दानोद तहसील राजपुर निवासी श्री हिरमल पिता श्री चिमा ने बताया कि उनकी कृषि भूमि पर कपिलधारा योजनान्तर्गत कूप का निर्माण करवाया गया था। लेकिन ग्राम पंचायत दानोद ने राशि का भुगतान नही किया है। जिससे कुएं का निर्माण अधूरा पड़ा है। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर ने आवेदन को जनपद पंचायत राजपुर के सीईओ को भेजकर जांच उपरांत उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

**पीने के पानी की समस्या का हो निराकरण :** ग्राम पंचायत खेरवानी के ग्रामीणों ने आवेदन देकर बताया कि उनके फल्या में पेयजल की बड़ी समस्या है। उनके ग्राम के ट्यूबवेल सूख चुके है। बच्चे, बूढ़े एवं महिलाएं दिनभर पानी की व्यवस्था में लगे रहते है। अत: पीने के पानी के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाये। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर ने आवेदन को ईई पीएचई को भेजकर उचित व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया।

### संबल योजना का लाभ दिलवाया जाए

सेंधवा तहसील निवासी श्री मुकेश पिता शोभाराम गाडगे ने बताया कि उनके पिताजी की मृत्यु बीमारी के कारण हो गई थी। इसके पश्चात् उन्होने अपनी माताजी के नाम से मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत आवेदन दिया किन्तु अभी राशि प्राप्त नही हुई है। तहसील पाटी के ग्राम कालाखेत निवासी श्री तुलसीराम ने आवेदन देकर बताया कि उनके पुत्र लोकेश की मृत्यु 2 सितम्बर 2020 को नदी में डूबने से हो गई थी। उन्होने शासन से आर्थिक सहायता हेतु संबल योजना के तहत आवेदन दिया परन्तु अभी तक सहायता राशि प्राप्त नही हुई है। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर ने आवेदन को क्रमश : एसडीएम एवं सीएमओ सेंधवा तथा सीईओ जनपद पंचायत पाटी को भेजकर जांच उपरांत उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार ग्राम सजवानीखम निवासी प्रार्थी सुरमाबाई ने आवेदन देकर बताया कि उनके पति श्री कालू का निधन 18 मई 2019 को हुआ था। संबल योजना की राशि 27 सितम्बर 2019 को स्वीकृत हुई थी तथा भौतिक सत्यापन भी हो चुका है। परन्तु अभी तक उन्हे कोई भी आर्थिक लाभ प्राप्त नही हुआ है। अत : उन्हे योजनान्तर्गत मिलने वाली राशि दिलवाई जाये। इस पर जनसुनवाई कर रहे संयुक्त कलेक्टर ने आवेदन को जिला श्रम अधिकारी को प्रेषित कर उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

## सत्यापन अधिकारी 7 से 23 मई तक जनशिक्षा केंद्रों पर ऑनलाइन दर्ज जानकारी का सत्यापन करेंगे,तत्पश्चात लॉटरी में शामिल होंगे

विनय उजाला



**पलसूद, निप्र।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वंचित समूह अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति,वन भूमि के पट्टाधारी परिवार,विमुक्त जाति,निशक्त बच्चे कमजोर वर्ग में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवार के बच्चे,अनाथ,कोविड 19 माता पिता की मृत्यु सहित राज्य शिक्षा केंद्र के सर्कुलर अनुसार पालक 7 मई से आवेदन ऑनलाइन कर सकते है।जनशिक्षक एवं नोडल सत्यापन अधिकारी सुरेशचंद्र राठौड़,अरुणा अजरावनिया ने मीडिया को जानकारी देकर बताया कि ऑनलाइन आवेदन पश्चात एरिया के निकट के जनशिक्षा केंद्र,उमावि कन्या पलसूद, बालक पलसूद,हाइस्कूल में उपला सुरेशचंद्र राठौड़,अरुणा अजरावनिया,इंदरसिंह मेहता,बिहारी रावत,बूदनसिंह कन्नौजे, पवन राठौड़,एलाश डावर द्वारा सात मई से तेईस मई तक मूल दस्तावेजों से आवेदन में दर्ज जानकारी का मिलान कर आरटीई ऐप पर ऑनलाइन सत्यापन करेंगे।प्रथम प्रवेशित कक्षा नर्सरी, केजी वन में आयु की गणना 31 जुलाई 2025 की स्थिति में किया जायेगा।

नर्सरी हेतु न्यूनतम आयु 3 वर्ष एवं अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह,केजी -1 हेतु न्यूनतम आयु 4 वर्ष एवं अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माह की आयु के बच्चे पात्र रहेंगे,सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज का मिलान किया जायेगा राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल एवं जिला शिक्षा केंद्र बड़वानी द्वारा जारी सर्कुलर का पालन कराया जायेगा इस संबंध में प्रभारी बीआरसी नवीन गुप्ता, रामलाल मकवाना, वासुदेव गुप्ता, द्वारा जनशिक्षकों एवं सत्यापन अधिकारियों को मैपिंग प्रक्रिया पुर्ण कर आवश्यक निर्देश प्रदान कर ओरियंटेशन किया गया।

### प्री मानसून ने बढाई परेशानी

## तेज आंधी ने बरपाया कहर खेतो में केला फसले बीछी





विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** कई रैन बसेरो की उडी चद्दरे पुराने पेड हुए जमींदोज, वैवाहिक आयोजनों के उडे टेट घटों बिजली रही गुल सोमवार की शाम से तेज गति से धूल भरी हवाऐ चली इसके बाद बादलों की गर्जना एवं गडगढाहट के बीच कभी तेज तो कभी हल्की बारिश का मौसम देर तक बना रहा है।

नगर सहित क्षेत्र में बदले मौसम की पहली मार आमजन पर भारी पडी है। यहां लोनिवि विभाग के रेस्ट हाउस में लंबे समय से पुराना पेड खडा था। बीचो- बीच से टूट गया। इसके अलावा नगर के आसपास इलाके में कई पेड धराशाई हो गये हैं। माकड़खेड़ा नर्मदा किनारे यहां केला फसलो को भारी नुकसानी पहुची है। किसान रमेश पाटीदार ने बताया खेत में खडी केला फसल प्रभावित हुई है। फसल बीछ गयी है ।किसानों की प्रभावित फसलों का सर्व कर आर्थिक नुकसान आथिर्क दी जाना चाहिए । सायता निवासी करण सिंह पटेल, सरदार सिंह तंवर ने बताया कि केला फसल लगे केले के झाड टूट गये उत्पादन शुरु हो गया है। ऐसे में प्राकृतिक आपदा ने किसानो को आथिर्क नुकसानी पहुंचाई। आथिर्क सहायता दी जाए। बता दे कि फिलहाल वैवाहिक आयोजनों का दौर जारी है । ऐसे में प्री मानसून ने लोगों की बेमौसम परेशानी बढा दी है। घटों रही गांवों में बिजली गुल कही खबे टूटे तो कही विधुत तार ।

### वैदेही सेवा प्रकल्प के सौजन्य से हुआ जानकी नवमीं का आयोजन

## भारतीय संस्कृति ऋषि और कृषि पर आधारित है : पंडित मेहता

विनय उजाला



**मंडलेश्वर, निप्र।** जितेन्द्र वासुरे। नगर के प्राचीन जूना श्रीराम मंदिर में मंगलवार को जानकी नवमी धूमधाम से मनाई गई। श्रीश्री सीताराम सेवा संकल्प संस्थानम के अंतर्गत आने वाले वैदेही सेवा प्रकल्प के बैनर तले जानकी नवमी के अवसर पर पंडित अश्विन मातवणकर और तुषार व्यास के आचार्यत्व में रामचंद्र पाटीदार एवं चैतन्य पटवारी ने सपत्नीक हल एवं भूमि पूजन किया। दोपहर माता जानकी की महाआरती के साथ पूजन संपन्न हुआ। माता जानकी के बाल रूप सज्जित बालिका अभिन्या मोयदे का पूजन भी इस विधि में शामिल रहा। इस अवसर पर पंडित पंकज मेहता ने माता जानकी के महत्व बताए हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ऋषि एवं कृषि प्रधान है। माता जानकी का एक नाम भूमिजा है क्योंकि उनका जन्म भूमि से हुआ था। माता जानकी के जन्म के पूर्व धरती पर भयानक आकाल पड़ा था। राजा जनक द्वारा स्वयं के हल एवं भूमि पूजन पूजन के उपरांत जमीन जोतना शुरू किया था तभी भूमिवसे माता जानकी प्रकट हुई थी। उसके बाद से सकल धरती से आकाल समाप्त हुआ। इसलिए माता जानकी के प्राकट्योत्सव को कृषि आधारित सभी परिवारों को मानना चाहिए। आयोजन का समापन मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं के सहभोज से हुआ।

### माध्यमिक शिक्षा मण्डल के परिणाम घोषित

# मेरिट में आने वाले बच्चों का कलेक्टर भव्या मित्तल ने किया स्वागत

## 12वीं का 77.71 प्रतिशत एवं 10वीं का 79.03 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा

विनय उजाला





**खरगोन, निप्र।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल की कक्षा 10वीं और 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में खरगोन जिले में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आने पर कलेक्टर भव्या मित्तल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार कानूडे और प्रशांत आर्या सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग खरगोन द्वारा सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । कलेक्टर भव्या मित्तल द्वारा प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले खरगोन जिले के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं से भेंट की । उनका फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत कर उन्हें सफलता के लिए बधाई दी गई ।इस अवसर पर उन्होंने मेरिट में आने वाले छात्र-छात्राओं से कहा कि आगे की पढ़ाई में भी इस स्थान का बरकरार रखने के लिए परिश्रम करते रहे और इससे अच्छा स्थान हासिल करने का प्रयास करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, बच्चों के पालक अभिभावक एवं विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार कानुडे ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा 06 मई 2025 कक्षा 10वीं एवं 12वीं का बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 12वीं का खरगोन जिले का परीक्षा परिणाम 77.71 प्रतिशत रहा जो कि संभाग में तीसरा स्थान है। वही कक्षा 12वीं में जीव विज्ञान समूह में दो विद्यार्थियों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। पैराडाइज स्कूल से गांव की कक्षा 12वीं की जीव विज्ञान विषय की छात्रा शांभवी येवले पिता धनंजय येवले ने 500 में से 477 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट ने सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं एक्सीलेंस स्कूल मंडलेश्वर की कक्षा 12वीं की छात्रा अबियली बवाहिर पिता मुर्तुजा बवाहिर ने जीव विज्ञान विषय में 500 में से 476 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार से कक्षा 10वीं का जिले का परीक्षा परिणाम 79.03 प्रतिशत रहा है।




परीक्षा कंट्रोल रूम प्रभारी हबीब बेग मिर्जा ने बताया कि कक्षा 10वीं में प्रियदर्शनी स्कूल खरगोन के जय राठौड़ ने 500 में से 489 स्थान प्राप्त कर जिले की मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा प्रियदर्शनी स्कूल बोरावां के कक्षा 10वीं के छात्र मोहित मंडलोई ने 500 में से 488 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा राजीव गांधी मेमोरियल स्कूल खरगोन की छात्रा सरस्वती सोलंकी ने 500 में से 487 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

जिला शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार कानूडे ने हायर सेकेंडरी कक्षा 12वीं की परीक्षा में विगत तीन वर्ष में तथा हाई स्कूल कक्षा 10वीं में विगत 05 वर्ष में सर्वाधिक परीक्षा परिणाम प्राप्त होने पर तथा विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बधाई दी है। उन्होंने बताया कि असफल विद्यार्थियों को निराश नहीं होना चाहिए। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष से परीक्षा पद्धति में परिवर्तन किया गया है। जिसके तहत जो विद्यार्थी परीक्षा में असफल हुए हैं उन्हें दो बार परीक्षा देने का अवसर और मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग श्रेणी में सना ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान प्राप्त किया

**सोनकच्छ, निप्र।** नगर के शासकीय पांचूबाई बिरमा जी जाट की 12 वीं गणित संकाय की छात्रा सना पिता अब्दुल अजीज ने दिव्यांग श्रेणी में प्रदेश की मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या चंद्रकांता बैस ने बताया कि, सना ने 500 अंक में से 382 अंक हासिल कर स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया है। उधर पूर्व बीआरसी सज्जनसिंह मालवीय ने बताया कि 10 वीं में पीपल्या बक्सू स्कूल का रिजल्ट 89 प्रतिशत रहा है। यहां प्रथम आने वाले विद्यार्थी 39, द्वितीय 18 है।



### अचानक बिजली के खंभे में करंट आने से नंदी की मौत, बारिश के मौसम में सावधानी बरतें



**सोनकच्छ, निप्र।** नगर एवं क्षेत्र में पिछले दो दिनों से तेज आंधी हवा के साथ बारिश हो रही है, जिसके कारण बिजली भी घंटों बंद हो रही है। बारिश में घरों के आगे लगें बिजली के खंभों में अक्सर करंट आने की सम्भावना रहती है जिसके चलते कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। इसी तरह से नगर के वार्ड नंबर 15 महावीर मार्ग सिल्वर बेल्स स्कूल के बाहर लगे बिजली के खंभे में मंगलवार शाम को बारिश बंद होने के बाद खंभे में करंट उतर आया और वही खड़े नदी ( बैल) को करंट लगने से मौत हो गई। बारिश में बिजली के खंभों के आसपास से निकलते समय सावधानी बरतें ।

### नगर पालिका परिषद खरगोन में सुश्री कमला कौल ने संभाला सीएमओ का पदभार

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री एमआर निगवाल के स्थान पर सुश्री कमला कौल द्वारा नगर पालिका बड़नगर जिला उज्जैन से नगर पालिका परिषद खरगोन में 06 मई 2025 को पदभार ग्रहण किया है। इस अवसर पर उन्होंने समय सायं 04:00 बजे समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को कार्यालय भवन स्थित बैठक कक्ष में आमंत्रित कर सर्वप्रथम परिचय प्राप्त कियां तत्पश्चात शासन के निर्देशानुसार सौंपे गये कार्यों को नियत समय अवधि में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं अन्य से मैत्रिपूर्ण व्यवहार एवं संवाद किये जाकर उनकी अकांक्षाओं को शत प्रतिशत पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही शासन की महत्वपूर्ण समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गए।

## इंदौर-बैतूल मार्ग पर कलवार के समीप बड़ा हादसा, 45 यात्री घायल

# दो बसें डंपर से टकराई, ड्राइवर की मौत

विनय उजाला

**कन्नौद, निप्र।** इंदौर- बैतुल मार्ग पर बडा हादसा हो गया। दो यात्री बसे डंपर से टकरा गई। हादसे में 45 यात्री घायल हो गए। चार से पांच यात्रियों की हालत गंभीर हैं। हादसे में चार्टर्ड बस के ड्राइवर की मौत हो गई। उसका शव बस के बाहर लटक गया। हादसे के बाद अफरा तफरी मच गई। यात्रियों की चीख पुकार को सुन अन्य लोग मदद को आगे आए। विधायक आशीष शर्मा भी अस्पताल पहुंचे। इस मार्ग पर डंपरों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। साथ ही बसें भी सवारी के चक्कर में तेज रफ्तार में चलती हैं।




मंगलवार को भी तेज रफ्तार के कारण यात्रियों की जान पर बन आई। हादसे में एक की मौत की सूचना भी हैं।

इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर मंगलवार दोपहर 1 बजे के लगभग कलवार के समीप इंदौर से बैतूल जा रही राहुल बस व



कन्नौद से इंदौर जा रही चार्टर्ड बस तथा डंपर की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें अनेक लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 100, 108 वाहन तथा कन्नौद पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को सिविल अस्पताल कन्नौद पहुंचा गया।

इस भीषण हादसे में राहुल बस के परख्चे उड गए। तीन वाहनों की टक्कर देख राहगीर भी सिहर गए। बस के अंदर से रोने, चिल्लाने की आवाज आ रही थी। घटना की सूचना मिलते ही विधायक आशीष शर्मा भी अस्पताल पहुंचे हैं तथा घायलों के हाल-चाल जाने। हाईवे पर तेज गति के साथ बस चालक अपने अगले स्टैंड से सवारी उठाने के चक्कर में यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ कर चलते हैं जिसके चलते इस प्रकार के हादसे आए दिन हो रहे हैं। साथ ही डंपर भी तेजगति से चलते हैं। वाहनों की गति पर पुलिस, आरटीओ, प्रशासन द्वारा सख्ती दिखाने पर ही प्रभावी रोक लग सकती हैं।

# परिवहन विभाग ने बिना परमिट एवं फिटनेस की बस पर 46 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की

## दो स्कूल बसों को बिना परमिट और बिना वैध दस्तावेजों के संचालित होने पर जब्त कर अभिरक्षा में लिया

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** जिले में परिवहन विभाग द्वारा कलेक?टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार नियम विरूद्ध बिना परमिट तथा बिना पीयूसी प्रमाण-पत्र के संचालित वाहनों के विरूद्ध विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सोमवार को जांच अभियान में परिवहन विभाग के दल द्वारा देवास शहर, भोपाल रोड तथा बरोठा-इन्दौर मार्ग पर वाहनों की सघन जांच की गई। जांच में वाहनों के सभी दस्तावेजों सहित ओव्हरलोडिंग, एचएसआरपी




नम्बर प्लेट, वाहन चालक की वर्दी तथा वाहनों से संबंधित आवश्यक समस्त दस्तावेजों की जांच की गई।

जांच कार्रवाई के दौरान एक यात्री बस बिना परमिट एवं बिना फिटनेस के बारात लेकर जाती हुई पाई गई, जिस पर 46 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त 4 अन्य वाहन बिना पीयूसी प्रमाण-पत्र के संचालित होते पाए जाने पर 20 हजार की चालानी कार्रवाई की गई।

जांच अभियान में दो स्कूल बसें बिना परमिट तथा बिना वैध दस्तावेजों के संचालित होते पाई जाने पर जब्त कर अभिरक्षा में लिया गया।

जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि परिवहन विभाग के दल द्वारा लगातार यात्री एवं मालवाहक वाहनों की जांच की जा रही है, किसी भी दस्तावेज में कमी पाए जाने पर सख्ती के साथ चालानी कार्यवाही एवं जप्ती कार्यवाही की जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा मार्ग पर वाहनों की जांच कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## बूंद-बूंद में छिपा है जीवन का सार



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** बूंद-बूंद में छिपा है जीवन का सार। देवास जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक अभियान जारी रहेगा। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मप्र जन अभियान परिषद टोंकखुर्द के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम विकासखंड टोंकर्खुद के छात्रों द्वारा रविवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय टोंकखुर्द में उपस्थित होकर अपने-अपने गांव में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों को करने एवं जल बचाने का संकल्प लिया। इस दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं मेंटर्स एवं विकासखण्ड समन्वयक उपस्थित थे।

# महारानी चिमनाबाई बाई स्कूल का कक्षा 10वीं का रिजल्ट 78 प्रतिशत रहा

## हाईस्कूल में 97 प्रतिशत के साथ स्कूल में टॉप रही प्रियांशी पाठक




विनय उजाला

**देवास, निप्र।** विद्यालय की प्राचार्य रुचि मिश्रा ने बताया कि आज सुबह 10 बजे से विद्यालय में शिक्षक और छात्राएं रिजल्ट देखने आ गए थे. 167 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई. विद्यालय की होनहार छात्रा प्रियांशी अनिल पाठक ने 97प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया. हायर सेकंडरी का रिजल्ट 62 प्रतिशत रहा जिसमें मुस्कान शिंदे ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया. उपस्थित स्टाफ व छात्राओं ने मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा किया और छात्रा प्रियांशी पाठक और मुस्कान शिंदे का स्वागत विद्यालय परिवार ने हारफूल माला एवं मिठाई खिलाकर किया।

इस अवसर पर संजय जोशी, विनीता शर्मा, दीपाली मिरजकर, वेदना चौधरी, वंदना जोशी, अर्चना डोडवे, दीपक यादव आदि उपस्थित थे।

## ई- ऑफिस प्रणाली में देवास जिला का प्रदेश में 11वां स्थान


# ई-ऑफिस प्रणाली से कार्य गतिशीलता और पारदर्शिता से होंगे, समय की भी होगी बचत

## जिले में ई-ऑफिस प्रणाली से हो रहे हैं शासकीय कार्य

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा सुशासन के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन के समस्त राज्य स्तरीय कार्यालयों के साथ-साथ सभी जिला कलेक्टर कार्यालयों एवं जिला स्तर पर स्थापित समस्त विभागों के जिला कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में जिले के शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में कलेक्टर कार्यालय के साथ-साथ विभिन्न विभागों के 47 जिला कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली पर ऑनबोर्ड किया जा चुका है एवं अन्य जिला कार्यालयों में भी इसको लागू किया जाने की प्रक्रिया चल रही है।

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा शुरू की गई ई-ऑफिस प्रणाली, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग है। इसका उद्देश्य सरकारी कार्यालयों को पारंपरिक कागज-आधारित कार्यालय प्रक्रियाओं से आधुनिक, डिजिटलीकृत और कागज रहित प्रणाली में परिवर्तित करके एक सरल, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी बनना है। ई-ऑफिस प्रणाली से कार्य करने से





कार्य गतिशीलता और पारदर्शिता से होंगे। साथ ही समय की भी बचत होगी। उन्होंने जिले के सभी शासकीय कार्यालय ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही कार्य करें। आगामी दिनों में सभी विभाग इस प्रणाली को पूरी तरह से पालन करें। उन्होंने कहा कि ई- ऑफिस प्रणाली में देवास जिला का प्रदेश में 11वां स्थान पर हैं। इस रैंक में और सुधार करते हुए हमें नंबर वन बनाना है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार खत्री को ई-ऑफिस प्रणाली क्रियान्वयन करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार खत्री ने बताया कि इसी क्रम में समस्त विभागों के समस्त शासकीय सेवको को ई-ऑफिस पर कार्य संचालन का विस्तृत प्रशिक्षण जिला ई-दक्ष केंद्र मंइ दिया जा चुका है। इस प्रशिक्षण में सभी शासकीय सेवकों को ई-ऑफिस प्रणाली में फाइल को बनना, पत्र को पंजी करना, डिजिटली हस्ताक्षर करना, ई-साइन के माध्यम से नस्ती को भेजना, डाक्यूमेंट्स को फाइल के साथ संलग्न करना आदि शामिल है। उक्त प्रशिक्षण जिला ई-दक्ष केंद्र, के मास्टर ट्रेनर आकाश सरमंडल व नवीन जोशी द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

### देवास में पंडित कुमार गंधर्व समारोह 10 और 11 मई को

#### देश के प्रख्यात संगीत कलाकार शिरकत करेंगे




विनय उजाला

**देवास, निप्र।** मल्हार स्मृति मंदिर देवास में पंडित कुमार गंधर्व समारोह 10 और 11 मई को मनाया जाएगा। समारोह 10 मई को सायं 7 बजे से शुरू होगा। इसमें देश के विख्यात संगीत कलाकार शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है।

समारोह के प्रथम दिवस 10 मई को मंजरी आलेगांवकर पुणे द्वारा गायन, राजेन्द्र विश्वरूप ग्वालियर द्वारा सुरबहार, सुखदेव चतुर्वेदी मुम्बई द्वारा ध्रुपद गायन की प्रस्तुति दी जायेगी। दूसरे दिन 11 मई को मधुमिता नकवी भोपाल द्वारा गायन, सत्येन्द्र सिंह सोलंकी भोपाल द्वारा संतूर और रतन मोहन सिंह शर्मा मुंबई द्वारा गायन की प्रस्तुति दी जाएगी।

## कक्षा 10वीं और 12वीं के सभी संकायों का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत, सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए

# सांदीपनि विद्यालय बालगढ़ देवास के विद्यार्थियों ने फिर लहराया परचम

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** सांदीपनि विद्यालय देवास के प्राचार्य देवेंद्र बंसल ने बताया की कक्षा 10वीं तथा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपेक्षानुरूप प्रदर्शन किया है। कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं के सभी संकायों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है।

कक्षा 10वीं के सभी 113 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में दर्ज 134 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 10वीं में पार्वती भगत, रीतेश यादव, शक्ति ठाकुर, लिज़ा बालचंदानी, दर्शिल शास्त्री,कृष्णा




चौधरी, इशिका हाटवा, वीर आदित्य, नेहा कुशवाह, प्रितेश कुमार, रितिका सानप, कृष्णा गुप्ता, खुशबु प्रसाद, अनुष्का शर्मा, सुमित प्रजापत, ऋषिका लोखंडे, प्रतीक दुबे, अनिल गुनाया, जानवी चावड़ा, ऋषभ पटवा, मोहित चौधरी, और प्रियांशी शेरे ने 90त्न से अधिक अंक प्राप्त किये।

कक्षा 12वीं में आर्ट्स मे हर्षिता चौहान, प्रियांशी सिरोलिया, मुस्कान चौधरी गणित संकाय में हर्षिता पाटिल, नमीरा शैख़, परी मोदी, साक्षी विश्वकर्मा कॉमर्स संकाय में राधिका प्रजापति, कल्पना झा, हर्षित चौहान, तथा जीवविज्ञान संकाय में अंशिका भावसार, दिव्या कुरील, आदि ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है। उल्लेखनीय है कि सांदीपनि विद्यालय बालगढ़ में कक्षा 01 से 12 वीं तक कक्षाएं संचालित होती है, यहाँ कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं दोनों बोर्ड परीक्षा का परिणाम भी 100 प्रतिशत रहा है।

### खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025

# मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने मलखंभ में जीता स्वर्ण पदक



विनय उजाला

**भोपाल, (हि.स.)।** बिहार राज्य की राजधानी पटना में आयोजित खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 में मंगलवार को मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए मलखंभ बालक वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं, युग प्रताप सिंह ने 10 मीटर शूटिंग में कांस्य पदक मध्य प्रदेश को झोली में डाला। इस प्रकार मध्य प्रदेश ने अब तक प्रतियोगिता में दो पदक हासिल किए हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 04 से 15 मई तक बिहार में पटना, राजगीर, भागलपुर, नई दिल्ली, गया में हो रहा है, जिसमें मध्य प्रदेश का 176 खिलाड़ी और 53 सपोर्ट स्टॉफ सहित कुल 229 सदस्यीय दल 18 खेलों में प्रतिभागिता कर रहा है। यूथ गेम्स में मंगलवार को हुई मलखंभ की प्रतिगिता में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मध्य प्रदेश ने 123.60 अंकों के साथ यह स्वर्ण पदक जीता, जबकि महाराष्ट्र 122.50 के साथ द्वितीय और छत्तीसगढ़ 122.05 के साथ तृतीय स्थान पर रहा। मध्य प्रदेश की टीम में छह खिलाड़ी-देवेन्द्र पाटीदार, यतिन कोरी, युवराज राव, नीरज काछावा, जयंत राठौर और दक्ष कहार शामिल रहे।

वहीं, मंगलवार को व्यक्तिगत बालक वर्ग 10 मी. पिस्टल शूटिंग में मध्य प्रदेश के युगप्रताप सिंह राठौर ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में राजस्थान के मयंक चौधरी ने स्वर्ण और चंडीगढ़ के धैर्य पराशर ने रजत पदक आर्जित किया। मध्य प्रदेश खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने राज्य खेल मलखंभ के खिलाडियों के इस प्रदर्शन की सराहना की है।

### कोहली ने भारत और आरसीबी की कप्तानी छोड़ने के फैसले पर तोड़ी चुप्पी

# खुश रहने के लिए छोड़ी कप्तानी

नई दिल्ली, एजेंसी

**विराट कोहली ने साल 2021 में भारतीय टीम और फिर बाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तानी छोड़ने के फैसले को लेकर चार साल बाद चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने लगभग एक दशक तक देश का और आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी आरसीबी का नेतृत्व किया।**

हालांकि, 2021 में अचानक से कोहली ने पहले तो भारतीय टी20 टीम की और फिर आरसीबी की कप्तानी छोड़ दी थी। फिर उन्हें वनडे की कप्तानी से भी हटा दिया गया था। कोहली ने कहा कि फॉर्म में नहीं होने की वजह से उनकी बल्लेबाजी पर निगरानी रखी जा रही थी। तब उन्होंने सोचा कि अब बहुत हो गया और उन्होंने जिंदगी में खुश रहने के लिए आखिर में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। कुछ महीने बाद ही कोहली ने दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद टेस्ट की कप्तानी भी छोड़ दी थी।

## खेल में बने रहने के लिए खुश रहना जरूरी

कोहली ने 2022 में क्रिकेट से एक महीने का ब्रेक लिया था और उस दौरान उन्होंने बिल्कुल बल्ला नहीं छुआ था। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में एक समय ऐसा भी आया था जब वह निजी जीवन में खुश रहने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने कहा, इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ दी क्योंकि मुझे लगा अगर मुझे इस खेल में बने रहना है तो उसके लिए मेरा खुश रहना जरूरी है। उन्होंने कहा, मुझे अपने जीवन में एक ऐसी जगह की जरूरत थी जहां मैं सहज होकर रह सकूं और अपना क्रिकेट खेल सकूं। बिना किसी आलोचना के, बिना यह देखे कि आप इस सत्र में क्या करने जा रहे हैं और आगे क्या होने वाला है मैं अपना ध्यान पूरी तरह क्रिकेट पर लगा सकूं।




### कभी कप्तानी तो कभी बल्लेबाजी में संघर्ष कर रहा था

कोहली ने कहा, एक समय ऐसा आया जब कप्तानी मेरे लिए बहुत मुश्किल हो गया था। तब मेरे करियर में काफी कुछ घटित हो रहा था। मैं सात-आठ साल से भारत की कप्तानी कर रहा था। मैंने नौ साल तक आरसीबी की कप्तानी की। मैं जो भी मैच खेलता उसमें बल्लेबाजी में मुझसे काफी उम्मीद की जाती थी। मुझे तब इस बात का एहसास नहीं था कि मैं किसी भी काम में ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहा हूं। अगर कप्तानी में संघर्ष नहीं कर रहा होता था तो बल्लेबाजी में संघर्ष कर रहा होता था। मैं हर समय इसके बारे में सोचता था। यह मेरे लिए काफी मुश्किल हो गया था और आखिर में यह मुझ पर बहुत अधिक हावी हो गया था। कोहली ने कहा कि वह अपने करियर में एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गए थे जहां लगातार ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो गया था। उन्होंने ये बातें आरसीबी बोल्ड डायरीज पॉडकास्ट में मयंती लैंगर से बातचीत करते हुए कही हैं। इसी कड़ी में उन्होंने पॉडकास्ट में अपनी कप्तानी को लेकर खुलकर बातचीत की।

### अंडर-19 विश्व कप के बाद धोनी-कर्स्टन ने की मदद

भारत को अंडर-19 विश्व कप में खिताबी जीत दिलाने से किसी को सीनियर टीम में आसानी से एंट्री नहीं मिलती है और न ही इसकी कोई गारंटी है। हालांकि, कोहली को अंडर-19 विश्व कप 2008 जीतने के तुरंत बाद ही भारतीय टीम में ब्रेक मिला था। उन्होंने कहा कि यह उनका दृढ़ संकल्प और तत्कालीन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और कोच गैरी कर्स्टन का समर्थन था, जिसने उन्हें टीम में नंबर तीन स्थान सुरक्षित करने में मदद की।

### IPL आज के मैच

कोलकाता नाइट राइडर्स VS चेन्नई सुपर किंग्स

स्थान : कोलकाता | समय : शाम 07:30 बजे से

# 'करो या मरो' के फेर में फंसी केकेआर

### क्या जख्मी सीएसके करेगी बंटाधार?

कोलकाता, एजेंसी




कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच बुधवार को कोलकाता में होने वाले आईपीएल 2025 मैच में ईडन गार्डन्स महेंद्र सिंह धोनी की पीली जर्सी के रंग में रंग सकता है। जो संभवत: इस ऐतिहासिक मैदान पर आखिरी बार खेलेंगे। पांच बार की चैंपियन चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है लेकिन धोनी का जलवा अभी पहले की तरह बरकरार है और केवल उनकी उपस्थिति से ही नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान पीले रंग में रंग सकता है।

कोलकाता ऐसा शहर है जिससे धोनी के करीब भी संबंध रहे हैं। उनकी ससुराल पक्ष के लोग इसी शहर में रहते हैं और उन्होंने जूनियर क्रिकेट में अपना अधिकतर समय इसी शहर में बिताया है। ऐसे में बुधवार का दिन इस 43 वर्षीय खिलाड़ी और उनके प्रशंसकों के लिए भावनात्मक हो सकता है। ईडन गार्डन्स धोनी की कई उपलब्धियों का गवाह भी रहा है जिनमें प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहला शतक और टेस्ट क्रिकेट में दो शतक भी शामिल हैं।

## हेटमायर आयरलैंड-इंग्लैंड के खिलाफ वनडे टीम से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल में खेल रहे शिमरोन हेटमायर को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर वनडे सीरीज लिए वेस्टइंडीज टीम में जगह नहीं मिली है।
हेटमायर की जगह 15 सदस्यीय स्क्वॉड में ज्वेल एंड्रयू को टीम में शामिल किया गया है। हेटमायर दिसंबर में बांग्लादेश दौरे पर 3-0 से वनडे सीरीज जीतने वाली टीम के सदस्य नहीं थे।
शाई होप करेंगे कप्तानी वनडे सीरीज के लिए घोषित हुई वेस्टइंडीज टीम में शाई होप कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में फिटनेस की वजह से टीम से बाहर रहने वाले शोमार जोसेफ और मैथ्यू फोर्डे की वनडे सीरीज में वापसी हुई है। इसके अलावा आमिर जंगू को भी इस वनडे सीरीज के लिए स्क्वॉड में शामिल किया गया है।

### महिला वनडे त्रिकोणीय शृंखला

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा भारत

नई दिल्ली (हि.स.)

कोलंबो में चल रही महिला त्रिकोणीय सीरीज में भारतीय टीम बुधवार को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। भारत की नजर जहां फाइनल में जगह पक्की करने पर होगी, वहीं टीम पिछली हार का बदला लेने के इरादे से भी मैदान में उतरेगी।

भारत ने अब तक तीन मुकाबलों में चार अंक हासिल किए हैं और नेट रनरेट (+0.433) के आधार पर श्रीलंका (+-0.166) से आगे है। दक्षिण अफ्रीका अभी तक एक भी मुकाबला नहीं जीत सकी है।

### बल्लेबाजी में प्रतिभा रावल चमकीं, गेंदबाज़ी में स्नेह का जलवा

भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात ओपनर प्रतिभा रावल की शानदार फॉर्म रही है। उन्होंने अब तक 163 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। वहीं गेंदबाज़ी में स्नेह राणा ने तीन मैचों में 11 विकेट झटके हैं और 4.25 की इकॉनमी से गेंदबाज़ी की है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने करियर का पहला पांच विकेट हॉल भी लिया था। श्रीलंका के खिलाफ पिछले मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन कमजोर रहा।




### दक्षिण अफ्रीका की हालत नाज़ुक, गर्मी भी बन रही चुनौती

दक्षिण अफ्रीका की टीम पिछले 9 वनडे में से 8 हार चुकी है और इस सीरीज में भी दोनों मुकाबले हार चुकी है। बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी दोनों विभागों में टीम संघर्ष कर रही है। साथ ही श्रीलंका की गर्म और उमस भरी स्थिति ने भी खिलाड़ियों को परेशान किया है। भारत के खिलाफ मैच में ताजमिन ब्रिट्स को मैदान छोड़ना पड़ा, वहीं अगले मुकाबले में विकेटकीपर कराबो मेसो भी हीट स्ट्रोक के कारण बाहर हो गईं।

## व्यापार

### एसबीआई रिपोर्ट में दावा...

# डॉलर के मुकाबले 85 से 87 रुपए बनी रहेगी रुपए की कीमत

नई दिल्ली, एजेंसी

**साल 2025 में अमेरिकी डॉलर (यूएसडी) के मुकाबले भारतीय रुपया 85 से 87 रुपये के बीच स्थिर रह सकता है। कई ऐसे वैश्विक और घरेलू कारक रुपये को मजबूती देने में मदद कर सकते हैं और आने वाले महीनों में डॉलर/रुपया विनिमय दर को स्थिर बनाए रख सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक हालिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।**



रिपोर्ट में कहा गया, हम उम्मीद करते हैं कि डॉलर/रुपया की विनिमय दर 2025 में 85-87 रुपये के बीच स्थिर रहेगी। टैरिफ का घरेलू स्तर पर असर डॉलर पर पड़ेगा, जिससे रुपये को समर्थन मिलेगा। इसमें आगे कहा गया, डीएक्सवाई इंडेक्स के गिरने की संभावना है, क्योंकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर टैरिफ का असर दिखने लगेगा। डीवाईएक्स इंडेक्स अमेरिकी डॉलर को अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले मापता है। डॉलर के कमजोर होने से भारत जैसे उभरते बाजारों की मुद्राओं को लाभ होगा।

इसमें यह भी बताया गया कि नॉन-डिलीवेरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) बाजार में मई 2026 में एक डॉलर की कीमत करीब 85.87 से 86 रुपये हो सकती है। इसका मतलब है कि आने वाले समय में डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में ज्यादा बदलाव नहीं आएगा।

### अमेरिका में मार्च में घट गई महंगाई दर

अमेरिका के हालिया आर्थिक हालात पर बात करते हुए रिपोर्ट में बताया गया कि मार्च 2025 में अमेरिका में सालाना महंगाई दर घटकर 2.4 फीसदी हो गई। वहीं, अप्रैल में गैर-कृषि क्षेत्र में 1.77 लाख नई नौकरियां पैदा हुईं और बेरोजगारी दर 4.2 फीसदी पर स्थिर रही।


### ब्याज दरों को स्थिर रख सकता है फेडरल रिजर्व

हालांकि, रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई कि टैरिफ का पूरा असर अभी अमेरिका में महंगाई पर नहीं दिखा है। आने वाले महीनों में महंगाई के आंकड़े बढ़ सकते हैं, खासकर अगर लोगों की महंगाई को लेकर उम्मीदें बढ़ जाती हैं। एसबीआई का मानना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व अपनी अगली दो मौद्रिक बैठकों में ब्याज दरों को स्थिर रख सकता है। एसबीआई ने कहा, फेडरल रिजर्व के हालिया बयानों से यह साफ संकेत मिलता है कि दरें फिलहाल स्थिर रहेंगी।

# पूरे दिन उतार-चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

नई दिल्ली(हि.स.)

पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरकर लाल निशान में पहुंच गए। हालांकि दोपहर 12 बजे के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार को सपोर्ट देने की कोशिश भी की। इसके बावजूद शेयर बाजार की स्थिति में अधिक सुधार नहीं हो सका। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.19 प्रतिशत और निफ्टी 0.33 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।



आज दिनभर के कारोबार के दौरान रियल्टी, पीएसयू बैंक और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह ऑयल एंड गैस, फार्मास्यूटिकल, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी का जोर बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.33 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

### 2028 में देश हासिल कर लेगा बड़ा मुकाम

# जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के नवीनतम विश्व आर्थिक आउटलुक के अप्रैल 2025 के संस्करण के अनुसार, भारत इसी साल जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी 4,187.017 बिलियन डॉलर रहने की उम्मीद है, जो जापान के संभावित जीडीपी से थोड़ी अधिक है। इस वित्त वर्ष में जापान की अनुमानित जीडीपी 4,186.431 बिलियन डॉलर रहने का अनुमान लगाया है। अब भारत से आगे सिर्फ अमेरिका, चीन और जर्मनी है।

**2028 में पहुंच सकती है तीसरे स्थान पर...** 2024 तक भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, लेकिन 2025 में यह एक पायदान ऊपर चढ़ जाएगा। खास बात यह है कि आने वाले सालों में भारत की रफ्तार और तेज होगी। आईएमएफ के मुताबिक, 2028 तक भारत जर्मनी को भी पछाड़ देगा और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उस समय भारत की जीडीपी करीब 5,584.476 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जबकि जर्मनी की जीडीपी 5,251.928 अरब डॉलर होगी।



### 2027 में पांच ट्रिलियन डॉलर होगी अर्थव्यवस्था

आईएमएफ की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत 2027 में पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उस साल भारत की जीडीपी लगभग 5,069.47 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। दुनिया में फिलहाल अमेरिका और चीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं और आईएमएफ के अनुसार, यह स्थिति इस दशक के अंत तक बनी रहेगी।

# फिर एक लाख के करीब पहुंचा सोना

नई दिल्ली, एजेंसी

देश-दुनिया में तमाम उठापटक के बीच आज सोने के दामों जबरदस्त उछाल देखने को मिली है। जिसकी वजह से सोने की कीमत फिर से एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पास पहुंच गया है। सोमवार को सोने की कीमत 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम थी



वहीं आज ये 2400 रुपये महंगा होकर 99,750 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी मंगलवार को 2,400 रुपये बढ़कर 99,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पिछले सत्र में इसका दाम 96,900 रुपये था।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से नए टैक्स लगाने की घोषणा के बाद निवेशकों का रुझान फिर से सोने की ओर बढ़ा है। ट्रंप ने विदेशों से आने वाली दवाओं और फिल्मों पर भारी शुल्क लगाने की बात कही है।

# वॉल स्ट्रीट में तेजी थमने के बाद एशियाई शेयर बाजार में बढ़त

बैंकॉक, एजेंसी

वॉल स्ट्रीट में लगातार नौ दिन से जारी तेजी का सिलसिला मंगलवार को थम गया। इसके बाद भी एशियाई बाजार में बढ़त रही। अमेरिकी शेयर वायदा में गिरावट आई। वहीं तेल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी हुई। वहीं बाजार में ट्रंप के टैरिफ को लेकर अनिश्चितता बरकरार है। एशिया में चीन के बाजार में तेजी दिखी। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.7प्रतिशत बढ़कर 3,302.83 पर पहुंच गया, जबकि हॉन्गकॉन्ग का हैंग सेंग 0.4प्रतिशत बढ़कर 22,599.32 पर पहुंच गया।

### आयकर विधेयक 2025 पर हुई चर्चा

# राष्ट्रीय कर सम्मेलन में सरल कर कानूनों की मांग

कोलकाता (हि.स.)

**पुणे में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कर सम्मेलन में विशेषज्ञों ने कर कानूनों को सरल और आम जनता के लिए सुगम बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का आयोजन ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी) समेत कई कर (टैक्स) संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।**



एआईएफटीपी के पूर्व अध्यक्ष नारायण जैन ने सम्मेलन के दौरान कहा कि करदाताओं के बेहतर अनुपालन के लिए मौजूदा कानूनों को सरल बनाना आवश्यक है। उन्होंने डॉ. गिरीश आहूजा के साथ आयकर विधेयक 2025 पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता की। इस दौरान बताया गया कि नया विधेयक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की मूल भावना को बनाए रखते हुए अनावश्यक प्रावधानों को हटाकर, धाराओं को फिर से क्रमबद्ध करता है। इससे करदाताओं के लिए समझना आसान होगा। उद्घाटन सत्र में एआईएफटीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कर पेशेवरों का स्वागत करते हुए संगठन की उपलब्धियों और कार्यक्षेत्र की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संगठन के 11 हजार से अधिक सदस्य हैं और यह देशभर में कर शिक्षा और जागरूकता के लिए लगातार काम कर रहा है।

सम्मेलन में जीएसटी, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था, भारतीय न्याय संहिता से जुड़े प्रावधानों, आईएमआई आदि विषयों पर भी चर्चा हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### कुदवा रेंज में हुई घटना के बाद बाघ को किया रेस्क्यू



**भोपाल, निप्र।** वन विभाग द्वारा दक्षिण बालाघाट वन मण्डल के अंतर्गत कटंगी के कुदवा रेंज में विगत दिनों बाघ के हमले से दुर्भाग्यवश एक व्यक्ति की मृत्यु हुई थी। इसके बाद वन विभाग द्वारा वन क्षेत्र को सुरक्षित करते हुए पशु चिकित्सकों एवं स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर बाघ को रेस्क्यू कर लिया गया। बाघ को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण' की गाइड-लाइन के अनुरूप जाँच और निगरानी में रखा गया। वन्य-जीव और मानव के बीच बढ़ते संघर्ष हमारे लिये एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। मानव सुरक्षा एवं वन्य-जीव संरक्षण के लिये वन विभाग पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। वन विभाग द्वारा पीड़ित परिवार को सहायता और मुआवजा राशि दी गयी है। वन विभाग ने इस संवेदनशील 2 दिवसीय रेस्क्यू ऑपरेशन में स्थानीय समुदाय के सहयोग के लिये भी आभार माना है।

### मध्य प्रदेश में दो रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ सांची दूध, आज रात 12 बजे से लागू होंगे नए दाम

**भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश सहकारी दुग्ध संघ ने उपभोक्ताओं को बढ़ा झटका देते हुए सांची दूध के दाम बढ़ा दिए हैं। एक लीटर दूध के दाम में दो रुपये का इजाफा किया गया है, जबकि आधा लीटर के पैकेट पर एक रुपये की बढ़ोतरी की गई। दुग्ध संघ ने मंगलवार को नई रेट लिस्ट जारी कर दी है। नई दरें आज रात 12 बजे से लागू हो जाएंगी। इससे पहले सांची ने पिछले साल जुलाई में अपने उत्पादों के दाम बढ़ाए थे। करीब 10 महीने के बाद फिर से दूध के रेट में बढ़ोतरी की गई है। हालांकि, सांची डीटीएम 160 एमएल टोंड मिल्क एवं परिवार 200 मिमी पैक दूध के रेट में बढ़ोतरी नहीं की गई है। इस संबंध में सांची प्रबंधन का कहना है कि दूध उत्पादन की लागत में बढ़ोतरी और कच्चे माल की महंगाई के कारण यह फैसला लिया गया है। इस फैसले का सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा। दुग्ध संघ द्वारा जारी नई दरों के अनुसार, फुल क्रीम गोल्ड (आधा लीटर) पहले 33 का था, जो अब 34 रुपये में मिलेगा, जबकि फुल क्रीम गोल्ड (एक लीटर) की कीमत 65 रुपये से बढ़कर अब 67 रुपये हो गई है। स्टैंडर्ड दूध शक्ति (आधा लीटर) की कीमत 30 की जगह 31 रुपये और टोण्ड दूध ताजा (आधा लीटर) की कीमत 27 रुपये से बढ़कर 28 रुपये हो गई है। वहीं, डबल टोंड दूध स्मार्ट (आधा लीटर) अब 25 रुपये जगह 26 रुपये और चाय दूध (एक लीटर) अब 58 रुपये की जगह 60 रुपये में मिलेगा।

### भोपाल के बाद उज्जैन में भी सामूहिक लव जिहाद का प्रकरण सामने आया, सात आरोपित हिरासत में लिए गए

**भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश में एक के बाद एक लव जिहाद के प्रकरण सामने आ रहे हैं। भोपाल में टीआईटी कॉलेज प्रकरण के सामने आने के बाद अभी इसकी जांच पूरी भी नहीं हो पाई कि उज्जैन से इसी प्रकार का मामला सामने आया है, जिसमें 12 से अधिक मुस्लिम युवकों ने कई हिन्दू लड़कियों को नाम बदलकर अपने प्यार में फंसाया और उनके आपत्तजिनक वीडियो बनाए। इसके बाद उनसे ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू कर दिया इस संबंध में उज्जैन एसपी का कहना है कि मामले में अब तक सात आरोपित हिरासत में लिए गए हैं। यह बहुत संवेदनशील मामला है। इसकी गहन जांच की जा रही है। दरअसल यह पूरा मामला उज्जैन जिले के घट्टिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कई गांवों में प्रकाश में आया है। जिसमें लव जिहाद के तहत कई हिन्दू बालिग-नाबालिग लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाया गया और ये पूरा कार्य एक संगठित गिरोह बनाकर किया गया। आरोपितों ने न सिर्फ इन लड़कियों से अपना शौक पूरा किया बल्कि इनसे जब चाहे तब मोटी रकम भी हासिल की। दूसरी ओर ये लड़कियां परिवार, समाज और अपनी इज्जत के डर से इनकी तमाम प्रताड़नाओं को सहने के बाद भी चुप बनी हुई हैं। मामले का राज्य बाल आयोग ने प्रमुखता से संज्ञान में ले लिया है।

### महिला पॉलीटेक्निक में स्वास्थ्य शिविर में किशोरियों को दी गई स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी

**भोपाल, (हि.स.)।** किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मंगलवार को भोपाल के शिवाजी नगर स्थित महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय एवं सबका सहारा सोशल वेलफेयर सोसाइटी एवं भोपाल ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा आयोजित इस शिविर में किशोरवय स्वास्थ्य पर जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. पुष्पा देवी, डॉ. आकांक्षा यादव, नर्सिंग ऑफिसर अदिति कुशवाहा, जार्जिना मंडलोई, मल्टीटास्क वर्कर दीपक चौहान आदि।

# अपराधों पर नियंत्रण के लिए सख्त एक्शन लें पुलिस अधिकारी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सामान्य अपराधों और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के मामलों में सख्त एक्शन लिया जाए। जो पुलिस अधिकारी प्रभावी कार्रवाई नहीं करेंगे, वे अधिकारी मैदान में नहीं दिखेंगे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा केंद्रों पर विशेष सावधानी की आवश्यकता है। स्कूल और कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शिक्षण केंद्र स्तर पर अराजक तत्वों को रोकने की पुख्ता कार्रवाई के लिये नजदीकी थाने में तत्काल सूचना दें। छेड़खानी करने वाले युवकों को शिक्षण केंद्र के स्तर पर भी बिल्कुल नहीं बख्शा जाएं। पुलिस द्वारा ऐसे दर्ज मामलों और निरीक्षण के उपरांत सख्त कार्रवाई की जाए। सायबर अपराधों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एक्शन लिया जाए।

### मुख्यमंत्री ने दिए बैठक में निर्देश



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश के पुलिस अधीक्षकों को भी निर्देश दिए और की जा रही कार्रवाई का नियमित प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा जिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में इलेक्शन गतिविधियों के नियंत्रण संबंधी जानकारी भी प्राप्त की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नए आपराधिक कानून के संबंध में क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण से संबंधित प्रेजेंटेशन दिया।

पुलिस का प्रशासनिक अमला और थानों का स्टॉफ संवेदनशील होकर नागरिकों के हित में और सुदृढ़ कानून व्यवस्था के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति, नक्सल गतिविधियों के नियंत्रण, पुलिस द्वारा सुशासन क्षेत्र के प्रयास और नए कानूनों के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा कर निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### अन्य निर्देश

- प्रदेश में विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर छात्राओं और सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध घटित करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो। इस बारे में कोई रियायत न बरती जाए।
- प्रदेश में एक समेकित अभियान संचालित कर छात्राओं और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाया जाए। इस संबंध में नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए।
- नए कानून के क्रियान्वयन के प्रति गंभीर रहें।
- प्रदेश में न्याय श्रुति सॉफ्टवेयर के माध्यम से थानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था को सशक्त बनाया जाए।
- देवास जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट, विधि विज्ञान रिपोर्ट और ई-अभियोजन के कार्य में लगभग 20 हजार मानव घंटे की बचत का कार्य सराहनीय है। अन्य जिले भी इस मॉडल पर कार्य करें।

## मध्य प्रदेश के 30 जिलों में आज भी रहेगा आंधी-बारिश का दौर, 16 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट

### बारिश की वजह से अधिकांश शहरों में दिन के तापमान में आयी गिरावट

**भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बारिश, आंधी और ओले गिरने की गतिविधियां जारी है। सोमवार को रूक-रूक कर तेज बारिश का सिलसिला रात तक जारी रहा। बारिश होने से तपती गर्मी से जहां राहत मिली है, वहीं कई जिलों में आंधी-तूफान के कारण पेड़ गिरने से यातायात बाधित रहा। कई जगह बिजली गुल रही तो कहीं जलभराव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। आज मंगलवार को भी आंधी और तूफान का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक 16 जिलों में ओले गिरेंगे। वहीं 30 जिलों में जमकर बारिश होगी।



मौसम विभाग के अनुसार, मध्य प्रदेश के ग्वालियर समेत 16 जिलों में आज मंगलवार को ओले गिरने का अलर्ट है। वहीं, भोपाल, इंदौर, जबलपुर-उज्जैन समेत 30 से ज्यादा जिलों में आंधी-बारिश का दौर बना रहेगा। कुछ जिलों में हवा की रफ्तार 60 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है। इंदौर, भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, देवास, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, कटनी, सतना, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर में गरज-चमक, बारिश और आंधी चल सकती है। जबकि ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, मैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा में ओले गिर सकते हैं।

मौसम विभाग का कहना है कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ की वजह से पूरे प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। सोमवार को कई जिलों में आंधी, ओले-बारिश का दौर बना रहा। वहीं, मंगलवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। 9 मई तक आंधी, बारिश का अलर्ट है। इससे पहले सोमवार को भोपाल समेत कई जिलों में बारिश-आंधी का दौर रहा। शाजापुर, नीमच, सीहोर में ओले गिरे जबकि गुना में आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि शादी का टेंट तक उड़ गया। भोपाल में भी धूलभरी आंधी चली। ग्वालियर, मंदसौर, रायसेन, विदिशा, रतलाम, भिंड, छतरपुर, मऊगंज, पन्ना, खरगोन समेत कई जिलों में बारिश हुई। अशोकनगर में टावर गिर गया।

## मंत्री टेटवाल ने संत शिरोमणि ग्लोबल स्किल पार्क में बालिका छात्रावास का किया लोकार्पण

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल की उपस्थिति में संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क एवं राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल (हृझुझझझक्र) के मध्य एमओयू हुआ। यह एमओयू तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण और शोध के क्षेत्र में आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

इस अवसर पर आयोजित टीम बिल्डिंग वर्कशॉप में जुलाई 2024 बैच के 104 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। इस वर्कशॉप का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जीवन की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना था। मंत्री श्री टेटवाल ने वर्कशॉप में प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

ग्लोबल स्किल पार्क के सीईओ श्री गिरीश शर्मा ने जानकारी दी कि इस समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान फैकल्टी एवं शोधार्थियों के आदान-प्रदान, बहु-विषयक संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम, पाठ्यक्रम डिज़ाइन, छात्रों की इंटर्नशिप एवं प्रशिक्षण, उभरती तकनीकों पर आधारित कौशल विकास कार्यक्रम, तकनीक और अधोसंरचना का साझा उपयोग, तथा इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी एवं शिक्षा विषयों पर कार्यशालाओं एवं सम्मेलनों का आयोजन करेंगे।

इसके साथ ही संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क, भोपाल द्वारा इंडिया एंटरप्राइज आर्किटेक्चर (ढ्ढस्त्रश्च) पर अनुसंधान के लिये पीएचडी फेलोशिप एवं अनुदान भी दिया जाएगा। इससे शोध कार्यों को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होगी।

मंत्री श्री टेटवाल ने बताया कि संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क एशिया का एकमात्र संस्थान है, जहाँ विद्यार्थियों को सिंगापुर से प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा अत्याधुनिक लैब्स में 20 से अधिक ट्रेड्स में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्थान की नाम मात्र फीस में उच्च गुणवत्ता का कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है। यहाँ से प्रशिक्षित युवा न केवल देश में, बल्कि विदेशों में भी कार्यरत हैं। पार्क से प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों का 100 प्रतिशत कैंपस सिलेक्शन होना इसकी गुणवत्ता और विश्वसनीयता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का संकल्प है कि मध्यप्रदेश के युवाओं को आधुनिक ट्रेड्स में विश्व स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए। ताकि प्रत्येक युवा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में सहभागी बनें। ग्लोबल स्किल पार्क इसी संकल्प की सशक्त अभिव्यक्ति है, जो युवाओं को आधुनिक तकनीकों, उद्योगों की मांगों के अनुसार कौशल तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रहा है।

### जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं, जनसुनवाई में 110 आवेदन प्राप्त हुए

**भोपाल, निप्र।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह की निर्देशन में मंगलवार को एडीएम श्री भूपेंद्र गोयल, श्री अंकुर मेश्राम एवं अन्य अधिकारियों ने जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 110 आवेदन प्राप्त हुए। एडीएम श्री गोयल, श्री मेश्राम ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया।

## स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और कौशल विकास का आपसी समन्वय जरूरी

### रोजगार उन्मुखी शिक्षा और कौशल विकास की वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और कौशल विकास पर आपसी समन्वय होना आवश्यक है। यदि शिक्षा को उद्यमिता आधारित बनाया जायेगा, तो राज्य अपने संसाधनों का पूर्ण रूप से उपयोग कर सकेगा। यह विचार मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में विषय-विशेषज्ञों ने नीति संवाद श्रृंखला-2025 में व्यक्त किये।**

सत्र के प्रारंभ में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार श्री रघुराज एम.आर. ने बताया कि बदलते दौर में मशीनों का बहुत प्रयोग हो रहा है। इससे मानव संसाधन का उपयोग सीमित हुआ है। इन सबको देखते हुए हमें नये-नये व्यावसायिक पाठ्यक्रम तैयार करने होंगे। उन्होंने बताया कि आज की आवश्यकता को देखते हुए वेतन और मजदूरी का निर्धारण जरूरी है। यह हमारी सामाजिक सुरक्षा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सचिव तकनीकी शिक्षा ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में नये सेक्टर लगातार आ रहे हैं। उनकी आवश्यकता के अनुसार मानव संसाधन के प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

सत्र में सलाहकार एआईजीजीपीए डॉ. आर. कोष्टा ने बताया कि प्रदेश में सीखो-कमाओ'' योजना के अच्छे परिणाम आये हैं। भोपाल के ग्लोबल स्किल पार्क में कई टेक्निकल कोर्स चल रहे हैं। इनके माध्यम से युवाओं को देशभर में रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। आईआईटी इंदौर की प्रोफेसर प्रीति शर्मा ने बताया कि आने वाला समय सर्विस सेक्टर का है। यहाँ रोजगार की ज्यादा संभावनाएँ बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कोर्स में समय के अनुसार लगातार बदलाव की आवश्यकता है। इसके लिये विषय-विशेषज्ञों के बीच संवाद जरूरी है। डीन स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी डॉ. अनुराग कुलश्रेष्ठ ने बताया कि ऐसे कोर्स लोकप्रिय हो रहे हैं, जहाँ 70 प्रतिशत प्रेक्टिकल और 30 प्रतिशत थ्योरी पोर्शन हैं।

सत्र का संचालन भारतीय वन प्रबंध संस्थान भोपाल की वरिष्ठ उच्च शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. पारुल ऋषि ने किया। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर पढ़ाई को रोजगार से जोड़कर देखा जा सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि कोर्स में बदलाव के लिये हमेशा तैयारी रखी जाये। सत्र में विशेषज्ञों की राय थी कि तकनीकी शिक्षा के जरिये विकसित मध्यप्रदेश की कल्पना को साकार करने के लिये कार्य-योजना तैयार की जाये।

MASTERS SUMMIT'25
INDORE'S BIGGEST STUDENT LED INITIATIVE

About Us

MASTERS SUMMIT is a student-led conference established by a 17-year-old high school student, Devansh Pathak. It has rapidly gained popularity among students. In its last two editions, MASTERS SUMMIT has accommodated by 800 students, introducing them to Model United Nations (MUN) and debate culture. As the first private conference organized entirely by a team of high school students, it has proven to be successful owing to the determination and diligence of its hardworking team. Their vision is to make this initiative the largest student-led effort in India, guided by the motto:
"FOR THE STUDENTS, BY THE STUDENTS."





JOIN US

CONTACT US
Our Mail : masterssummitofficial@gmail.com
Our Instagram Handle : @masterssummit

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा *, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.